राष्ट्रीय दैनिक अख़बार
दैनिक शुभ भास्कर
भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे
संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 174 • नई दिल्ली, रविवार 01 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 राघोपुर प्रखंड के सभी सेविका-सहायिका ने अपने ...

नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में आरोपी को मिली जमानत

वाराणसी। दैनिक शुभ भास्कर

विशेष (पक्सो एक्ट) अनुतोष कुमार शर्मा की अदालत ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में कज्जाकपुरा रेलवे पुल के पास निवासी आरोपी आकाश ठठेरा को एक-एक लाख रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मनीष राय, अजीत कुमार वर्मा व दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने पाक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार आदमपुर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट वादिनी के द्वारा इस अभिकथन के साथ दर्ज करायी गयी है कि प्रार्थिनी थाना आदमपुर, जिला-वाराणसी की स्थायी निवासिनी है। प्रार्थिनी के पुत्री को राजू निवासी कज्जाकपुरा रेलवे पुल के पास चन्दन मेडिकल के बगल में रहने वाला आकाश ने प्रार्थिनी की 16 वर्सीय नाबालिग पुत्री को 20 जून 2023 को रात्रि 2 बजे बहला फुसलाकर भगा ले गया व राजू ने प्रार्थिनी की दूसरी नाबालिग पुत्री उम्र 17 वर्ष को 21 जून 2023 को भोर में लगभग 4 बजे बहला फुसला कर भगा ले गया। प्रार्थिनी ने राजू के घर इसकी सूचना दी तो राजू की मां बोली कि तुम दोबारा मेरे घर मत आना तुम मेरा कुछ नही कर पाओगी। दोनो व्यक्ति राजू व आकाश में घनिष्ठ मित्र है। ये दोनो आये दिन मिलकर ट्रेनों में चोरी भी करते है। पीड़िता की उम्र का संबंध है, इस संबंध में प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र में पीड़िता की जन्मतिथि 5 जुलाई 2009 अंकित है जिसके अनुसार गणना करने पर पीडिता घटना की तिथि पर नाबालिग पायी जाती है। जहां तक अपराध का संबंध है, इस संबंध में धारा 161 द०प्र०सं० के बयान में पीड़िता ने कथन किया है कि- "मेरी उम्र 14 वर्ष है। मैं आकाश से प्यार करती हूं और उसी के साथ शादी करना चाहती हूं लेकिन मेरे घर वाले शादी करने को तैयार नही है। 20 जून 2023 को रात में आकाश मुझसे शादी करने के लिये मेरे घर से मुझे भगा ले गया फिर हम लोग अपने घर वालो से छिपकर इधर-उधर रहते थे और स्टेशन पर सो जाते थे जब हमारा पैसा खत्म हुआ तो हम दोनो अपने घर आ रहे थे, तभी काशी स्टेशन के पास पुलिस वालो ने हम लोगों को पकड़ लिया।" धारा 164 द०प्र०सं० के बयान में पीड़िता ने यह कथन किया है कि- "मेरी उम्र 14 वर्ष है मैं 8th कक्षा तक पढ़ी हूं मै अपने घर से 20 जून 2023 को आकाश नाम के लड़के के साथ चली गयी थी। मेरे मम्मी पापा आकाश से मेरी शादी कराना चाहते थे इसलिये मैं आकाश के साथ घर छोड़कर चली गयी थी। मैं आकाश के अलावा किसी और से शादी नहीं करूंगी। हम दोनो कलकत्ता चले गये। हम दोनो वहां स्टेशन पर रहते थे। हम दोनों 15-16 दिन तक स्टेशन पर ही रहे। हम दोनो के बीच कोई संबंध नहीं बने थे। हम दोनो स्टेशन पर ही सोते थे जब 15-16 दिन के बाद हम घर वापस आ रहे थे तो पुलिस ने हमे काशी स्टेशन के पास पकड़ लिया मैं अपनी मर्जी से आकाश के साथ गयी थी मैं आकाश से प्यार करती हूं और उसी के साथ शादी करूंगी।

संक्षिप्त समाचार

POCSO में सहमति से संबंध की उम्र 18 साल से कम नहीं हो, विधि आयोग की सलाह

नई दिल्ली। विधि आयोग ने सलाह दी है कि पॉक्सो अधिनियम के तहत शारीरिक संबंध के लिए सहमति की मौजूदा उम्र के साथ फेरबदल करना उचित नहीं है। सहमति की उम्र कम करने से बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर सीधा और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की मौन स्वीकृति से जुड़े मामलों में स्थिति को सुधारने के लिए पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता है। विधि आयोग ने पॉक्सो कानून के मामले में दी गई रिपोर्ट में कानून की बुनियादी सख्ती को बरकरार रखने की हिमायत की है, सीधे तौर पर कहा जाए तो सहमति से संबंध बनाने की उम्र में कोई बदलाव नहीं करते हुए कुछेक पहलुओं को कानून में शामिल करने को कहा है। आयोग ने पॉक्सो एक्ट की धारा-4 और धारा-8 में संशोधन करके आयोग द्वारा सुझाए गए विभिन्न पहलुओं को शामिल करने की सिफारिश सरकार से की है।

तेलंगाना दौरे पर जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी, राज्य को देंगे 13,500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी राज्य तेलंगाना का दौरा करने वाले हैं। पीएम मोदी 1 अक्टूबर को महबूबनगर जिले के दौरे के बाद 3 अक्टूबर को निजामाबाद पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री दोनों स्थानों पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन या राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी सार्वजनिक बैठकों को भी संबोधित करेंगे। तेलंगाना में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री की निज़ामाबाद यात्रा के लिए संबंधित विभागों के साथ निकट समन्वय में फुलप्रूफ व्यवस्था करने का निर्देश दिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से 800 मेगावाट की रामागुंडम एनटीपीसी परियोजना का उद्घाटन करेंगे। मुख्य सचिव ने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और पीएम की यात्रा के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को ब्लू बुक के अनुसार, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार, अग्निशमन, स्वास्थ्य, बिजली, आरएंडबी और अन्य विभागों को भी व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अक्टूबर को महबूबनगर जिले की अपनी यात्रा के दौरान तेलंगाना में 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

सशस्त्र सीमा बल के द्वारा छापेमारी के दौरान अपहरण लूट , हत्या, डकैती के आरोपी संजय हेंब्रम हुआ गिरफ्तार, मामले को लेकर पुलिस कर रही छानबीन

दैनिक शुभ भास्कर बेलहर/बांका । जिले के बेलहर प्रखंड में आज दिनांक 30.सितंबर 2023 को सशस्त्र सीमा बल 16वी वाहिनी डी-कंपनी बेलहर की टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बेलहर पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार किया है ।बेलहर पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों जैसे अपहरण, लूट, हत्या,डकैती जै बीबीसी घटनाओं में संलिप्त अपराधी मँजय हेम्ब्रम पुत्र स्वर्गीय जेठा हेमब्रम को एक बजाज के अपाची मोटरसाइकिल (झारखंड रजिस्टर्ड) के साथ ग्राम बगधसवा से गिरफ़्तार किया गया ।जिसमें छापेपारी के दौरान बेलहर 16 वीं डी कप्पनी एवम एस. एस. बी. बेलहर के निरीक्षक-वीरेंद्र कुमार व अन्य जवान, तथा पुलिस की टीम शामिल थी ।

स्थानीय लोगों की जरुरत के हिसाब से घर बनाने को सरकार दे रही पैसे : मोदी

प्रधानमंत्री ने सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम 'संकल्प सप्ताह' का किया शुभारंभ

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में सप्ताह भर चलने वाले विशिष्ट कार्यक्रम 'संकल्प सप्ताह' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम आजाद भारत की शीर्ष 10 योजनाओं में गिना जाएगा। पीएम ने कहा कि पहले सरकार जब घर बनाने का कार्यक्रम करती थी तो एक मॉडल बनाती थी। हमने आकर इसे बदला कि स्थानीय लोग जिन चीजों का उपयोग करते हैं, स्थानीय जो डिजाइन होती हैं वैसे ही पीएम आवास बनना चाहिए और पैसे ऑनर को दे दिए जाएं। पीएम ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ब्लॉक पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब हर ग्राम पंचायत काम तेजी से करेगी तो ही हर ब्लॉक का विकास तेजी से होगा।

जो लोग इस मिशन से जुड़े हैं, मैं सभी लोगों को बधाई देता हूं, धन्यवाद देता हूं। यह कार्यक्रम 3 अक्टूबर से शुरू होकर 9 अक्टूबर तक चलेगा।

गौरतलब है कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की शुरुआत पीएम मोदी ने 7 जनवरी, 2023 को की थी। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशासन में सुधार करना है। 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत की एक प्रमुख शर्त है कि हमारे देश के बच्चों की उत्कृष्ठ शिक्षा हो। मैं कठोर परिश्रम करने वाले और समर्पित भाव से शिक्षा के लिए जीवन जीने वाले सभी शिक्षक साथियों का अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि देश में 200 करोड़ से ज्यादा कोविड वैक्सीन की डोज दी गई हैं। लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि पशुओं में जो 'खुर पका, मुंह पका' बीमारी है, उसके लिए मुफ्त में बहुत बड़ा वैक्सीनेशन का अभियान चल रहा है और पशुओं के लिए यह बहुत अनिवार्य भी है। इस कार्यक्रम को देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है।

'संकल्प सप्ताह' का प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विकास विषय को समर्पित होगा, जिस पर सभी 500 आकांक्षी ब्लॉक काम करेंगे। देश के अलग-अलग राज्यों से आए हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने प्रगति मैदान स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगा रखी थी। प्रधानमंत्री एक-एक करके सभी स्टॉलों पर गए, वहां रखी कलाकृतियों और उत्पादों को देखा, इन्हें बनाने वालों से बातचीत की। इसके बाद वह मुख्य कार्यक्रम में पहुंचे। 'संकल्प सप्ताह' के शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे।

चीन-पाकिस्तान की बढ़ेगी टेंशन, सेना में शामिल होंगे 156 प्रचंड लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय के समक्ष 156 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स 'प्रचंड' की मांग रखी है। माना जा रहा है कि वायुसेना की इस मांग को जल्द ही स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। इससे वायु सेना की शक्ति में जबरदस्त इजाफा होगा। यहां एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सभी 156 हेलीकॉप्टर स्वदेशी होंगे। सभी 'प्रचंड' हेलीकॉप्टरों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड बना रहा है। सेना के कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू, डिस्ट्रक्शन ऑफ एनेमी एयर डिफेंस, काउंटर इनसर्जेंसी ऑपरेशन व रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट को धराशाई करने में प्रचंड हेलीकॉप्टर खासे मददगार हैं। यह हेलीकॉप्टर हाई एल्टीट्यूड बंकर बस्टिंग ऑपरेशंस में भी काफी सहायक हैं। इस पर 700 किलोग्राम तक के हथियार फिट किए जा सकते हैं। इसकी अधिकतम गति 268 किमी प्रतिघंटा है और रेंज 550 किमी है। जानकारी के मुताबिक, 156 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में से 66 हेलीकॉप्टर वायुसेना को मिल सकते हैं, और 90 प्रचंड हेलीकॉप्टर भारतीय थल सेना को मिलेंगे। फिलहाल अभी वायु सेना व थल सेना दोनों के पास कुल मिलाकर केवल 15 हेलीकॉप्टर हैं। इनमें से 10 हेलीकॉप्टर वायुसेना के पास हैं और पांच हेलीकॉप्टर थल सेना के पास हैं। भारतीय सेनाओ ने अपने इन स्वदेशी हेलीकॉप्टरों को अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान बॉर्डर के निकट तैनात किया है। जानकारी के मुताबिक, अब नए हेलीकॉप्टर आएंगे, उन्हें भी चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात किया जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना हेलीकॉप्टरों के साथ युद्धाभ्यास भी कर चुकी है। रक्षक विशेषज्ञों के मुताबिक, पाकिस्तान की सीमा के पास इसका पहला स्क्वॉड्रन तैनात है। यही कारण है कि अब भारतीय सेना के जवानों के लिए पाकिस्तान सीमा के आसपास निगरानी करना ज्यादा सुविधाजनक और सुरक्षित हो गया है।

महिला आरक्षण बिल बना कानून

एजेंसी। नई दिल्ली

महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अब यह बिल कानून बन गया है। भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है। बता दें कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इसी महीने की शुरुआत में संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। इस विधेयक के जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही

मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं।

9 साल के बच्चे की अपहरण के बाद हत्या, दोषी को कोर्ट ने सुनाई सजा-ए-मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के महबूबाबाद जिले की एक अदालत ने करीब दो साल पहले नौ साल के एक बच्चे के अपहरण और हत्या के मामले में एक युवक को मौत की सजा सुनाई। जिला सत्र अदालत ने एक ऑटोमोबाइल मैकेनिक मंगा सागर को हत्या का दोषी पाया और उसे सजा-ए-मौत दी। सागर (25) ने 19 अक्टूबर 2020 को फिरौती के लिए कुसुम दीक्षित रेड्डी का अपहरण कर लिया था और कुछ घंटों बाद उसकी हत्या कर दी थी। सागर ने पीड़ित की गला दबाकर हत्या कर दी थी और बाद में सबूत मिटाने के लिए शव को आग लगा दी थी। स्थानीय पत्रकार रंजीत रेड्डी के बेटे दीक्षित रेड्डी का महबूबाबाद शहर में उसके घर के बाहर से अपहरण कर लिया गया था। पुलिस के मुताबिक, चूंकि सागर रंजीत रेड्डी का परिचित था, इसलिए आरोपी के बुलाने पर लड़का उसके बुलाने पर चला गया।

अब नागरिकों के डिजिटल रिकार्ड की मुख्य पहचान होगा आधार

एजेंसी। नई दिल्ली

अब देश के नागरिकों के लिए आधार कार्ड ही डिजिटल रिकार्ड की मुख्य पहचान होगा। सरकारी मान्यता के बाद कई काम केवल आधार के जरिये हो सकते हैं, क्योंकि सरकार 'आधार' को देश के सभी नागरिकों के लिए विशिष्ट पहचान के डिफॉल्ट या स्वतः दस्तावेज का दर्जा दे सकती है। इसमें आधार का इस्तेमाल नागरिकों के डिजिटल रिकॉर्ड, डिजिटल अनुबंधों और हस्ताक्षर के सत्यापन में किया जाएगा। यह प्रावधान डिजिटल इंडिया विधेयक (डीआईबी) के तहत लाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि इससे निजी क्षेत्र में भी आधार का व्यापक इस्तेमाल होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना-प्रौद्योगिकी

मंत्रालय ने नए विधेयक के लिए मसौदा तैयार किया है। यह मसौदा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की जगह लेगा। फिलहाल मसौदा शुरुआती चरणों में है मगर एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कानून के व्यापक सिद्धांतों के अनुरूप ही है। अगर कोई नागरिक स्वतः पहचान के रूप में आधार से सत्यापन का विकल्प नहीं चुनता है तो आधार से जुड़ी अन्य विशिष्ट पहचान एवं साक्ष्यों का इस्तेमाल किया जाएगा। मसौदे के अनुसार किसी भी डिजिटल हस्ताक्षर को विश्वसनीय तभी माना जाएगा, जब वह आधार से जुड़ा होगा। सरकार की यह पहल देश में आधार आधारित ई-केवाईसी (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया पर लंबे समय से चल रही बहस को तेज कर सकती है। उच्चतम न्यायालय ने सितंबर 2018 के अपने आदेश में निजी कंपनियों को आधार की बायोमेट्रिक प्रणाली का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। न्यायालय ने आधार का दायरा केवल कल्याणकारी योजनाओं में इस्तेमाल तक ही सीमित कर दिया है। एक विधि विशेषज्ञ ने कहा कि पिछले साल दिसंबर से आ रही खबरों में इस विधेयक के विभिन्न प्रावधानों का जिक्र हो रहा है। ये नए प्रावधान मौजूदा आईटी अधिनियम की जगह ले सकते हैं।

BPSC 69वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न हुआ

मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी । BPSC 69वीं पीटी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजन के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। स्वयं जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के द्वारा कदाचार– मुक्त परीक्षा के संचालन के मद्देनजर नजर रखी जा रही थी। पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। हर स्तर पर सुरक्षा के माकूल प्रबंध किए गए थे। सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही थी। स्वयं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न केंद्रों यथा राधा कृष्ण गोयंका कॉलेज, मथुरा हाई स्कूल,

एमपी हाई स्कूल को विजिट करते हुए परीक्षा संचालन का जायजा लिया। मालूम हो कि जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्रों पर भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 6708 थी जिसके विरुद्ध 5138 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 1570 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। जिले में उक्त परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुआ।

अनशन समानता की अधिकारों के मांगों को लेकर आरक्षण विरोधी संयुक्त मोर्चा की रहेगी सहभागिता

राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी करेगा दो अक्टूबर से आमरण अनशन

दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो। कैमूर- जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत पट्टी गांव स्थित राष्ट्रीय सवर्ण समाज संघ प्रदेश कार्यालय से राष्ट्रीय सवर्ण समाज संघ बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह कलमकार कुमार चन्द्र भुषण तिवारी एवं राष्ट्रीय स्वर्ण समाज संघ प्रदेश बिहार कार्यकारिणी अध्यक्ष सह कलमकार जैनेन्द्र तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया गया, कि समानता की अधिकारों के मांगों को लेकर राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के द्वारा नई दिल्ली जंतर मंतर पर 2 अक्टूबर से किया जाएगा आमरण अनशन। जिसमें

आरक्षण विरोधी संयुक्त मोर्चा के द्वारा निभाया जाएगा सहभागिता। संदर्भ में जानकारी देते हुए कार्यकारिणी अध्यक्ष के द्वारा बताया गया, देश के तमाम राजनीतिक पार्टियों के द्वारा सत्ता में बने रहने के लिए, सत्ता की मलाई चाटने की चक्कर में जातिवादी मानसिकता के तहत देश में धार्मिक लैंगिक जातिवादी क्षेत्रवादी कानूनों को बढ़ावा देकर दिन-ब-दिन देश व समाज को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। एक वर्ग विशेष को सरकारी योजनाओं से सिर्फ जाति के नाम पर वंचित रखा जा रहा है। उनके बच्चों के अधिकारों का हनन करते हुए, उच्चतम अंक लाने के बावजूद भी अयोग्य ठहराया जा रहा है। वह किसी वर्ग को संपन्न होने के बावजूद भी जाति के नाम पर छूट देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। जो कि कहीं से भी देश व समाज हित में नहीं है। जिसके विरुद्ध राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र जठेरी के द्वारा 2 अक्टूबर से नई दिल्ली जंतर मंतर पर आमरण अनशन किया जाएगा। जिसके लिए उनके द्वारा तमाम आरक्षण विरोधी देशभक्त मित्रों को आवाहित किया गया है। जिसमें संयुक्त आरक्षण विरोधी मोर्चा के द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाया जाएगा।

ख़ास ख़बर

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 13 केन्द्रों पर एकीकृत 69वीं0 संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न

अररिया। अररिया में कदाचारमुक्त वातावरण और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 13 केन्द्रों पर आज बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित एकीकृत 69वीं० संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा 12.00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक आयोजित की गई, जिसमें 4668 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1032 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये। परीक्षा को लेकर सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी -सह- प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी -सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी नियमित रूप से सक्रिय रहें।

"01 अक्टूबर को पूरे जिले में चलेगा सफाई अभियान"

अररिया। महात्मा गाँधी की जयंती 02 अक्टूबर 2023 से एक दिन पूर्व जिले भर में 01 अक्टूबर 2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन में एक घंटा श्रमदान कर सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। इसके तहत संपूर्ण जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोग सफाई अभियान में योगदान देंगे तथा महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि देंगे। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी ग्राम पंचायतों में इसके लिए स्थल का चयन किया गया है। लोगों को इसमें भाग लेने हेतु पंचायतों में पिछले एक सप्ताह से जन-जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है।इस क्रम में श्री संजय कुमार, उप विकास आयुक्त, अररिया के नेतृत्व में दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को सुबह 10.00 बजे से 01 घंटे का श्रमदान कार्यक्रम "कचरा मुक्त भारत (Garbage Free India)" बनाने हेतु समाहरणालय परिसर अररिया में अभियान का संचालन किया जायेगा, जिसमें जिला स्तर के सभी पदाधिकारी / कर्मी भाग लेंगे। श्रीमती सोनी कुमारी, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अररिया द्वारा बताया गया कि "जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा डॉट कॉम वेबसाईट पर स्थल का पंजीकरण अगर कराया हो तो कोई भी व्यक्ति स्वच्छता ही सेवा की वेबसाईट (swachhatahiseva.com) पर जाकर श्रमदान के लिए अपने आस-पास की जगह हो तो सुविधा के अनुकूल वहाँ पहुँच कर श्रमदान कर सकते हैं। वेबसाइट पर गूगल मैप पर श्रमदान स्थल चिन्हित है, उस स्थल पर श्रमदान आयोजन के लिए जिम्मेदार संयोजक का फोन नंबर भी दिया गया है, जिससे संपर्क किया जा सकता है। श्री विनय कुमार झा, जिला समन्वयक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अररिया के द्वारा बताया गया कि "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का संचालन लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान, कचरा प्रबंधन, अपने घर एवं गाँव को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त बनाए रखने के प्रति जन-जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें जिला से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम का सफल आयोजन 723 राजस्व ग्राम में जनप्रतिनिधि, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं ग्रामवासी के सहयोग से किया जायेगा। जिसमें आमजनों के द्वारा अपने घरों को कचरा मुक्त एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की जायेगी। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व के स्थल सार्वजनिक स्थल, बस स्टैंड, चौक-चौराहा, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार इत्यादि जगहों पर श्रमदान का आयोजन किया जायेगा।

कमलापुरी वैश्य समाज की बैठक, नई जिला व प्रखंड कमेटी का गठन, कई बिंदुओं पर चर्चा

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर दुर्गा आवास में कमलापूरी वैश्य मधुबनी जिला के संगठन का सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता रघुवीर प्रसाद गुप्ता ने किया।बैठक में समाज को संगठित करने के लिए विचार-विमर्श किए गए। इस मौके पर बिहार प्रदेश कमलापूरी वैश्य सभा के कार्यकाणी अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियां दूर कर गरीब के उत्थान के लिए हर लोगों को आगे आने की जरूरत है। शिक्षा और गांव की विकास के लिए तत्पर रहें। उपस्थित लोगों द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए उनकी व्यक्तिगत राय ली गई।साथ ही संगठन को पुनर्गठन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया इसके आधार पर संरक्षक रघुवीर प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, शेखर प्रसाद गुप्ता, ललन प्रसाद गुप्ता, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता,अशोक कुमार गुप्ता को बनाया गया।वहीं अध्यक्ष के रूप में तुलसी प्रसाद गुप्ता, महामंत्री आजाद प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता, सचिव भरत प्रसाद गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी सुजीत प्रसाद गुप्ता को बनाया गया।साथ ही उपाध्यक्ष के रूप में उमगॉव के लाल बिहारी प्रसाद गुप्ता, राजनगर के मौसम प्रसाद गुप्ता, लौकही के सुरेन्द गुप्ता, बासोपट्टी के देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, माधवपुर के शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता, बेनीपट्टी के बिनोद कुमार गुप्ता को बनाया गया है।बैठक में कमलापुरी समाज के लोग उपस्थित हुए।

कुलपति की अध्यक्षता में सभी प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्नातक स्तर पर पहली बार सीबीसीएस प्रणाली पहली बार लागू हुई है। इसलिए इसमें थोड़ी परेशानी हो रही है। लेकिन हम सबों को मिलकर सभी परेशानियों को दूर करना है। सीबीसीएस को सफल बनाना है और इसे सही तरीके से क्रियान्वित करना है। यह बात कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने कही। वे शनिवार को सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि राजभवन द्वारा चार वर्षीय स्नातक (सीबीसीएस) में नामांकन, परीक्षा एवं परिणाम का कैलेण्डर बना हुआ है। कैलेंडर के अनुसाश्र बीएनएमयू थोड़ा पीछे है। लेकिन शीघ्र ही सभी कुछ नियमित हो जाएगा। कुलपति ने बताया कि बीएनएमयू प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकित सभी विद्यार्थियों का कक्षारंभ हो गया है। शीघ्र ही दूसरी सूची जारी होगी। 15 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। 2-6 नवंबर तक सीआईए की तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। दिसंबर में फाइनल परीक्षा होगी। कुलपति ने बताया कि सीबीसीएस के अंतर्गत तीस अंकों की आंतरिक परीक्षा होगी। इसमें पंद्रह अंक टेस्ट, दस अंक असाइनमेंट/सेमिनार/क्विज प्रेजेंटेशन और पांच अंक उपस्थिति पर दिए जाएंगे।

सीबीसीएस लागूः कुलपति ने कहा कि स्नातक स्तर पर सीबीसीएस पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसके मुताबिक सभी विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम और शुल्क सामान होगा। चार वर्षीय कोर्स 8 सेमेस्टर का है और इसके लिए 160 क्रेडिट तय किया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा। छात्रों को अंतिम वर्ष के सातवें सेमेस्टर में पहुंचने तक 7.5 सीजीपीए प्राप्त करना होगा। कुलपति ने कहा कि तीन वर्षीय कोर्स करने के बाद डिग्री मिल जाएगी। चौथे वर्ष में पढ़ना अनिवार्य नहीं है। बीच में पढ़ाई छोड़ने पर भी विद्यार्थियों को यथोचित सर्टिफिकेट मिलेगा। 3 साल का स्नातक करने वालों के लिए पीजी दो वर्ष का होगा। 4 वर्षीय कोर्स करने वालों के लिए पीजी एक वर्ष का ही होगा। रिसर्च में भी सुविधा होगी। कुलपति ने कहा कि मेजर, माइनर और स्कील इन्हांसमेंट कोर्स एवं वेल्यू एडेड कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सभी प्रधानाचार्य विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दें और पंजीयन के समय सही से विषय भरना सुनिश्चित करा लें।

विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद है सीबीसीएसः कुलपति ने बताया कि सीबीसीएस कोर्स करने से विद्यार्थियों को कई फायदा होगा। विद्यार्थी अपनी पसंद से जो भी विषय पढ़ना चाहें, उसका चयन कर सकते हैं। इस कोर्स के तहत जो अंक प्राप्त होंगे, वह ग्रेड के रूप में होंगे। विद्यार्थियों को प्रत्येक साल 2 एग्जाम देने होंगे इस कारण विद्यार्थी अच्छे से पढ़ेंगे। इसके अंतर्गत मूल्यांकन भी बहुत बेहतर से किया जाएगा।कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेशित किया कि वर्ग-तालिका के अनुरूप सभी विषयों की कक्षाएँ सुनिश्चित कराएं और कक्षाओं में विद्यार्थियों की शत- प्रतिशत उपस्थिति हेतु हरसंभव प्रयास करें। नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन होगा, तो शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच संवाद कायम होगा। इससे संस्थान में अच्छा शैक्षणिक माहौल बनेगा और अधिकांश समस्याओं का स्वतः समाधान हो जाएगा। कुलपति ने कहा कि एक भी विद्यार्थी आए, तो भी कक्षा ली जाए। इससे विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक संदेश जाता है। दूसरे विद्यार्थी भी कक्षा में आने हेतु प्रेरित होते हैं। यदि कम विद्यार्थी आने पर कक्षा नहीं ली जाती है, तो इससे विद्यार्थियों के बीच नकारात्मक संदेश जाता है।

एनईपी पर हो कार्यशालाः कुलपति ने कहा कि सभी पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक एनईपी की समुचित जानकारी प्राप्त करें। सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. राजकुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी अरूण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक शशिभूषण, उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, प्रो. (डा.) कैलाश प्रसाद यादव, प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, डॉ. अरविन्द कुमार, प्रो. (डॉ.) संजीव कुमार, प्रो. (डॉ.) यू. एस. चौधरी, प्रो. (डॉ.) डी. एन. साह, डॉ. जवाहर पासवान, डॉ. माधवेन्द्र झा, डॉ. जयदेव प्रसाद यादव, संजय कुमार, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव आदि उपस्थित थे।

सत्र नियमित करना हम सबों की जिम्मेदारी

बी एन एम यू कर्मचारियों के साथ वीसी ने की बैठक ,सबके प्रयास से आगे बढ़ेगा विश्वविद्यालयः कुलपति

मधेपुरा। विश्वविद्यालय हम सबों का है और इसके विकास की जिम्मेदारी भी हम सबों की है। सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रयास से ही विश्वविद्यालय का समग्र विकास होगा। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने कही। वे शनिवार को केंद्रीय पुस्तकालय सभागार (ओल्ड कैम्पस) में आयोजित तृतीय वर्गीय कर्मचारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय में नियम-परिनियम के अनुरूप कार्य संचालन सुनिश्चित किया जाएगा और सभी समस्याओं का विधिसम्मत समाधान करने की कोशिश की जाएगी। वे स्वयं विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों, सभी स्नातकोत्तर विभागों एवं सभी महाविद्यालयों का भौतिक निरीक्षण करेंगे। हर जगह की समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उसका समुचित समाधान करने का प्रयास करेंगे। कुलपति ने सभी कर्मियों को निदेशित किया कि ससमय कार्यालय आएं और सभी कार्य समय पर पूरा करने का प्रयास करें। इस बात का विशेष ख्याल रखें कि किसी भी विद्यार्थी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। कुलपति ने कहा कि वे उच्च शिक्षा विभाग से बात कर वेतन भुगतान से संबंधित समस्याओं का समाधान कराएंगे। विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। दोनों कैम्पस में मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था बहाल की जाएगी। इसके पूर्व कुलपति ने बारी-बारी से सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। कर्मचारी नेताओं ने कुलपति का स्वागत किया। और उन्हें विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ. राजकुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी अरुण कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक शशिभूषण, उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव, शंभू नारायण यादव, डॉ. राजेश्वर राय, अखिलेश्वर नारायण, संजीव कुमार, चंद्र किशोर गुप्ता, अमित कुमार, विनय कुमार सिंह, संतोष कुमार, हिरेंद्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, राजकुमार, चंदेश्वरी यादव, बिमल कुमार, राजेश कुमार, बिमल किशोर बिमल, पवन हरिजन, अवनीत कुमार, वैभव कुमार, विनय कुमार, बबीता कुमारी, अभिनंदन चौधरी, दिनकर कुमार, विवेकानंद भारती, यतेंद्र कुमार मुन्ना, शशि कुमार यादव उपस्थिति थे।

पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने भव्य उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए खेल प्रेमियों का तहेदिल से अदा किया शुक्रिया

पूणिया। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य आगाज के साथ दूसरे दिन पनोरमा स्पोर्ट्स ई होम्स पूर्णिया में बैडमिंटन बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल के मैच खेला गया। खराब मौसम के कारण सभी मैच नहीं खेला जा सका। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि खराब मौसम को देखते हुए आउटडोर गेम्स बैडमिंटन , बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल तत्काल स्थगित कर दिया गया है। इंडोर गेम में शतरंज, टेबल टेनिस प्रतियोगिता चलती रहेगी। बास्केटबॉल अंडर 16 बालक वर्ग में विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा ने पूणिया एथलेटिक्स एकादमी को 30-08 से हराया।बालिका वर्ग में विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने डी ए भी स्कूल को 27-0 से रौंदा। इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन आयोजन समिति सदस्य श्री मिथिलेश राय, सुनील सुमन, हरिओम झा मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, अब्बू आलम, एस एस चटर्जी नुटू दा, एम एच रहमान, अजीत सिंह, रीना बाखला, एस एस सिंह गुड्डू, एस एस प्रसाद पिंटू,, इरशाद आलम , बिमल मुकेश, प्रमोद पंसारी, खुशी कुमारी, अनुराधा कुमारी, प्रभारी प्राचार्य श्री दिवा कांत झा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, सैदय जब्बार हुसैन, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, मौ एजाज अहमद, डा आलोक कुमार सिंह, राना प्रताप सिंह, विक्की, पुनित कुमार सिंह,अमृत साजन, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, रितेश कुमार झा, सेंट मोसेस स्कूल के प्राचार्य , सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम के प्राचार्ज सिस्टर बंदिता, स्कूल निदेशक निलेश, मुरारी झा, तौफीक आलम, अमित लकड़ा, रमण मंडल, पटनायक आदि उपस्थित थे।

मैच परिणाम

बैडमिंटनः- अंडर 16 आयु वर्ग बालक में अभिषेक कुमार एकलव्य ने किशोर कुमार एकलव्य को 21-06,21-11 से हराया।

रौशन कुमार एकलव्य ने सुधांशु कुमार सेंट मोसेस स्कूल को 21-07,21-03 से हराया।

वॉलीबॉल :- अंडर 16 आयु वर्ग में बालक में डी ए पी एस सुदीन चौक ने सेंट थॉमस मुंशी बारी को 20-13 से हराया।

डी ए भी स्कूल ने सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम को 15-08 से हराया।

बालिका वर्ग में:- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा ने सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम को 20-15 से हराया।

बैडमिंटनः- अंडर 16 बालिका वर्ग में सुनिधि भारती सेंट पीटर्स स्कूल इंग्लिश मीडियम ने नैंसी राय विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने 21-03,21-07 सीधे सेटों में हराया।

स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ स्थान से ही सभ्य समाज का निर्माण होता हैः डॉ. भगवान कुमार मिश्र

मधेपुरा। राष्ट्रीय सेवा योजना तीनों इकाई द्वारा मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा बिहार के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान के तहत उप प्राचार्य डॉक्टर भगवान कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा स्वच्छता अति आवश्यक है। घर से लेकर सार्वजनिक स्थान तक को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ स्थान से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद शोएब आलम ने कहा स्वच्छता से मनुष्यों का मिजाज मस्तिक साफ और शांत रहता है। यह तभी होता जब वातावरण शुद्ध और साफ रहता है। वही कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विजेंदर कुमार ने कहा स्वच्छता में देवी देवता एवं लक्ष्मी का भी निवास होता है। कार्यक्रम में उपस्थित मधेपुरा कॉलेज परिवार के शिक्षक शिक्षिका कर्मचारी गण एवं स्वयंसेवी चंचल कुमारी साजन कुमारी गुड़िया कुमारी जबरन खातून आशियाना परवीन अंकित राज आदित्य कुमार इत्यादि मौजूद थे ।

समाजसेवी संजय मिश्रा की बहन उर्मिला झा का निधन,जिले में शोक का माहौल

अररिया। समाजसेवी संजय मिश्रा के परिवार के सबसे बड़ी बहन निधन की खबर से नगरपरिषद सहित जिले भर में गहरा दुःख और शोक का माहौल बना हुआ है।इस दुखद घड़ी में श्री मिश्रा ने शव यात्रा के दौरान भावुक स्वर में कहा बहना कुछ दिन पहले ही कलाई में राखी बांधकर लंबी उम्र का आशीर्वाद दी थी।लेकिन पता नहीं था इतनी जल्दी साथ छोड़ दोगी।शायद ईश्वर को यही मंजूर था।बस परमात्मा से प्रार्थना अपने श्री चरणों में स्थान दे। बताते चले कि 90 वर्षीय उर्मिला, संजय मिश्रा की सबसे बड़ी बहन थीं, उनके निधन ने खरहिया बस्ती मिश्रा परिवार सहित जिले भर को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके पति, रिटायर्ड पंचायत सेवक भोला नाथ झा, रमई निवासी हैं। समाजसेवी संजय मिश्रा और मिश्रा परिवार के प्रियजनों के द्वारा इस दुखद घड़ी में दिवंगत उर्मिला के आत्मा की शांति की प्रार्थना किया जा रहा है।

विमेंस कॉलेज मधेपुरा में स्वच्छता ही सेवा है अभियान का हुआ आयोजन

मधेपुरा। विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम वार्ड नंबर 2 मधेपुरा बिहार में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई ,द्वितीय इकाई एवं तृतीय इकाइयों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान का आयोजन प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति के निर्देशानुसार गोद लिया गया गांव साहूगढ़ पंचायत 02 भतुराम टोला वार्ड नंबर 6 भातुटोला वार्ड नंबर 7 एवं लाहरी टोला में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रथम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी एवं तृतीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रविंद्र कुमार ने स्वयं को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया कि मै स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगी और उनके लिए समय दूंगी हर वर्ष 100 घटें हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगी आदि स्लोगन बुलवाकर शपथ दिलाया गया इसके पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी ने स्वयंसेवियों के साथ गोद लिए गए वार्ड में गली-गली साफ सफाई का काम किया स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक तथा पहले से जमा कूरा कचरा को साफ करते हुए ग्रामीणों को अस्वच्छता से फैलने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और ग्रामीणों को भी शपथ दिलाया और झाड़ू लगाकर पूरा वार्ड की सफाई की कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर मंटू कुमार राजदीप कुमार कालिंदी कोमल पूनम कुमारी एवं स्वयंसेविक मौसम कुमारी निधि कुमारी मनीषा कुमारी छाया कुमारी मुस्कान कुमारी वर्षा कुमारी प्रिया कुमारी रूपा कुमारी सुष्मिता कुमारी साक्षी कुमारी अंशु कुमारी निशा कुमारी लक्ष्मी कुमारी मनीषा कुमारी रवैया परवीन संगम कुमारी पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

जागरूक नारी सशक्तिकरण में मिशाल कायम करेगी लायंस क्लब फेमिना : डॉ. अनिता

लायंस क्लब फेमिना निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिकाः अग्रणी घोष

मधेपुरा। जिले में महिलाओं को जागरूक करने सहित सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लायंस क्लब फेमिना का गठन किया गया। गठन के बाद लायंस क्लब फेमिना की पहली बैठक शहर के होटल आनंदा में हुई। महिलाओं के लिए बने क्लब की पहली बैठक की अध्यक्षता फेमिना क्लब की नव मनोनित अध्यक्ष अग्रणी घोष ने की।बैठक में लायंस क्लब मधेपुरा के एक्सटेंशन प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप कुमार सिंह और इंद्रनील घोष ने नव मनोनित सदस्यों को क्लब के कार्यों और सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल संस्था है इससे जुड़कर समाजसेवा का काम करने से खुद को अच्छा लगता है। बैठक की अध्यक्षता करते अग्रणी घोष ने कहा कि जिले के लिए गौरव की बात है कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए नारी शक्ति ने भी कमान संभाल ली है। उन्होंने कहा कि खासकर महिलाओं को सशक्त करने, शिक्षा को बढ़ावा देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को कौशल निर्माण करने सहित अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने में लायंस क्लब फेमिना काम करेगी। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को लायंस क्लब फेमिना का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम होना है। संस्था की सचिव डॉ. कुमारी अनिता उर्फ डॉली ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि फेमिना जिले में मिशाल कायम करेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही महिलाएं एक मंच पर जिले के विकास पर चर्चा कर उसे आगे बढ़ाएगी। उन्होंने बताया कि इंस्टॉलेशन के बाद क्लब विधिवत रूप से काम शुरू करेगी। उन्होंने सभी सदस्यों का परिचय कराया। संस्था की कोषाध्यक्ष प्रो. भारती कुमारी ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने में संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इंस्टॉलेटेशन प्रोग्राम में लायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। मौके पर चंदा कुमारी, सारिका कुमारी, आरती घोष, पुष्पा झा, रोजी कुमारी, रोमा प्रियदर्शी, शिवानी अग्रवाल, शिवांगी गुप्ता, वंदना कुमारी, रूबी कुमारी, संजन सिंह सहित अन्य मौजूद थी। बैठक में सभी सदस्यों ने लायंस क्लब के एक्सटेंशन प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप कुमार सिंह, समाजसेवी चंद्रशेखर कुमार और गाइडिंग लायन इंद्रनील घोष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनलोगों के कारण ही फेमिना का गठन हो पाया है।

विश्वविद्यालय की टीम ने किया यू भी के कॉलेज कड़ामा का निरीक्षण

पुरैनी। भुपेंद्र नारायण मंडल विश्व विद्यालय मधेपुरा के वाणिज्य संकाय के डीन एवम विश्व विद्यालय के वरिष्ठ प्राचार्य डा अशोक कुमार सिंह कुलपति भू ना मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा एवम शिक्षा विभाग पटना के त्वरित निदेश के आलोक में महाविधालय जॉच करने पहुंचे। मौके पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देकर प्रधानाचार्य डा माधवेन्द्र झा भी शिक्षा विभाग पटना से मुख्यालय पहुंच चुके थे। टीचर एटेंडेंस,छात्रएटेंडेंस , लीव अकाउंट रजिस्टर, लेखा पंजी, भंडार पंजी, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, रीडिंग हाल इंडोर स्टेडियम, आई टी सेल,कंप्यूटर लैब, एंटी रैगिंग सेल, प्लेसमेंट सेल, आई क्यू ए सी, कैंटीन एवम स्मार्ट क्लास में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति से रोमांचित हुवे तथा स्मार्ट क्लास में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुवे कहा कि बिहार के इस उत्कृष्ठ श्रेणी के महाविधालय की चर्चा विश्वविद्यालय में पूर्व से सुनते रहा हूं लेकीन आज मुझे विभाग द्वारा यह सुनहरा अवसर निरीक्षण के क्रम आज देखने को मिला है जिसकी आज मैं एक शिक्षक होने के नाते भूरी भूरी प्रशंसा इसलिए भी करना चाहता हूं कि अन्य महाविधालय भी प्रेरणा लें। यह अच्छी बात है कि इस महाविधालय की तरह अन्य महाविधालय को भी अपनी उत्कृष्टता की पहचान स्थापित कर नेक से एक्रीडेशन करा लें। समय का अभाव है तथा दो और महाविधालय की जॉच करनी है अन्यथा एक शिक्षक के नाते भर दिन छात्र छात्राओं के साथ समय बिताता। उन्होंने छात्र छात्राओं को आश्वस्त किया कि मै व्यक्तिगत रूप से सप्ताह में दो दिन ऑनलाइन क्लास में भाग लूंगा जिसकी सराहना छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी कर रहे हैं।

ख़ास ख़बर

रामविशनपुर में वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत, दो झुलसे

संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के रामविशनपुर पंचायत के हुसैनाबाद वार्ड 11 में शनिवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे आसमानी कहर बरपा। इस दौरान खेत में काम कर रहे एक युवक की वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं दो लोग इसकी चपेट में आकर मामूली रूप से झुलस गए।बताया जाता है कि रामविशनपुर पंचायत के वार्ड 11 निवासी बबलू पासवान (45), संजीत पासवान (22) और प्रतापगंज थाना क्षेत्र के पुरणडीह निवासी संजय यादव खेत में काम रहे थे। इसी क्रम में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज आंधी तूफान के साथ मेघ गर्जन शुरू हो गई। इससे बचाव को लेकर तीनों खेत के पास एक झोपड़ी में बचाव के लिए चले गए। इसी क्रम में इसी क्रम में तीनों वज्रपात की चपेट में आ गए। जिसमें बबलू पासवान ने घटनास्थल पर दम तोड़ दिया जबकि संजीत और संजय को बेहोशी हो गए। घटना के बाद आस पड़ोस के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने सभी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बबलू पासवान को मृत घोषित कर दिया। वहीं संजीत और संजय का इलाज चल रहा है।इधर घटना के बाद मृतक के घर को कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रखंड प्रमुख मो. फिदा हुसैन ने बताया कि बबलू पासवान अपने घर में इकलौता कमाने वाला था। अब उसकी मौत के बाद परिजनों का भरण पोषण करने वाला कोई नहीं रह गया है। सरकार की ओर से तत्काल पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए। वहीं इस घटना को लेकर आसपास के लोगों के घरों का चूल्हा बंद पड़ गया है। इधर मामले को लेकर सीओ प्रीति कुमारी ने बताया कि घटना को लेकर जानकारी मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका संघ ने 20 सूत्री मांगों को लेकर सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर किया नारेबाजी

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल। जिले के पीपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बाल विकास कार्यालय पिपरा परिसर में शनिवार को आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ प्रखंड इकाई की बैनर तले क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीडीपीओ कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन दिया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीलम कुमारी ने की। धरना प्रदर्शन में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा 20सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का शाखा नाद कर चुके हैं। बिहार सरकार अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि बढ़कर 10000 करें नौकरी को स्थाई करें आदि हमारी मुख्य मांगे हैं। मौके पर मौजूद सेविका सहायिका संघ, सचिव अरुणा ईरानी ने कहा सरकारी हमारी मांगे जब तक मान नहीं लेते तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताला लटका रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहां जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तब तक हम लोग सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हूं हम लोगों का आगे धरना प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला जिला से पटना तक करेंगे आज महंगाई चरम पर है और हम लोगों की मानदेय 6000 से भी नीचे है ऐसे में घर चलाना तो मुमकिन है बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। धरना प्रदर्शन में संगीता कुमारी नूतन कुमारी सुनीता कुमारी बबीता कुमारी अंजू कुमारी रेखा कुमारी नीलम कुमारी सरोज कुमारी आदि सहित सैकड़ो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी।

उपमुखिया की संदेहास्पद मौत से इलाके में सनसनी, हत्या की आशंका

ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, बसन्तपुर,सुपौल। जिले में बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत बिशनपुर पंचायत के उप मुखिया संतोष झा उर्फ बच्चन का शव संदेहास्पद स्थिति में उनके ही दुकान से मिला है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी स्थानीय बलुआ थाना की पुलिस को दी। बताया गया कि उसके शव को आनन फानन में परिजनों ने घर लाया। जहां देखने वालों की भारी ,भीड़ इकट्ठा हो गई। इधर घटना को लेकर बलुआ पुलिस बारीकी से जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया की रात उप मुखिया संतोष झा उर्फ बच्चन झा अपने दुकान पर ही थे। सुबह जब घर नहीं लौटा तो परिजनों को आशंका हुई तो सुबह दुकान पर आकर देखा तो पाया कि दुकान के अंदर उसकी लाश फंदे से झूल रही है आसपास खून के छिटे भी है। जानकारी मिली है कि उसके बाद शव को फंदे उतारकर घर लाया गया। जहां घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। फिलहाल मृतक के परिजन कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने घटना को लेकर स्पष्ट तौर पर कहा है की यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। जो जांच के बाद स्पष्ट होगा। लोगों ने कहा की उपमुखिया संतोष को किसी से दुश्मनी नहीं थी ऐसे में इस घटना

से लोग आहत हैं। घटना की बाबत बलुआ थानाध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

झंझारपुर में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति का हुई मौत

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल। जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के परसामाधो पंचायत अंतर्गत आसानपुर कुपहा गांव का रहने वाला एक व्यक्ति का मौत शनिवार को झंझारपुर के समीप सड़क दुर्घटना में हो गया।मृतक आसनपुर कुपाहा गांव निवासी नथुनी राय का 33 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र कुमार राय है।बताया जा रहा है की मृतक एनएचएआई के टॉलप्लाजा पर गेटमैन के पद पर कार्य करते थे।परिजनों के मुताबिक शनिवार को मृतक राजे टॉलप्लाजा पर ड्यूटी खत्म कर बाइक पर अपने दोस्त के साथ वापस कोसी टॉलप्लाजा लौट रहे थे।इसी दौरान झंझारपुर के समीप बाइक एक मिनी ट्रक से टकरा गया।जिसमे मृतक व्यक्ति का मौत घटनास्थल पर ही हो गया।आनन फानन में घटना की जानकारी उनके परिजनों को मिला,जिसके बाद मृतक के परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गया।इधर मृतक का दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।जिसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां से डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया।जख्मी का पहचान मधुबनी जिले के महादेवमठ थाना क्षेत्र के बगेवा निवासी 31 वर्षीय दिलीप साह के रूप में हुआ है।

हृदय रोग से बचने के लिए नियमित रूप से कराए स्वास्थ्य जांच

डॉ0 विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल। जिले के निर्मली अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को विश्व हृदय दिवस के मौके पर वरीय चिकित्सा अधिकारी डॉ.रविंद्र कुमार रवि की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मौके पर मौजूद डॉ.रवि ने बताया कि विश्व हृदय दिवस के अवसर पर लोगों को हृदय रोग से संबंधित जानकारी दी गई एवं उन्हें बचाव के लिए सुझाव दिया गया। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि हृदय रोग आज के डेट में आम बात हो गई है। इससे बचने के लिए लोगों को जागरूक रहना जरूरी है। इसके लिए लोगों को नियमित रूप से अपना वजन जांच करना चाहिए, बीपी, ब्लड शुगर जांच करवाना चाहिए, साथ ही संतुलित भोजन करना चाहिए, जंक फूड को अवॉइड करना चाहिए, धूम्रपान को छोड़ना चाहिए। स्वास्थ्य प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि इससे लोगों को जागरूक करने के लिए पखवाड़ा आशा कार्यकर्ता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मौके पर डॉक्टर असद कामरान, डॉक्टर अमरेंद्र कुमार, आईटी संतोष राय, राजेश्वर कुमार सहित अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मी एवं स्कूल के छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर समारोह का आयोजन

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले के करजाईन बाजार में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था हेल्पेज इंडिया के सहयोग से अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के तत्वावधान में बुजुर्ग संसाधन केंद्र संस्कृत निर्मली के प्रांगण में अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के अध्यक्ष सीताराम मंडल की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य अर्चना मेहता उर्फ किरण कुशवाहा, समाजसेवी मु.अखलाक, सुशील मेहता, अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के अध्यक्ष सीताराम मंडल, उपाध्यक्ष बच्चेलाल मंडल, सचिव कंचन देवी, वरिष्ठ चिकित्सक श्रीकांत सिनकर को संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा पाग, माला पहनाकर व अंगवस्त्र पहनकर किया गया। कार्यक्रम में नवकांत झा, त्रिपुरारी झा व सुगानंद झा की संगीत मंडली द्वारा गीत व संगीत की प्रस्तुति की गई। इस दौरान आगत अतिथियों ने समाज में बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाने का संदेश दिया। साथ ही युवा पीढ़ी को अपने माता-पिता की सेवा एवं बुजुर्गों का सम्मान करने का आह्वान किया। साथ ही बुजुर्गों के अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही संस्था द्वारा बुजुर्गों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि बुजुर्गों के सम्मान एवं उन्हें उनका हक एवं अधिकार दिलाने के लिए संस्था प्रयासरत है। कार्यक्रम में मंच संचालन नीरज कुमार झा ने किया। समारोह के सफल संचालन में संस्था के पदाधिकारी ज्योतिष कुमार झा, शिवचरण तोमर, सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र झा, नूर आलम, राजकुमार मिश्र, बालगोविंद मेहता, विशम्भर लाल दास, बेचू शर्मा, पारस देव, रामशरण मेहता, दिनेश ठाकुर, शत्रुघ्न चौपाल, बद्री नारायण कामत, पंकज मेहता आदि का सहयोग रहा।

सिमराही में ई-रिक्शा की ठोकर से महिला गंभीर रूप से घायल

संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले के नगर पंचायत सिमराही वार्ड 3 में शुक्रवार की रात एक ई-रिक्शा चालक ने सड़क पार कर रही एक महिला को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि सिमराही वार्ड 3 निवासी प्रमिला देवी (35) पति संतोष कुमार सादा विकास मित्र है। शुक्रवार की रात वह किसी काम को लेकर पैदल सिमराही बाजार जा रही थी। इसी क्रम में सिमराही वार्ड 3 के पास सड़क पार करने के दौरान सिमराही बाजार से परसरमा की ओर जा रही एक ई-रिक्शा चालक ने उसे जोरदार ठोकर मार दिया। घटना के बाद ठोकर की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां घायल महिला का फिलहाल उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल मामले में आवेदन नहीं मिला है। आवेदन अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

राघोपुर प्रखंड के सभी सेविका-सहायिका ने अपने 5सूत्रीय मांगों को लेकर किया अनिश्चित कालीन हड़ताल

संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले के राघोपुर प्रखंड कार्यालय परिसर मे बिहार राज्य आँगनवाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति ने बिहार के सभी सेविका-सहायिका ने अपनी मांगों को लेकर सीडीपीओ राघोपुर को सौंपा ज्ञापन। सभी सेविकाओं ने एक संयुक्त बैठक किया जिसमें निर्णय लिया कि हम सभी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की सरकार द्वारा सभी मांगों को पूरी नहीं की जाएगी तो सेविका को 25हजार एवं सहायिका को18हजार प्रतिमाह मानदेय राशि दी जाए एवं सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाय। सभी सेविका-सहायिका ने अपनी मांगों को लेकर लगातार नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गई। सेविका और सहायिका ने बताया कि मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।धरने की अध्यक्षता कर रही आँगनवाड़ी प्रखंड के अध्यक्ष प्रीति देवी ने बताई है कि पूर्व मे किए गए वादे को सरकार भूल गई हैं पिछले विधानसभा चुनाव के दौड़ान महागठबंधन द्वारा अपने घोषणा पत्र में मेरी सरकार बनने पर आँगनवाड़ी सेविका और सहायिका की मांगों को पूरा करने का वादा किया गया था। लेकिन आश्वासन के बाद भी सरकार दोहरी नीति अपना रही हैं। जबतक हमलोगों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे।

एस0 एस0 बी0 सीमा चौकी रिफ़्यूजी कॉलोनी ने प्रतिबंधित नशीली औषधियों के साथ 1 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल। जिले में वीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत एस एस बी की सीमा चौकी रिफ़्यूजी कॉलोनी ने गश्त ड्यूटि के दौरान भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर तस्करी हेतु भारत से नेपाल ले जा रहे "प्रतिबंधित नशीली औषधियों" के साथ 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार किया| 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि एस0 एस0 बी0 सीमा चौकी रिफ़्यूजी कॉलोनी के कार्यक्षेत्र के गाँव तीनखम्बा के सीमा स्तंभ संख्या 198/04 के क्षेत्र से भारत से नेपाल की तरफ प्रतिबंधित नशीली औषधियों की तस्करी होने वाली है। एक विशेष गश्त दल का गठन किया गया। उप-निरीक्षक भाव सिंह तोमर के नेतृत्व में 03 अन्य का गश्त दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ एवं निर्धारित मार्ग पर सतर्कता के साथ ड्यूटि करने लगे। कुछ समय उपरांत गश्त दल ने देखा कि एक व्यक्ति एक काले रंग की प्लास्टिक की थैली मे कुछ सामान लेकर भारत से नेपाल की तरफ जाने की कोशिश कर रहा है। पूर्व प्राप्त सूचना के आधार पर गश्त दल द्वारा उसे रोककर पूछताछ की गयी एवं तलाशी ली गयी तलाशी के क्रम में प्रतिबंधित नशीली औषधियाँ Tramol 50mg = 500 capsules प्राप्त हुआ जिन्हें गश्त दल द्वारा जब्त किया गया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान अमीर राय , उम्र-30 वर्ष, पिता- इन्द्र कुमार राय , ग्राम – प्रकाशपुर वार्ड न॰ -10, पोस्ट+ थाना - प्रकाशपुर , जिला – सुनसरी, नेपाल के रूप में की गयी। जब्त की गई प्रतिबंधित नशीली औषधियों, एवं हिरासत में लिए गए व्यक्ति को पुलिस ओपी बसमतिया, थाना- नरपतगंज , अररिया, बिहार के सुपुर्द किया गया ।

जनसंवाद बर्षा होने के बावजूद आमलोग छाता के सहारे सभा स्थल पर उपस्थित रहें

परसागढ़ी उत्तर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल। जिले में त्रिवेणीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत परसागढ़ी उत्तर में जिला अधिकारी कौशल कुमार के अध्यक्षता में पंचायत सरकार भवन में बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई।जिलाधिकारी के द्वारा अंत में जन संवाद कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए राज्य सरकार द्वारा सम्पोषित विभिन्न विभाग अन्तर्गत कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए समस्या निवारण हेतु जिला प्रसाशन के विभिन्न माध्यमों की विस्तृत जानकारी से अवगत करायी गई। जिससे आम जन को किसी प्रकार की समस्या का निदान त्वरित गति से किया जा सके। जिलाधिकारी के द्वारा सभी विभागों के पदाधिकारीयों को आम जन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता रहने का निदेश दिया गया।जन संवाद कार्यक्रम में आमलोगों की उपस्थिति काफी अधिक थी । बर्षा होने के बावजूद भी जिला पदाधिकारी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुनने के लिए आमलोग छाता के सहारे सभा स्थल पर उपस्थित रहें। जिला पदाधिकारी के संबोधन को अंत तक सुने ।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता,ने सभी विभागों की संक्षिप्त जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी। तत्पश्चात् निदेशक, डीआरडीए के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, सोलर स्ट्रीट लाईट योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता विधुत द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित जनसमूहों को दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी सुपौल द्वारा किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत विवरण की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा विधि व्यवस्था के संबंध में आम जन की भागीदारी पर ध्यान आकृष्ट करते हुए पुलिस हेल्प लाईन नंबर 112 का आम जन ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने का आग्रह किया गया ताकि भयमुक्त वातावरण का निर्माण किया जा सके । कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शैशव यादव,अपर समाहर्ता राशिद कलीम अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी त्रिवेणीगंज, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी त्रिवेणीगंज,जिला पंचायत राज पदाधिकारी संतोष कुमार,निदेशक, डीआरडीए ऋषव,अभियंता विद्युत कार्यपालक ,कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, प्रखण्ड स्तरीय सभी पदाधिकारीगण के साथ साथ स्थानीय प्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

बिना रोड में कमांडर जीप गई पल, जिसमे 20 लोग हुए जख्मी, सभी को पहुँचाया गया अस्पताल

मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले के झखराही वीणा रोड पर तेज रफ्तार में जा रही एक कमांडर जीप पलट गई। जिसमें सवार करीब 20 लोग जख्मी हो गए। जिसमें पांच महिला तीन बच्चे और 5 पुरुष शामिल है जो सुपौल से अपने घर वापस जा रहे थे।बताया जा रहा है कमांडर जीप का ब्रेक फेल हो जाने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इधर स्थानीय लोगों की मदद से सभी जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तैनात स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा उपचार जारी है। जख्मी में 30 वर्षीय बेबी देवी, 30 वर्षीय सुचिता देवी, 30 वर्षीय माला देवी,22 वर्षीय सुरेश कुमार 30 वर्षीय पूनम देवी, 12 वर्षीय सावंत कुमार, 42 वर्षीय राजेंद्र साह, 18 वर्षीय सूरज कुमार, 6 वर्षीय अभय कुमार, 4 वर्षीय अजय कुमार, समेत अन्य जख्मी शामिल है। वही सभी का घर सुपौल सदर प्रखंड अंतर्गत बिना गांव के वार्ड नंबर 6 स्थित बताया जा रहा है। जख्मी माला देवी ने बताया कि वह सभी लोग समस्ता फाइनेंस कंपनी से लोन लेने के लिए आए हुए थे। जो सभी सुपौल शहर के झखराही मोहल्ले से वापस अपने गांव कमांडर जीप पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान कमांडर जीप पुराने होने की वजह से ड्राइवर के द्वारा बताया गया की ब्रेक लग नहीं रहा है और इसी बीच गाड़ी अनियंत्रित होकर कुटी टोला के समीप जीप पलट गई। जिस जीप में सवार सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से उन लोगों को सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया है। सदर अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने बताया दो पुरुष और दो महिला समेत एक बच्चे की स्थिति गंभीर है। फिलहाल सभी का उपचार किया जा रहा है।

ख़ास ख़बर

एक अक्टूबर को जिले के प्रत्येक गंगा घाटों पर किया जाएगा स्वच्छता श्रमदान

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर। जिला जल स्वच्छता समिति के कार्यालय 1 अक्तूबर को सुबह 10 बजे एक साथ 1 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करे कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया हैं। इस बैठक के की अध्यक्षता रंजन बैठा जिला जल एवम स्वच्छता के समन्वयक ने किया।मौके रोशन कुमार सीबीएनआई भोजपुर ,अमित कुमार सिंह जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर , और कई प्रखंड के प्रखंड समन्वयक स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे । स्मान्यक रंजन बैठने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे भारत में यह कार्यक्रम एक अक्टूबर को 10:00 बजे 1 घंटे के लिए जन सहभागिता के साथ श्रमदान कार्यक्रम सुनिश्चित करना है। इसको लेकर जिले में और जिले के प्रत्येक प्रखंड में तैयारी पूरी कर ली गई हैं। ताकि इस कार्यक्रम को वृहद और सफल बनाने के लिए उप विकास आयुक्त भोजपुरी के द्वारा सभी सहयोगी संस्थाएं और कार्यालय को पत्राचार कर दिया गया है जिसमें युवा और स्वयंसेवक से जुड़े संस्था राष्ट्रीय सेवा योजना,राष्ट्रीय कैडेट कोर , नेहरू केंद्र और जीविका का दीदी का की सहभागिता महत्वपुण हैं । ओहि जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह एक राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम में जो पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है और इस कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा किनारे के प्रत्येक घाटों पर स्वच्छता पर्यवेक्षक और गंगा ग्राम के लोगों के द्वारा एक घंटा श्रमदान का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। साथी साथ इस कार्यक्रम में आमजन की सहभागिता अधिक से अधिक हो इसके लेकर एक अपील भी हैं की जिले के प्रत्येक व्यक्ति इस कार्यक्रम में सार्वजनिक स्थल,धार्मिक स्थल और सरकारी भवन की सफाई करे और 1 घंटे श्रमदान सहभागिता सुनिश्चित करे ।

विश्व हृदय दिवस" के अवसर पर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा । भोजपुर। विश्व हृदय दिवस" के अवसर पर सदर अस्पताल परिसर में जी.एन.एम. भवन के समीप स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन, डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन, भोजपुर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा, गैर-संचारी रोग पदाधिकारी, मुख्य आयोजक के साथ मुख्य प्रवक्ता के तौर पर हृदय रोग के संबंध में पूर्ण जानकारियां दी। इस मौके पर रवि रंजन, डी.पी.एम. , श्रीमती ममता भारती, प्रीन्सिपल ए.एन.एम. स्कूल, आरा, डॉ. सुहानी भारद्वाज, होमी भाभा कैंसर हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर की प्रतिनिधित्व की। मरीजों के इलाज, बचाव संबंधी उपाय एवं जीवन शैली में विशेष परिवर्तन का सलाह दिया गया। इस मौके पर ए.एन.एम.स्कूल जगदीशपुर एवं सदर अस्पताल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले में प्रथम, द्वीतिय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया साथ ही साथ सभी प्रतिभागियों को नियमित शारीरिक व्यायाम के दृष्टिकोण से कुदने वाली रस्सी उपहार स्वरूप भेंट की गई। डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि रक्तचाप, सुगर, चर्बी को काट्रोल कर एवं धुम्रपान, शराब, एयर पौलुशन, मानसिक तनाव आदि पर पुर्ण नियंत्रण से हृदय रोग से बचा जा सकता है।

पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। पुलिस ने विभिन्न मामले में संलिप्त दो आरोपी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंगरांव निवासी कलक्टर महतो को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । श्री कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत वारंट था । तो वहीं दूसरी ओर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम भड़कुड़िया निवासी अप्राथमिकी अभियुक्त कौशल साह को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार उक्त आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 92/23 के आलोक में सुसंगत धारा 30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज था ।

मातम पूर्ति करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोथा निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य शंभू नाथ सिंह के 90 वर्षीय माता मुल्कराजो कुंवर के निधन की खबर सुनकर उनके पैतृक आवास पर जनप्रतिनिधि पहुंचे । तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन एवं वंदन किया । साथ ही उनके मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की । साथ ही साथ उनके द्वारा बताए हुए पदचिन्हों पर चलने को कहा । मौके पर पूर्व सांसद उपेंद्र कुशवाहा,पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह , काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया शारदा सिंह,विनोद सिंह, जयश्री मुखिया अभिभावक रितेश सिंह,पूर्व मुखिया विनोद सिंह, विरेंद्र सिंह,अखिलेश सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

समृद्धि रोजगार मेले में पहले ही दिन मिले 500 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विक्रमगंज/रोहतास। बिहार के युवाओं को स्वालंबी बनाने और उन्हें आर्थिक दृष्टि से समृद्ध करने हेतु विक्रमगंज के खैराभूधर में समृद्धि रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय रोजगार मेले का उदघाटन शनिवार को समाजसेवी किरण प्रभाकर ने किया, जिनके प्रयासों से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। पहले ही दिन लगभग 500 अभ्यर्थियों को समृद्धि रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र दिया गया। आपको बता दें कि इस दो दिवसीय मेले में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की पेशेवर लोगों द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन भी किया जा रहा है और देश की कुछ प्रमुख कंपनियां भाग लेकर रोजगार भी दे रही है। उक्त अवसर पर समाजसेवी किरण प्रभाकर ने बताया कि बिहार मैं नौकरियों की काफी किल्लत है। ऐसे में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए यह मेला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समृद्धि रोजगार मेले ने भारत में नौकरी मेलों के इतिहास में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले इस रोजगार मेले के पहले दिन साक्षात्कार में भाग लेने वाले लगभग उम्मीदवारों को नौकरी मिल गई। ट्रैवल एंड हॉस्पिटैलिटी, ऑटोमोटिव, एफ एंड बी, कंस्ट्रक्शन, फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज, इंजीनियरिंग सर्विसेज, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में फैली 15 कंपनियों ने सेल्स एंड सर्विस, ऑपरेशंस, ब्रांच मैनेजमेंट आदि में 500 उम्मीदवारों को नियुक्त किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए किरण प्रभाकर ने कहा कि अपने गांव और उसके लोगों को मानचित्र पर लाना मेरा सपना है, और ऐसा करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि समृद्धि रोजगार मेले के माध्यम से रोहतास जिले के युवाओं के लिए समृद्धि का एक मंच बनाया जाए। मुझे बहुत खुशी है आज पहले हीं दिन लगभग 500 छोटे भाई-बहनों को पक्की नौकरी मिल गई है और बदले में उन्होंने अपने माता-पिता और पूरे बिहार को गौरवान्वित और समृद्ध बनाया है। यह वास्तव में मेरी मातृ भूमि को वापस देने के मेरे अभियान की एक शानदार शुरुआत है, और हम अगले साल समृद्धि रोजगार मेला 2024 के साथ वापस आएंगे। उन कंपनियों को मेरा हार्दिक धन्यवाद जो मुझ पर विश्वास करके और यहां के प्रतिभा पर विश्वास करके यहां आईं। वे सभी उपस्थित हुए 100% उम्मीदवारों को भर्ती करके और इस प्रक्रिया में एक रिकॉर्ड बनाकर हमारे 100% इरादे और प्रयास से मेल खाते थे।

दुर्गा पूजा त्यौहार को उल्लासपूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जाएगी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर युवा किंग कला मंच स्टेशन रोड डेहरी ऑन सोन की बैठक पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिव मंदिर प्रांगण में की गई बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पंडाल निर्माण लाइटिंग व्यवस्था एवं पूजा सामग्री एवं सहयोग राशि इत्यादि पर विशेष चर्चा किया अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग लगातार 27 वर्षों से पूजा समारोह शांतिपूर्ण और उल्लास पूर्वक कर रहे हैं हमारे संस्था में हिंदू मुस्लिम सभी सदस्य हैं सचिन के पद पर 27 वर्ष से वरिष्ठ पत्रकार वारिस अली अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं मेरी संस्था सौहार्द का एक मिसाल बना हुआ है इसलिए हम सदस्यों से आग्रह करते हैं कि बिल्कुल अनुशासन में रहते हुए पुलिस प्रशासन के दिशा निर्देश का पालन करते हुए पूजा को पूजा की विशेषता को ध्यान में रखकर हम मानेंगे उपस्थित पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता बबली सिंह बिश्नोई विनय प्रताप सिंह संदीप कुमार गुप्ता गट्टू बाबू गल्लू कुमार राजू सिंह सुरेंद्र चौधरी पांडे जी पुस्तक भंडार उपेंद्र सिंह अविनाश कुमार सिंह दिलीप कुमार गुप्ता इत्यादि दर्जनों नौजवान सदस्यों ने सर्वसम्मति से कहा कि हम लोग शांतिपूर्ण और उल्लास पूर्वक पूजा व्यवस्था करेंगे पंडाल निर्माता में बंगाल के मुस्लिम कारीगर वैशाली टेंट हाउस के तरफ से अपनी कलाकारी प्रस्तुत करेंगे चाचा संजय चौधरी अपने आर्ट के माध्यम से नया रंग परिदृश्य बनाएंगे।

राजपुर चौक पर शौर्य जागरण रथ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में निकाली गई शौर्य जागरण रथ शनिवार को राजपुर पहुंचने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तथा सनातन धर्मावलंबियों ने भव्य स्वागत किया ।पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रथ को राजपुर चौक पहुंच शौर्य जागरण रथ के साथ आए विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के नेताओं को फुल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया । साथ ही सनातन धर्मावलंबियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मुमण की आरती उतारकर, श्रीराम की जय हो सनातन धर्म की जय हो व विभिन्न प्रकार की जयघोष किया गया । वही हिंदू परिषद के विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम सभी सत्यवादी हरिश्चंद्र के पुत्र रोहतेश्वेर के वंशज है । सनातन धर्म के मानने वाले सनातनी हिंदू है । इस लिए अयोध्या में बन कर तैयार हो रहे भगवान रामलाला की भव्य मंदिर पट द्वारा खुलते ही इस जिला के हजारों सनातनी अयोध्या जायेगे । रथ यात्रा को ले स्थानीय पुलिस प्रशासन चौकस दिखी । इस दौरान रंजन चौधरी, नरेंद्र महतो, दीपक प्रसाद ,भरत तिवारी, जैकी सिंह, गौतम साह, उमाशंकर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, सोनू गुप्ता, उमेश गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे ।

आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे देशव्यापी सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत नगर के वार्ड नंबर 05 के महादलित बस्ती में जन संपर्क अभियान चलाकर आम लोगों को विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना "आयुष्मान भारत योजना" के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह ने सभी पुरुष एवं महिलाओं को प्रधानमंत्री जी के द्वारा चलाए गए "आयुष्मान भारत योजना" के बारे में बताते हुए कहा कि "आयुष्मान कार्ड" आप सभी जल्द से जल्द बनवाएं और पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का लाभ उठावें। साथ ही साथ जिनका भी राशन कार्ड नहीं बना हो वो अपना राशन कार्ड बनवा कर प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत मुफ्त अनाज का भी लाभ उठाएं। उन्होंने विश्वकर्मा योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार योजना के बारे में भी लोगों को विस्तार रूप से बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि उनके द्वारा चलाए गए सभी योजनाओं का लाभ गरीब एवं दलित बस्तियों तक पहुंचे और गरीब से गरीब जनता उनका लाभ उठाएं। वहीं जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह ने लोगों को प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया एवं कहा कि आप सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा, मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सिकन्दर सिंह, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, अजय कुमार, रौशन कुमार सिंह, संजय गुप्ता, जय सियाराम , संतोष कुमार आर्य एवं आम जनता उपस्थित थे।

तीन ट्रेनें की समापन में बदलाव

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो ,सासाराम (रोहतास)। सासाराम-आरा रेलखंड पर सासाराम से खुलने वाली तीन ट्रेनों के समापन स्टेशन पर पहुंचने के समय सारणी में एक अक्टूबर से आंशिक परिवर्तन किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के अनुसार सासाराम से खुलने वाली गाड़ी संख्या 03612 सासाराम-पटना पैसेंजर 11.30 के बदले 11.20 बजे पटना पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03620 सासाराम-आरा पैसेंजर 11.20 के बदले 10.35 बजे आरा पहुंचेगी। जबकि गाड़ी संख्या 03672 सासाराम-आरा पैसेंजर 13.10 के बदले 12.55 बजे आरा पहुंचेगी।

पुलिस छापेमारी में मिनी गन फैक्ट्री मिली

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)। आरक्षी अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रोहतास पुलिस की चेनारी थाना में टीम गठित कर बड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें चेनारी थाना की पुलिस पदाधिकारी ने मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया है। चेनारी थाना के केनार वन सड़क किनारे बगीचे में चली छापेमारी में अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा 1, जिन्दा कारतूस 11, छेनी, हथौड़ी एवं भारी मात्रा में हथियार बनाने का अन्य उपकरण को किया बरामद/जप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आगे की अग्रतर कारवाई की जा रही है।

शौर्य जागरण यात्रा पहुंचा नासरीगंज, रामभक्तों ने जमकर किया स्वागत

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान निकाली गई "शौर्य जागरण यात्रा" शनिवार को नासरीगंज प्रखण्ड पहुंचा। इस अवसर पर नगर के श्रीराम नवमी शक्ति शोभा यात्रा कमिटी के अध्यक्ष चंद्रकांत कुमार मुन्ना के नेतृत्व में यात्रा बरडीहा से चलकर तालाब स्थित हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां कमिटी के अध्यक्ष ने शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत किया और यात्रा के साथ आये हुए बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। यात्रा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार ने कहा कि हिन्दू युवाओं में अपने पूर्वजों के प्रति गौरव का मान जागृत हो अमर बलिदानियों के जीवन चरित्रों से प्रेरणा लेकर देश के लिए जीवन जीने हेतु संकल्प लें। हिन्दू धर्म और संस्कृति के प्रति श्रद्धा जागृत हो उसके वैज्ञानिक महत्व को समझें। हिन्दू हम सब एक हैं अर्थात सामाजिक समरसता के लिए संकल्पबद्ध हों। इस मौके पर श्री रामनवमी कमेटी के उपाध्यक्ष अनिल यादव, सचिव राजू मेहता, कोषाध्यक्ष राधारमण गुप्ता, अंशु कुमार शिपु, कुंदन कुमार, पिंटू कुमार, अमित कुशवाहा, सिकंदर सिंह, शैलेंद्र सिंह, लुकेश्वर कुमार प्रिय, राजू कुमार, नवतेज कुमार, संतोष आर्या, रौशन कुमार सिंह, मनोज बजरंगी, अविनाश कुमार बब्लू, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य बागी जी, शास्त्री जी, प्रांत धर्माचार्य प्रमुख परशुराम कुमार, विकास कुमार, दीपक दास, रविंद्र राय, गोपी कुमार, ओम कुमार, रंजीत कुमार व रितेश राज समेत काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

पोषण मेला का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)। दावथ प्रखंड स्थित बाल विकास कार्यालय में बाल विकास पदाधिकारी सुषमा भेलरिया टोप्पो ने दिप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय पोषण माह मेला का उद्घाटन किया । जिसमें पोषण से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई। मौके पर सही पोषण देश रोशन का नारा बुलंद किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह में उत्तम स्वास्थ्य एवं शरीर के पोषण स्तर को बढ़ावा देने के लिए योगा के बारे में जानकारी दिया गया ।इस कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं को शामिल कर अलग अलग आसन की जानकारी दी गयी। बच्चों को अलग आसन, गर्भवती महिलाओं के अलग आसन और धात्री महिलाओं को अलग आसन की जानकारी दी गयी। इसके अलावा लोगों में जागरूकता लाने के लिए पोषण आहार की भी जानकारी दी गयी। बच्चों एवम महिलाओं को बताया गया कि नियमित तौर पर यदि योग किया जाए और योगिक आहार लिया जाए तो शरीर में स्फूर्ति और ऊर्जा बनी रहती है। इस दौरान योग के अन्य फायदे भी बताए गए।मौके पर स्वच्छता प्रखंड समन्वयक पंकज किरण, महिला पर्यवेक्षिका विमला कुमारी, मालती कुमारी,डाटा ऑपरेटर रुक्मणी कुमारी ,कार्यालय लिपिक दीपक कुमार ,प्रखंड समन्वयक अनुपम कुमार पांडेय,कृषि सलाहकार ओमप्रकाश सहित प्रखंड के सभी सेविका उपस्थित थीं।

कार्यशाला स्वच्छ भारत अभियान के दूसरे चरण में उक्त अभियान को चलाया जा रहा

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज, रोहतास। प्रखण्ड मुख्यालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन बीडीओ मो.जफर इमाम के नेतृत्व में शनिवार को किया गया। उदघाटन बीडीओ समेत उपस्थित अन्य अधिकाररियों ने द्वीप प्रज्वल्लित कर किया। इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से साफ सफाई स्वच्छता प्रबंधन, यूजर्स चार्ज संग्रह,एवं कचड़ा से विभिन्न वस्तुओं के निर्माण से स्वरोजगार को मिलने वाले बल के विषय में विस्तृत रूप से उक्त अभियान से जुड़ी जीविका महिला कार्यकर्ताओं, एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं समेत स्वच्छता गरहियों को बताया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के दूसरे चरण में उक्त अभियान को चलाया जा रहा है जिसे सभी आत्मसाध करें और अपने अपने पंचायतों में प्रमुखता से लागू करने के लिए सक्रियता दिखाएं। कचड़ा के रिसाइक्लिंग से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर गांव के लोग स्वरोजगार हो चकते हैं। शिघ्र प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में रोजगारोन्मुखी योजना उक्त प्रबन्धन के माध्यम से चलाई जाएगी। मौके पर सीओ अमित कुमार,मनरेगा पीओ रामाशंकर दुबे, बीएओ मिथिलेश मिश्रा, बीपीएम जीविका मनोज कुमार,प्रखण्ड समन्वयक चेतन आनन्द, बीसीओ समेत बड़ी संख्या में जीविका दीदी,सेविका सहायिका,एवं स्वच्छता ग्रही उपस्थित थे।

शौर्य रथ का बिक्रमगंज में हुआ भव्य स्वागत, जय श्री राम एवं भारत माता की जयकारा से गूंज उठा शहर

दैनिक सुब भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू जागरण की उद्देश्य से संपूर्ण भारत में आयोजित शौर्य रथ यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार की देर शाम बिक्रमगंज में रथ पहुंचा। जिसका स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। नगर परिषद क्षेत्र में प्रवेश होते ही जोगी वीर टोला पर पहुंचे सैकड़ो की संख्या में सनातनियों ने रथ के साथ चल रहे धर्मावलंबियों का फूल माला से स्वागत किया और जय श्री राम तथा भारत माता की जयकारा लगाते हुए शहर की ओर बढ़ चले। शहर के तेंदूनी चौक पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अधिकारी सह गौ रक्षा प्रमुख त्रिलोकी नाथ बागी ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि शाहाबाद क्षेत्र होते हुए औरंगाबाद, अरवल एवं जहानाबाद के रास्ते शौर्य यात्रा पटना को पहुंचेगी। इसकी शुरुआत अति प्राचीन ऐतिहासिक भभुआ की देवी स्थल मुंडेश्वरी धाम से शौर्य रथ प्रारंभ किया गया है। बिहार प्रदेश विश्व हिंदू परिषद के रामायण शास्त्री ने बताया कि यह आयोजन भारत के सभी राज्यों में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के तत्वाधान में अलग-अलग नेतृत्व कर्ताओं के नेतृत्व में निकल गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य अंजनेश्नानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन, कृषि एवं संस्कृति रक्षा हमारा उद्देश्य है। अपनों को जागृत करने के साथ उनके अंदर चिंतन का भाव भी विकसित करना है। यात्रा के साथ पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के रोहतास जिला मंत्री गोपी नंद, बजरंग दल विभाग संयोजक विकास, गौ रक्षा प्रमुख रविंद्र कुमार राय आदि का सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम कुमार, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के रितेश राज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विभाष, नगर कार्यवाह संतोष भंडारी, प्रचार प्रमुख दीपक एवं जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख संजय सहित सैकड़ो लोगों ने भव्य स्वागत किया।

कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने लिए टीम हुई रवाना

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)। राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए बिहार की टीम में कैमूर के 11 खिलाड़ी और 2 कोच का चयन हुआ । बिहार कुश्ती संघ के सचिव विनय कुमार सिंह , कार्यालय सचिव विजय कुमार सिंह और कैमूर कुश्ती संघ के सचिव भोरिक सिंह यादव ने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर विदिशा मध्य प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कैमूर कुश्ती संघ के सचिव भोरिक यादव द्वारा मिली जानकारी के अनुसार छपरा में आयोजित बिहार विद्यालय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ट्रायल के दौरान जिसने अच्छा कला प्रदर्शन किया था।उनका चयन राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया था।जिन्हें विदिशा मध्य प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय विद्यालय

कुश्ती प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया। इनमें कैमूर से चयानित खिलाडीयो की सूची इस प्रकार बतायी जाती हैं .

खास ख़बर

शराब के नशे में एक गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)। स्थानीय थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र से शराब के नशे में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार कि देर शाम गंगापुर गांव निवासी मोहम्मद अब्दुल सत्तार अंसारी के पुत्र मोहम्मद शाहिद अंसारी शराब के नशे में पिता के द्वारा दुर्गावती पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची दुर्गावती पुलिस के ने अब्दुल सत्तार अंसारी को जब जांच किया गया तो शराब का सेवन किए हुए पाया गया गिरफ्तार कर पुलिस कागजी प्रक्रिया में जुट गई।

मांगों के समर्थन में वार्ड सदस्यों ने निकाला आक्रोश मार्च

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)। बिहार राज्य वार्ड सदस्य महासंघ के आह्वान पर शनिवार को प्रखण्ड के वार्ड सदस्यों ने आक्रोश मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च कैमूर जिले के चैनपुर थाना से निकलकर प्रखण्ड कार्यालय चैनपुर पहुंचा। प्रखंड के हर पंचायत से आए वार्ड सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी करते अपने हक अधिकार की मांग की। आक्रोश मार्च का नेतृत्व कर रहे प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह नेतृत्व में प्रखंड में वार्ड सदस्यों के साथ आक्रोश मार्च निकाला गया इसी क्रम में आज चैनपुर प्रखंड का आक्रोश मार्च है। आक्रोश मार्च में सम्मिलित लोगों ने बताया कि 3 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष राजू पासवान के नेतृत्व में लिच्छवी भवन से आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। पूरे शहर का भ्रमण कर जिला मुख्यालय गेट पर एकदिवसीय अपनी मांगों को लेकर धरना दिया जाएगा। इस आक्रोश मार्च में जिले के हर पंचायत से वार्ड सदस्य एवम प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर कहां की वार्ड सदस्यों को सम्मान नहीं मिल रहा है। सिर्फ कार्यकारिणी में हस्ताक्षर कराया जाता है।सिंह ने कहा की 15वे वित्त आयोग के अनुदान की राशि प्राप्ति के 7 दिनों में पंचायत सचिव ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिमा माह 4000 रुपए की दर से अनुदान की राशि वार्ड क्रियान्वयन समिति के खाते में स्थानांतरित करना सरकार का आदेश था लेकिन प्रखंड के अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा आज तक वार्ड क्रियान्वयन समिति के खाते में स्थानांतरित नही किया गया।इस मौके पर शिवानंद पासवान, जितेंद्र पासवान, रिंकू यादव, रामायण गुप्ता, अरविंद पासवान, कृष्ण कुमार,घनश्याम रजक, उर्मिला देवी,रेखा कुमारी, राजाराम यादव, सहित तमाम वार्ड सदस्य आक्रोश मार्च में शामिल थे।

वार्ड सदस्यों ने बीपीआरओ को सौंपा ज्ञापन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती(कैमूर)। प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यों ने मिलकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी को 14 सुत्रीय मांगो का सौंपा ज्ञापन।मिली जानकारी के अनुसार वार्ड सदस्यों की 14 सूत्री मांगे हैं जो सरकार से की यह मांगे पूरी करने के लिए ज्ञापन सौंप कर गुहार लगाई है। वार्ड सदस्य ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से वित्तीय पावर सरकार द्वारा पुनः लागू किया जाए। हम लोगों की और जो मांगे हैं वो स्पष्ट रूप से मांग पत्र में सौंप दिए हैं।

ग्राम कचहरी सबार में सरपंच व पंचो ने बैठक कर चलाया स्वच्छता अभियान

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)। प्रखंड अंतर्गत स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्राम कचहरी सबार में सरपंच प्रतिनिधि फखरुद्दीन अंसारी के अध्यक्षता में सभी पंच व सचिव के साथ बैठक की गई, बैठक की संचालन सचिव प्रियंका सागर ने किया, सरपंच आयशा बीबी के द्वारा संदेश दिया गया, कि स्वच्छता ही सेवा है।अभियान के तहत सरपंच व पंचों ने सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में न्याय मित्र श्याम बिहारी प्रसाद के साथ ही पंच मीरा देवी, रुकमीना देवी, राम पूजन राम, शंभू पासवान, सुमन कुमारी, गुड़िया देवी, मीना देवी, के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए, ग्राम कचहरी सबार में साफ सफाई किया गया। एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।

11 केंद्रो पर बी पी एस सी की परीक्षा शांतिपूर्वक हुई संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर। भभुआं बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 69वी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2023 जिले के 11 परीक्षा केन्द्रो पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।इस दौरान कुल 6312 परिक्षार्थियों के विरूद्ध 4984 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1328 अनुपस्थित। सभी परीक्षा केंद्रो पर चाक- चौबंद व्यवस्था के तहत पुरे मुस्तैदी से परीक्षा आयोजित की गयी। वहीं सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस जवान तैनात रहे।जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कैमूर के द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

58.320 मिली अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर। जिला के सोनहन थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरा मोड़ चावल मिल से 58.320 मिलीलीटर 8 पीएम अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज को किया गया गिरफ्तार। संदर्भ में जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक राकेश रौशन के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों को संकल्पित रूप से पालन करते हुए, नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में शनिवार दोपहर 1:00 बजे के लगभग थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरा मोड़ चावल मिल के पास शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ। गुप्त सूचना के पुष्टि हेतु थाना प्रशासन द्वारा उक्त चावल मिल के समीप छापेमारी किया गया। जिस क्रम में शराब धंधेबाज प्रेम शाह को 8 पीएम अंग्रेजी शराब टेट्रा पैक के साथ दबोच लिया गया। धंधेबाज के शिनाख्त पर उक्त चावल मिल के अंदर से कुल सात पेटीयों में 324 पीस 180 मिलीलीटर का टेट्रा पैक बरामद किया गया। जिस जुर्म में शराब जप्त करते हुए धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। प्रेम शाह का स्थाई निवास भभुआं में है, जिसके द्वारा सिकरा मोड़ के पास अपना मकान तैयार कर चावल मिल चलाया जाता है।

चोरी से पीड़ित महिला के आवेदन पर मामला हुआ दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, रामपुर (कैमूर)। प्रखंड अंतर्गत करमचट थाना क्षेत्र के बनौली ग्राम वासी चोरी से पीड़ित महिला के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला हुआ दर्ज। आपको बताते चलें कि विगत सोमवार की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा बनौली गांव में मंटू चौबे के घर में घुस कर चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया था। चोरी से पीड़ित घर वासियों के घर पर न होने की वजह से थाना प्रशासन द्वारा मामला संज्ञान में आने के बावजूद भी दर्ज नहीं किया गया था। शनिवार को चोरी से पीड़ित मंटू चौबे के पत्नी मुनि देवी के द्वारा शनिवार को करमचट थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुनीत कुमार से मिलकर, आवेदन सौंपते हुए,जानकारी दिया गया, कि हमलोग पति व बाल बच्चों के साथ हैदरबाद में रहते है। हमारी सास के द्वारा विगत सोमवार को चोरी के घटना की जानकारी दी गई। तो मैं हैदराबाद से आकर अपना गोदरेज व बक्सा में रखा सामान सोने का झुमका, बाली,रिंग एवं चांदी हथसंका , पयजनी चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है।

चैनपुर प्रशासन के द्वारा हाटा से 21.800 मिलीलीटर शराब को किया गया जप्त

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)। थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र हाटा बाजार से 21.800 मिलीलीटर शराब को किया गया जप्त। संदर्भ में जानकारी देते हुए, थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार के द्वारा बताया गया, की थाना प्रशासन को गुप्त सूचना मिला की एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश से शराब लाकर घर से बिक्री करता है। इसके पुष्टि के लिए तत्काल एक टीम का गठन किया गया। जिसमें एएसआई खुशबू कुमारी सहित पुलिस बल की टीम ने बिना समय गवाए पुलिस हाटा बाजार होते हुए हवई पहुंची, जहां पुलिस की गाड़ी को आते देख कर तस्कर रोहित पासवान पिता छोटू पासवान ने पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जहां पुलिस ने उसके घर में घुसकर तलाशी लिया तो उसके घर से 200 मल का 109 पीस ब्लू लाइन देसी शराब 21 लीटर 800 ग्राम पाया गया जहां से प्रशासन द्वारा शराब को कब्जे में लेकर चैनपुर थाना लाया गया। धंधेबाज के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही जारी है।

भूमि से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु लगा जनता दरबार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)। भूमि मामले से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु दुर्गावती थाने में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें नए कुल पांच मामले आए जबकि नए पुराने सहित कुल तीन मामलों का निपटारा किया गया। बताते चलें कि शनिवार को दुर्गावती थाना परिसर में अंचलाधिकारी दुर्गावती लक्ष्मण सिंह और थाना अध्यक्ष दुर्गावती राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व मे भूमि से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल पांच नए मामले आए वहीं नए पुराने मिलाकर तीन मामलों का निपटारा किया गया। जबकि शेष मामलों में नोटिस किया गया ।वही इस संबंध में पूछे जाने पर हम अंचलाधिकारी दुर्गावती लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शनिवार को नए पांच मामले आए जबकि नए एवं पुराने कुल मिलाकर तीन मामलों का निष्पादन किया गया । जबकि शेष मामलों में नोटिस किया गया ।

पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पटना से आई बाइकर्स की टीम को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर। जिला में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना से आई बाइकर्स टीम को कैमूर डीएफओ चंचल प्रकाशम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना। संदर्भ में जानकारी देते हुए डीएफओ ने बताया कि पटना से जो बाइकर्स राइडर की टीम आई है, वह कैमूर में पर्यटक स्थल और वादियों को देखेंगे, और लोगों को दिखलाएंगे। इसे देखकर जिला में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य कैमूर में जो पर्यटक स्थल है, पहाड़ी वादियां है, जलप्रपात है, सभी भारत में सबसे अच्छे पर्यटक स्थलों में से एक है। उन्हें बढ़ावा देना है और भारत के मानचित्र में कैमूर वादियों और जलप्रपातों का नाम लाना है।

महुअरिया गांव मे झाड़ू लगाकर चलाया गया स्वच्छता ही सेवा है जागरूकता अभियान

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुर्गावती(कैमूर)। स्थानीय प्रखंड के महुअरिया गांव मे मुखिया संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में पर्यवेक्षक अनिल कुमार के द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा है जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बताया गया कि जब हम बाहर गंदगी करते हैं या कूड़ा कचरा फेंकते हैं, तो उससे जो दुर्गंध निकलती है उसे एक तरफ जहां वायुमंडल की हवाएं दूषित होती हैं,तो दूसरी तरफ उन पर मक्खी जैसे छोटे-छोटे कीट बैठ करके संक्रमित कीटाणुओं को लेकर अपने साथ हमारे खाना पीने के पानी और शरीर के ऊपर बैठ जाते हैं। जिसकी वजह से नाना प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। इसलिए हमें बाहर न शौच करना है, न ही घर का अपशिष्ट पदार्थ फेंकना है। इस प्रकार से कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए पर्यवेक्षक के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। वही उन्हें इस विषय मे अपने घर परिवार एवं पास पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करने का अपील भी किया गया।

बिस्तर पर सोई हुई महिला की जहरीला सांप के काटने से हुई मौत

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा(कैमूर)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्दलपुर गांव में घर के अंदर बिस्तर पर सोई हुई महिला की जहरीले सर्प के काटने से हुई मौत। संदर्भ में जानकारी देते हुए मृतका के परिजनों द्वारा बताया गया,की सीमा कुमारी उम्र लगभग 28 वर्ष पति संतोष कुमार सिंह घर के अंदर बिस्तर पर सोई हुई थी, की बिस्तर पर चढ़कर अचानक जहरीला सर्प ने डंस लिया। जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों द्वारा आनन-फानन में मोहनियां अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज करने के उपरांत, स्थिति को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल भभुआं के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। सदर अस्पताल भभुआं में इलाज के क्रम में चिकित्सकों द्वारा पाया गया, कि महिला की मौत हो गई है। अस्पताल प्रशासन द्वारा शव का अंत्य परीक्षण कराने के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

आश्वस्त भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष किसानों की रखी गई समस्या

"भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किसानों को हर संभव सहायता हेतु किया आश्वस्त"

कैमूर। भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कैमूर के द्वारा भाजपा कार्यालय पटना में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर किसानों की रखी गई समस्या। आपको बताते चलें कि भारतमाला परियोजना के तहत कैमूर के पांच प्रखंडों से गुजरने वाली वाराणसी रांची कोलकाता एक्सप्रेस वे में किसानों की भूमि अधिग्रहण में अब तक मुआवजा का निर्धारण नहीं हो पाया है जिससे कि जिला के किसान परेशान है। पर लगातार 1 वर्ष से उचित मुआवजे की मांग हेतु किसानों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में आज तक कोई भी प्रतिनिधि भाग नहीं लिए। जबकि भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विमलेश पांडेय के द्वारा किसानों के हक में उचित मुआवजे की मांग को लेकर लगातार अग्रणी सहभागिता निभाया जा रहा है। जिस क्रम में श्री पांडेय के द्वारा शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पटना में, भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी से मिल कर कैमूर के किसानों को भूमि का उचित मुआवजे के विषय को उनके समक्ष रखा गया, प्रदेश अध्यक्ष द्वारा व्यस्त समय होते हुए भी उनके बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और समझा गया। उनके द्वारा यह आश्वस्त किया गया, कि हर संभव किसानों के हित में कार्य होगा और हम किसानों के साथ हैं।

देवी पूजन कर छोड़े गए चार बकरों के काटने की फिराक में एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां (कैमूर)। अनुमंडल क्षेत्र के रामगढ़ थाना में बीते शुक्रवार को मुर्गा का मांस बेचने वाले एक दुकान से देवी का पूजन कर छोड़े गए चार बकरों को पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान से चार बकरों सहित एक अपराधी को गिरफ्तार किया था। समाजसेवियों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज किया है। वही संबंध में रामगढ़ थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में कुल तीन लोगों पर पुलिस द्वारा एफआईआर किया गया है। जिसमें दुकान का मुख्य मलिक मिर्जा कुरैशी तथा उसके दो पुत्र अनीस कुरैशी और अब्दुल कुरेशी हैं, घटनास्थल से अब्दुल कुरैशी को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन की दबिश देखकर पिता मिर्जा कुरैशी और पुत्र अनीश कुरैशी फरार है दोनों को पुलिस तलाश कर रही है। गिरफ्तार व्यवसाई अब्दुल कुरैशी को आज मेडिकल जांच के बाद जिला जेल भभुआ भेज दिया गया है। सूत्रों के द्वारा बताया जाता है कि मिर्जा कुरैशी पर पूर्व में भी बकरा चुराने का मामला रोहतास जिला में दर्ज किया गया था जिसमें यह सजा भी काट चुका है।

ख़ास ख़बर

महात्मा गांधी के जयंती पर चलेगा स्वच्छता अभियान

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। महात्मा गांधी के जयंती पर क्षेत्र में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसको लेकर शासन के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने कहा कि संडे को भी विद्यालय खुलेगा सुबह दस बजे शिक्षक और बच्चे विद्यालय पर पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।जिसमे प्रभात फेरी निकलकर स्वच्छता के तहत लोगो को जागरूक किया जाएगा ।उसके बाद विद्यालय परिसर की साफ सफाई और मध्यान भोजन भी बनेगा।साथ ही क्लब बनाकर लोगो को जागरूक किया जाएगा।दो अक्टूबर को भव्य तरीके से महात्मा गांधी जयंती मनाई जाएगी।इसको लेकर सारे प्रधानाध्यापक और शिक्षको को सूचित किया गया है।

एसपी ने थाने के मुख्य गेट और बाउंड्री वॉल का फीता काट कर किया उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर। आज पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा थाना मोहम्मदाबाद पर नवनिर्मित बॉउंड्री वॉल तथा मुख्य गेट का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इसके बाद महोदय द्वारा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों,व्यापार मंडल के लोगों के साथ मीटिंग की गई तथा उनसे उनकी समस्याओं को सुना गया और सुधार के लिए उनसे सुझाव भी लिया गया। महोदय द्वारा अपने संबोधन में वहां व्यापार मंडल से आए हुए लोगों से अपने अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनके साथ किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए जागरूक किया गया। महोदय द्वारा माफियाओं तथा अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद,एसडीएम तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे।

अवैध तमंचा कारतूस के साथ एक अरेस्ट, भेजा जेल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर। एसपी ओमवीर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय थाना शादियाबाद के नेतृत्व में उ0नि0 पुष्पेश चन्द्र दूबे व मय हमराह देख भाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध वाहन अवांछनिय तत्व दुर्गा चौक शादियाबाद मामूर था कि जरिये मुखविर सूचना मिली की एक व्यक्ति असलहा के साथ बहरामपुर पुलिया के पास खड़ा है जो बड़ी घटना के आंजाम के फिराक में हैं यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता हैं कि सूचना पर पहुचा तो एक व्यक्ति हम पुलिस वालो को देखकर सड़क पर मुडकर तेज कदमों से भागना चाहा कि घेरकर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम मथुरी बिन्द पुत्र हरिलाल बिन्द निवासी छेदी बिन्द का पूरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 37 वर्ष बताया तथा जामा तलाशी ली गयी तो पहने हुए लोवर के दाहिनी फेट से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद मिस कारतूस 315 बोर के साथ समय करीब 11.45 बजे दिन में गिरफ्तार कर 218 धारा 3/25 A. Act पंजीकृत कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा जा रहा हैं ।

भारतीय जनता पार्टी बुथ सशक्तिकरण अभियान

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर जखनियां। भारतीय जनता पार्टी बुथ सशक्तिकरण अभियान मे आज पुर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने मंडल जखनिया प्रथम व जखनियां द्वितीय में आज प्रवास किया। जिसमें जखनिया प्रथम की बैठक सन शाइन पब्लिक स्कूल में मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव तथा जखनियां द्वितीय कि बैठक पंचायत भवन देवा में मंडल अध्यक्ष मनोज यादव की अध्यक्षता में हुई।इस अवसर पर पुर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा और जन सेवा के प्रति समर्पित होकर अपने सभ्यता संस्कृति और संस्कारों के प्रति लगातार निस्वार्थ भाव से काम करने में विश्वास रखते हैं। इस अवसर पर विधान सभा प्रभारी रघुवंश सिंह पप्पू, सरोज मिश्रा, विपिन सिंह आदि सहित मंडल पधाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी एवम संयोजक तथा बूथ अध्यक्ष और बूथ कमेटी पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया भौतिक सत्यापन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। पूरे जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत समस्त हेल्थ बैलेंस सेंटर पर स्वास्थ्य मेले के साथ ही अन्य कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शनिवार को भौतिक सत्यापन करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल के द्वारा कई स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर यथा स्थिति जानने का काम किया। शनिवार को हेल्थ वेलनेस सेंटर मेदिनीपुर पहुंचे जहां पर प्रिया राय के द्वारा कुल 55 मरीज का इलाज किया गया था। इसके पश्चात हेल्थ बैलेंस सेंटर सुहवल पूर्वी पहुंचे जो बंद पाया गया। हेल्थ बैलेंस सेंटर डेढ़गावा पर तैनात सीएचओ कमलेश कुमार के द्वारा 42 मरीज का उपचार किया गया था। हेल्थ वेलनेस सेंटर भीष्म देव राय पट्टी बंद पाया गया। वहां पर कार्यरत सीएचओ को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा नोटिस दिया गया। हेल्थ बैलेंस सेंटर उतरौली पर सीएचओ तेजपाल सैनी के द्वारा 48 मरीज का उपचार किया गया था। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संविदा को निर्देशित किया कि वह अपने हेल्थ बैलेंस सेंटर पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर शासन द्वारा सेवाएं आम जन को देना सुनिश्चित करें। यदि इसमें कोई शिथिलता बरतता है तो वह क्षम्य नही होगा। बताते चले कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सरकार देश के लोगों को स्वास्थ सेवाओं का तोहफा दिया । 17 सितंबर से आयुष्मान भवः कैंपेन की शुरुआत हुई। इस कैंपेन के तहत आम लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरुक करने और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया जाना है।

डीएम आर्यका अखौरी ने जनपद वासियों से की अपील, स्वच्छता ही सेवा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपद से समस्त जनपदवासियों से अपील किया है कि स्वच्छता ही सेवा-कचरा मुक्त भारतश् अभियान दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 02 अक्टूबर, 2023 के मध्य जनपद में संचालित है। इस अभियान के दौरान महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पूर्व दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर भारत सरकार द्वारा प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक एक घंटे का सार्वजनिक श्रमदान अभियान आहूत करने के निर्देश दिये गये है। "एक तारीख एक घंटा की थीम का उक्त श्रमदान अभियान सभी नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही सफल हो सकता है। यह अभियान जनपद गाजीपुर की सभी 1238 ग्राम पंचायतों में (प्रत्येक पंचायत में एक स्थान) तथा सभी 07 नगरीय निकायों में (प्रत्येक निकाय के प्रत्येक वार्ड में एक स्थान पर) 01 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक चलाया जाएगा। इस एक घंटे में चिन्हित स्थान पर सभी के द्वारा सामूहिक रूप से वृहद सफाई इस प्रकार से की जाएगी कि सफाई के बाद उक्त स्थान पर स्वच्छता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त होगा और प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि वह उचित परिधान में आए और यथा सम्भव पीने का पानी भी साथ ले आयें। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि सामूहिक श्रमदान आधारित इस वृहद सफाई अभियान में अपनी सुविधा अनुसार चयनित स्थान पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें। चयनित स्थानों की सूची https://swachhtahiseva.com पर उपलब्ध है।

नहर किनारे लगा जंगलों का अंबार आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर। जखनिया क्षेत्र से लगभग सैकड़ों एकड़ किसानों का फसल आजमगढ़ जखनिया शारदा सहायक नहर से सटा हुआ होने की वजह से किसानों का इसका लाभ आज से 10 वर्ष पूर्व पानी आती थी जिसका लाभ किसानों को मिलता था लेकिन 10 वर्षों से नहर में पानी तो नहीं आता लेकिन नहर में झाड़ी उग जाने पर जेसीबी से सफाई का कार्य कराई जाती है। नहर में पानी आता तो किसानों को बड़ी लाभ मिलता।यही नही नहर के दोनो तरफ बड़े बड़े घास उग जाने से लोगो को राह चलना मुश्किल होता है,कभी कभार जंगली जानवर झटका से निकल कर भागने में बहुत लोग चोटहिल हो जा रहे हैं।इसको शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों को ग्रामीणों ने अवगत कराया लेकिन आज तक पानी नहर में नहीं आया।जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने नहर के पास खड़े होकर अपना विरोध जताया।इस मौके पर प्रधान संदीप जायसवाल, जय सिंह,हैदर अली,निहाल ,छोटू राम,श्याम नरायन राम, असद अंसारी,संदीप खरवार,उमेश,गुड्डू गोड सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

विश्व रेबीज सप्ताह को लेकर हुई संगोष्ठी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर। विश्व रेबीज सप्ताह जो 25 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा। इसको लेकर आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल के द्वारा किया गया। इस दौरान रेबीज को लेकर चर्चा किया गया और बताया गया कि किन जानवरों के रेबीज से कितना प्रभाव पड़ता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि रेबीज एक वायरल जूनोटिक डिजीज है, जो कुत्ता, बिल्ली और बंदर समेत कुछ जानवरों के काटने से इंसानों में फैलती है।करीब 99 प्रतिशत मामलों में रेबीज की बीमारी कुत्तों के काटने से फैलती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में हर साल रेबीज की वजह से 59 हजार लोगों की मौत हो जाती है। इनमें 40 प्रतिशत 15 साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। रेबीज बेहद खतरनाक बीमारी है, जिसका संक्रमण व्यक्ति में फैल जाए, तो उसकी मौत हो सकती है। लोगों को रेबीज से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल वर्ल्ड रेबीज डे मनाया जाता है। पहली बार रेबीज दिवस मनाने की शुरुआत साल 2007 में हुई थी।इस खास दिन को सेलिब्रेट करने का उद्देश्य रेबीज से होने वाले खतरे और इससे बचने के बारे में जागरुकता फैलाना है। इस संगोष्ठी में डॉ मुंशीलाल,डॉ शाहबाज,प्रेमचंद चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ट्रेन के आगे कूदकर बुजुर्ग व्यक्ति ने दी जान

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर । दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के अमारी गांव स्थित संत बुला पीजी कॉलेज के सामने स्थित रेलवे ट्रैक पर आज सुबह 10:30 बजे लखनऊ से वाराणसी जा रही कृषक एक्सप्रेस ट्रेन के सामने अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति ने कूद कर आत्मदाह कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति 50 वर्ष सफेद पजामा और कुर्ता पहने थे और एक प्लास्टिक का थैला लेकर पेड़ के नीचे बैठे हुए थे ।जैसे कृषक एक्सप्रेस दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन से जखनिया की ओर जा रही थी तभी ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी ।मृतक के एक थैली में एक रुद्राक्ष, एक कलाई पर बांधने वाला धागा, रेल नीर बोतल का पानी, दर्जनों चाबियां मिली। देखते ही देखते ही लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तत्काल 112 पीआरबी पुलिस को सूचित किया गया। जिसमें 112 के दरोगा रामबदन यादव ने पहुंचकर शव को रेलवे पटरी से हटकर साइड किया ।वही जखनिया में वाराणसी से मऊ जा रही प्रयागराज मऊ डेमू ट्रेन 5 मिनट खड़ी रही। मौके पर जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गई।

एक घंटे की बारिश से शहर का कई इलाका हुआ जलमग्न

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। शनिवार को पूरे जिले में तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई। एक घंटे की बारिश में शहर के बाजारों व मुख्य मार्गों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। लेकिन बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से काफी राहत भी मिली। शनिवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, लेकिन लोगों को गर्मी व उमस से राहत नहीं मिल पा रही थी। दोपहर में आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। एक घंटे तक जमकर बारिश हुई। शहर में नगर पालिका के नाले व नालियों की सफाई के दावों की पोल भी खुलकर सामने आई। शहर के मिश्र बाजार, महुआबाग, लालदरवाजा, कचहरी, विकासभवन चौराहा समेत अनेक स्थानों पर पानी भर गया। जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे बाद शहर से पानी उतरने पर लोगों का आवागमन शुरू हो सका। खबर लिखे जाने तक शहर के कई हिस्सों में अभी भी बारिश का पानी भरा हुआ है।

जिलाध्यक्ष ने बस्तियों में जनसंपर्क कर समस्याओं को सुना

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जयंती सेवा पखवाड़ा मे शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बस्ती जनसंपर्क अभियान अंतर्गत जंगीपुर विधानसभा के सुहवल और मलसा की बस्तियों में जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को बताया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नयी ऊंचाईयों की ओर तेज गति से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार सेवा कार्यों के दौरान कल स्वच्छता अभियान का वृहद कार्यक्रम चलाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरविंद राय, श्रवण राम, राधेश्याम कुशवाहा, प्रफुल्ल चंद्र राय, सुनील पटेल, आशुतोष राय, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

सभी व्यापारी दुकानदार सीसीटीवी कैमरे का करें प्रयोग-एसपी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा थाना मोहम्मदाबाद पर नवनिर्मित बॉउंड्री वॉल तथा मुख्य गेट का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों,व्यापार मंडल के लोगों के साथ मीटिंग की गई तथा उनसे उनकी समस्याओं को सुना और सुधार के लिए उनसे सुझाव भी लिया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने व्यापार मंडल से आए हुए लोगों से अपने अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनके साथ किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए जागरूक किया । उन्होने माफियाओं तथा अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के बारे में भी लोगों को अवगत कराया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद,एसडीएम तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

बदहाली | पूर्व में भी लापरवाही मिली थी जल्द होगी कार्रवाईः बी ओ निर्लेंदु चौधरी

शिक्षा की मंदिर कहे जाने वाले मंदिर में गुरुजी आए दिन हो रहे लेट

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर। भुडकुडा थाना क्षेत्र के सदरजहांपुर कंपोजिट विद्यालय गाजीपुर आजमगढ़ का सरहद पर स्थित होने की वजह से बच्चों का जमावड़ा ज्यादा रहता है। टी जूनियर हाई स्कूल के अध्यापक और अनुदेशक समय सारणी से काफी लेट विद्यालय पहुंचते हैं। और अगर प्रधानाध्यापक सवाल करता है तो उसके ऊपर धमकी देते हैं और प्रधानाध्यापक का फाइल छीनकर सिग्नेचर कर देते हैं। ऐसा ही आज सुबह 9:00 बजे विद्यालय में हुआ इसके बाद प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पांडे ने इसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी को दी। जब खंड शिक्षा निर्लेंदु चौधरी से वार्ता है तो उन्होंने कहा कंपोजिट विद्यालय सदर जहांपुर गांव के में जूनियर विद्यालय के अनुदेशक और सहायक अध्यापक सरकार के गाइडलाइन के नियम को आए दिन धज्जियां उड़ा रहे हैं ।उसके पूर्व में भी ऐसे मामला सामने आया था जिसने भदौरा के खंड शिक्षा अधिकारी से जांच कराई गई थी। लेकिन यह अनुदेशक और सहायक अध्यापक आए दिन विद्यालय के अनुशासन को तोड़ रहे हैं ।खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने कहा कि प्रधानाध्यापक को बोला गया है जो भी शिकायत है उसको भेजा करें जल्द उच्च अधिकारियों कोई पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की जाएगी ।किसी भी प्रकार विद्यालय पर लापरवाही बरतने वालों को बक्सा नहीं आएगा।

प्रत्येक माह की 10 तारीख तक GSTR&7 रिटर्न के रूप में दाखिल किया जाय

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद गाजीपुर के उत्तरदायी सभी विभागों/कार्यालयों से संबंधित आहरण वितरण अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार राइफल क्लब गाजीपुर में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राज्य कर विभाग गाजीपुर द्वारा आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुनील कुमार, उपायुक्त राज्य कर गाजीपुर द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों के साथ ही विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक टी०डी०एस० की कटौती हेतु राज्य कर विभाग में ऑनलाईन प्रक्रिया से पंजीयन लेना अनिवार्य है। यह भी बताया गया कि समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को रू० 2.50 लाख से अधिक के करयोग्य भुगतान पर 1 प्रतिशत सी0जी0एस0टी0 एवं 1 प्रतिशत एस0जी0एस0टी0 अथवा अंतर्प्रान्तीय भुगतान की दशा में 2 प्रतिशत आई0जी0एस0टी0 की टी०डी०एस० कटौती किया जाना है। उक्त कटौती के उपरांत कटौती का विवरण प्रत्येक माह की 10 तारीख तक GSTR&7 रिटर्न के रूप में दाखिल किया जाना है तथा काटे गये टी०डी०एस० के संबंध में संबंधित डिडक्टी को 5 दिन के अन्दर टी०डी०एस० प्रमाण पत्र GSTR&7 A प्राप्त कराना है। निर्धारित अवधि के अंतर्गत रिटर्न दाखिल न करने अथवा टी०डी०एस० प्रमाण पत्र प्राप्त न कराने की दशा में विलम्ब फीस रू0 25 प्रतिदिन अधिकतम रू0 1000.00 तथा ब्याज 18 प्रतिशत की दर से देय होगा तथा टी०डी०एस० कटौती का दायित्व होते हुए भी टी०डी०एस० कटौती न किये जाने अथवा कम दर से कटौती किये जाने की दशा मे सुसंगत प्रावधानों के अधीन अर्थदण्ड की भी कार्यवाही सम्पादित की जा सकती है जो कि रू0 10,000.00 से रू0 50,000.00 तक हो सकती है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य कर विभाग गजीपुर के अन्य अधिकारी राजेश ओझा (आहरण वितरण अधिकारी राज्य कर गाजीपुर), प्रभात कुमार सिंह सहायक आयुक्त राज्य कर, डा० सतीश कुमार सिंह सहायक आयुक्त राज्य कर, दीपक सिंह, अतुल यादव राज्य कर अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के लगभग 40 आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

ख़ास ख़बर

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की हुई बैठक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक की अनुपालन आख्या उपायुक्त प्रशासन राज्य कर एवं सदस्य सचिव जिला व्यापार बंधु वीरेंद्र नारायण वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर व्यापारियों उद्यमियों की समस्याओं एवम् सुझावों को जिलाधिकारी द्वारा एक एक करके गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न मार्गों में सीवर लाइन डालने हेतु मार्गों को तोड़ने/खुदाई कर उसे सही न करने की अवशेष समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम/ नागर कार्य इकाई को संबंधित व्यापारी के साथ समन्वय कर अवशेष मार्गों का अवलोकन करने तथा सभी मार्गों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन सुचारु रुप से संचालित हो सके।

पंडित समरजीत समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । दिव्यांग नेता पंडित समरजीत बने समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की कार्यकारी में प्रदेश सचिव।प्रदेश सचिव बनने पर पंडित समरजीत का लखनऊ से अयोध्या आते समय कोटवा सड़क चौराहे पर मोहम्मद नियाज की अगवाई में हुआ भव्य स्वागत वही सोहावल चौराहे पर पवन कुमार राय तथा प्रदीप यादव अपने साथियों के साथ स्वागत किया तथा नाका बाईपास चौराहे पर तथा विकासगंज चौराहे पर सपा कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत जगह-जगह किया । पंडित समरजीत ने पद देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का किया धन्यवाद। नया दायित्व मिलने के बाद पंडित समरजीत ने कहा कि 2024 के चुनाव के पहले ही पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जिलों का तूफानी दौरा करके भाजपा जैसी अत्याचारी सरकार का देश से बाहर करने का काम करेंगे और INDIA को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का कार्य करेंगे।

आर ए एफ व पटरंगा, रुदौली पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या । प्रयागराज से कमांडेंट मनोज कुमार गौतम के दिशा निर्देश पर आई 101 आर ए एफ की टीम, SSP अयोध्या की देख रेख मे दिनांक 29 सितम्बर को पटरंगा थाना अंतर्गत सिविल पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च किया एवं लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपील की इस मौके पर श्री संजीत सिंह सहायक कमांडेंट साथ में निरीक्षक विजयकांत पांडे निरीक्षक कमलेश्वर प्रसाद पांडे पटरंगा थाना के थानाध्यक्ष उप निरीक्षक ओमप्रकाश,कोतवाली रुदौली के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक इशहाक खान,उपनिरीक्षक प्रमोद यादव(चौकी प्रभारी किला) एवं सिविल पुलिसकर्मी उपस्थित रहे

स्वच्छता जागरूकता पर होगी निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा । गोण्डा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के द्वारा आगामी दो से आठ अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि *राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जनपद, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों द्वारा स्वच्छता के महत्व का प्रचार-प्रसार करने के लिये प्रभात फेरियां, रैलियों, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

पूर्व एमएलसी व उनकी बेटियों के खिलाफ कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक एमएलसी लीलावती कुशवाहा के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा, लीलावती कुशवाहा की दोनों पुत्रियां आस्था कुशवाहा व अलका कुशवाहा के खिलाफ भी दर्ज होगा मुकदमा, अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट ने धारा 156/3 के तहत किया आदेश, कोर्ट ने थाना कैंट प्रभारी को दिया आदेश, 30 जून को थाना कैंट के लाला के पुरवा में वादी वैष्णवी के परिवार वालों से लीलावती कुशवाहा और उनके पुत्रियों से हुई थी मारपीट, जमीन को लेकर हुई थी मारपीट, लीलावती कुशवाहा ने वैष्णवी के घर वालों पर दर्ज कराया था मुकदमा, पांच लोग गए थे जेल, तीन की हो चुकी है जमानत, पुलिस से मदद न मिलने पर वैष्णवी ने कोर्ट का खटखटाया था दरवाजा।

केला की खेती से मालामाल होंगे किसान- अतुल कुमार सिंह

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा । गोंण्डा आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र अनिमेष कुमार सिंह को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण संचालित है । इस कार्यक्रम में डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह, प्राध्यापक पशुपालन विभाग गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर, डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर, अनिमेष कुमार सिंह छात्र ने कुंवरानी कृष्णा कुमारी फॉर्म के मालिक अतुल कुमार सिंह प्रगतिशील कृषक से खेती की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की । श्री सिंह ने बताया कि एक एकड़ खेत में केला प्रजाति जी-9 के 1000 पौधे एक वर्ष पूर्व जून माह में रोपित किए गये थे । प्रति पौधा औसतन 25 किलोग्राम घार का वजन है । इस समय केला 20 प्रति किलोग्राम व्यापरी द्वारा खेत पर लिया जा रहा है । प्रति एकड़ कुल आय रू 5.0 लाख रुपया प्राप्त होगी । केला फसल की लागत लगभग सवा लाख रुपए प्रति एकड़ है । रू. 3.75 लाख प्रति एकड़ शुद्ध आय प्राप्त होगी । फॉर्म में आम के साथ केला की सह- फसली खेती, सुगंधित धान की खेती, गन्ना की ट्रेंच विधि से खेती, परवल की खेती, अनन्नास की खेती, मौसमी, नींबू, आम की बागवानी, वर्मी कंपोस्ट इकाई द्वारा वर्मी खाद का उत्पादन, जय गोपाल वर्मी कंपोस्ट टेक्नोलॉजी, नेट हाउस में फल एवं सब्जियों की पौधशाला, अरहर की मेड़ पर बुवाई मोटे अनाजों ज्वार बाजरा कोदों सांवा रागी की खेती आदि के संजीव मॉडल उपलब्ध हैं । कीट एवं रोग प्रबंधन हेतु एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के अंतर्गत फसलों में फेरोमैन ट्रैप, स्टिकी ट्रैप, गंधपाश आदि का प्रयोग किया गया है । पशुपालन के अंतर्गत उन्नत किस्म की साहीवाल गाय का पालन किया गया है । प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान रक्षाराम पांडेय प्रक्षेत्र प्रबंधक, रामशरण पाल सुपरवाइजर, रक्षा राम यादव चालक, ध्रुव कुमार आदि उपस्थित रहे । यह प्रक्षेत्र कृषकों, कृषि प्रसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों, वैज्ञानिकों के ज्ञानवर्धन हेतु अत्यंत उपयोगी है । डॉक्टर पीके मिश्रा प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर दिनेश कुमार पांडेय ने कृषि विज्ञान केंद्र पर स्थापित पौधशाला इकाई का भ्रमण कराया ।

मरीज को देखते डॉक्टर भुवन नगंरवाल

सोनूचौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । गंगा निशुल्क चिकित्सा हास्पिटल में लगाया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर इस शिविर में लगभग 110 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अयोध्या हृदय रोग, किडनी रोग, अल्सर, लिवर रोग हेपेटाइटिस पीलिया रोग टीवी जोड़ों का दर्द माइग्रेन आंख नाक कान के रोग कैंसर पथरी ब्लड प्रेशर का सफल इलाज निशुल्क किया गया स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को अयोध्या नगर के जनौरा स्थित दुर्गापुरी कॉलोनी निकट दिशा कोचिंग पर गंगा हेल्थ केयर सेंटर एंड हॉस्पिटल के एम डी कंसलटेंट एंड फिजिशियन डॉक्टर एस के मिश्रा ने बताया कि हमारे यहां शुगर और चेस्ट रोग भी देखा गया निशुल्क न्यूरोसर्जन डॉक्टर भवन नंगरवाल ने बताया कि मैं पूर्व चिकित्सक पी जी आई तथा के जी एम सी चिकित्सालय लखनऊ मैं कार्यरत हूं आज मुझे डॉक्टर एसके मिश्रा ने अयोध्या क्षेत्र के रोगियों को देखने के लिए आमंत्रित किया मुझे अयोध्या के मरीजों को देखने का मौका मिला मुझे बहुत खुशी है कि आज मैं अयोध्या नगरी में एक चिकित्सक बनकर सब मरीजों को देख रहा हूं आज यहां पर यह कैंप लगाया गया है जिसमें लगभग 110 मरीज को आज देखा गया है आज इस इस कैंप में बहुत ही सफलतापूर्वक मरीज को देखा गया चिकित्सा रोग शिविर का आयोजन किया गया ।

घटना की सीबीआई जांच हो और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिले : दिलीप राम त्रिपाठी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । सुल्तानपुर की धरती से ब्राह्मणों ने भरी हुंकार यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी डॉक्टर घनश्याम तिवारी को अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के नेतृत्व में ब्राह्मणों का एक समूह अयोध्या से सुल्तानपुर पहुंचा और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पत्रकारों से मुखातिब प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा अत्यंत दुखद घटना जो मानवता को शर्मसार करने वाली है आत्मा को झकझोर देने वाली घटना है डॉक्टर घनश्याम त्रिपाठी को घर पर बुलाकर के कमरे में बंद करके हाथ पैर तोड़ दिया जाए ड्रिल मशीन से पैरों में छेद कर दिया जाए इस तरीके के घटना समाज को झकझोर दिया है हम सरकार से मांग करते हैं कि इस घटना की सीबीआई जांच हो और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिले और उनके घर पर बुलडोजर चले जिससे समाज में इस तरह की घटना करने की किसी की हिम्मत ना हो। श्रद्धांजलि सभा में परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम त्रिपाठी राष्ट्रीय कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य काशीनाथ तिवारी जयप्रकाश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी मंडल प्रभारी सचिन तिवारी वरिष्ठ सदस्य सर्वेश मिश्रा जिला अध्यक्ष युवा बागी सुमित तिवारी युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमरीश पांडेय रोहित पांडेय मंगेश तिवारी राधेश्याम तिवारी अंकुर तिवारी सैकड़ों की तादात में नौजवान श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे ।

कटरा कुटी धाम से प्रारम्भ हुई शौर्य यात्रा

नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा । क्षेत्र के कटरा कुटी धाम पर शनिवार को आयोजित जनसभा के बाद श्रीरामजन्म भूमि ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने शौर्य यात्रा को आगे के लिए रवाना किया. इसके पूर्व कटरा कुटी धाम पर जनसभा आयोजित की गयी.सभा को सम्बोधित करते हुए बजरंगदल के प्रान्त संयोजक महेश तिवारी ने कहा कि यह शौर्य यात्रा राम मंदिर निर्माण के बाधको को विचलित करने वाली है. वर्षो से इस निर्माण को रोकने वालो के मुख पर कालिख पुत गया है. यह यात्रा भगवान राम के आदर्श को जन जन तक पहुंचाएगी. मंदिर निर्माण के साथ ही रामराज्य कि परिसंकल्पना भी साकार होगी. हनुमान गढ़ी के महंथ राजू दास ने इस यात्रा को विधर्मियों का मान मर्दन करने वाली बताया उन्होंने बजरंग दल को राम काज का अग्रणी बताया. कटरा कुटी के महंथ चिन्मयानंद ने कहा वर्षो कि तपस्या फलीभूत हुई. वे बड़े सौभाग्यशाली हैं जो राम मंदिर निर्माण के साक्षी हैं. अंत में विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व श्रीराम जन्मदिन भूमि ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि राम का जीवन सभी के लिए आदर्श है. पूरे भारत के 44 स्थानों से ऐसी शौर्य यात्रा निकाल कर जन जन तक भगवान राम के मंदिर निर्माण की शौर्य गाथा का संदेश पहुँचाना है. उन्होंने मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम समय जनवरी माह का तीसरा सप्ताह बताया. तथा लोगो से अपील की कि इस दिन सभी लोग अपने गाँव,मुहल्ले में स्थित मंदिर पर एकत्र हो और भगवान का पूजन आरती करे. साथ ही रात्रि में कम से कम पांच दीप अवश्य जलाये. उन्होंने बताया यह यात्रा उत्तर प्रदेश में सभी जिलों से होते हुए.10 अक्टूबर को वाराणसी में जाकर सम्पन्न होगी. उन्होंने पूजन अर्चन करते हुए शौर्य यात्रा के रथ को आगे बढ़ाया. यात्रा का नवाबगंज कई स्थानों पर हिन्दू संगठनों स्वागत किया. यात्रा वजीरगंज होते हुए गोण्डा के लिए प्रस्थान कर गयीं. जनसभा में विहिप के प्रान्त संगठन मंत्री राजेश,प्रान्त सह संयोजक महेंद्र पाण्डेय,बलराम बाबू शुक्ल,जिला कार्याध्यक्ष जनार्दन सिंह,रिंकू बाबा, राहुल निषाद, रामसरन मौर्य, राजेश तिवारी, प्रेमनाथ मिश्र, रामदेव यादव, अमित सिंह,अरून सिंह सहित तमाम लोग शामिल रहे.

सेवानिवृत शिक्षक के घर चोरी में शामिल शातिर चोर को गिरफ्तार

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर अयोध्या । नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र स्थित पिठला गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक के घर हुई चोरी का कुमारगंज पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर ही पर्दाफाश कर दिया था। हालांकि पुलिस चोरी की घटना में शामिल तीसरी शातिर चोर की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने घटना में शामिल तीसरे शातिर चोर को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए रूपए में से 42 सौ रूपए नकद तथा 750 ग्राम अबैध गांजा भी बरामद कर लिया है। बता दें कि पिठला गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश सिंह के घर के पीछे की दीवाल के सहारे घुसे चोरों ने जेवरात एवं नकदी पार कर दिए थे। हालांकि घर वालों के जग जाने के बाद चोरी कर रहे शातिर चोर फायरिंग करते हुए भागने में कामयाब हो गए थे। घटना की सूचना के बाद कुमारगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो शातिर युवकों को हिरासत में ले लिया था। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम पकड़े गए साथी चोरों से पूछताछ में जुट गई थी। पुलिस ने पकड़े गए दोनों शातिर चोरों ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश महरा पुत्र जंगली उर्फ बिरेन्द्र महरा निवासी पिठला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 11 हजार एक सौ नकद व 315 बोर का अवैध तमंचा व दो कारतूस भी बरामद कर लिया था। पुलिस को चोरों के तीसरे साथी की तलाश थी।

छात्रा से अभद्रता और अश्लील हरकत के आरोपी प्रधानाध्यापक को थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ रूदौली अयोध्या। स्कूली छात्रा से अभद्रता और अश्लील हरकत के आरोपी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को थाना बाबा बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कक्षा पांच की छात्रा से लगभग 13 दिन पहले छेड़ छाड़ की थी।छात्रा ने सारी बात पिता को बताई तो पिता न थाना बाबा बाजार में मुकदमा दर्ज कराया।मामला मवई शिक्षा क्षेत्र के एक प्राथमिक स्कूल से जुड़ा है।अनुसूचित जाति की पीड़ित छात्रा की उम्र लगभग 10 वर्ष बताई जा रही है।वह कक्षा पांच की छात्रा है।घटना 16 सिंतबर की बताई जा रही है।छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री 17 सिंतबर से स्कूल नहीं जा रही थी।28 सिंतबर को उसकी मां ने स्कूल न जाने का कारण पूछा तो वह फफक- फफक कर रोने लगी। छात्रा के मुताबिक स्कूल में छुट्टी होने के बाद प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद ने उसे रोक दिया।आरोप है कि जब सभी छात्र छात्राएं व शिक्षक स्कूल से चले गए तो प्रधानाध्यापक छात्रा को लेकर एक कक्षा में चले गए।

अवध विवि में कला आचार्य कला प्रदर्शनी का हुआ समापन

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग एवं राज्य ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में चल रही ''कला आचार्य कला प्रदर्शनी 2023'' का समापन शुक्रवार शाम किया गया। इसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा, मुख्य अतिथि कृष्ण चन्द्र, प्रमुख साकेत निलयम, सेंट एंड्रयूज कॉलेज गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्रो0 विजय प्रकाश तथा उत्तर प्रदेश उत्तराखंड आर्थिक संघ यू०पी०यू०ई०ए० की मध्य पूर्व उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय समन्वयक प्रो0 मृदुला मिश्रा द्वारा प्रतिभागी कला शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।कला आचार्य कला प्रदर्शनी 2023 की संयोजिका डॉ० सरिता द्विवेदी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में डॉ० प्रिया कुमारी, डॉ० सरिता द्विवेदी, श्रीमती रीमा सिंह, आशीष प्रजापति, रितुराज रमन, श्रेया मिश्रा, डॉ०सीमा पाल, ज्ञान दत्त शर्मा, आलोक कुमार सिंह, स्नेहा विश्वकर्मा, रितिक कुमार प्रजापति, हिमांशी मौर्या, दिलीप कुमार पाल, कंचन लता एवं विशिष्ट कला आचार्य सम्मान से चन्द्र प्रकाश वर्मा को उनकी उत्कृष्ट कलाकृतियों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

माचिस की डिब्बी में मार्फीन बेचते एक गिरफ्तार, 25 पुड़िया मार्फीन किया बरामद

संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या। थाना पटरंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मियां पुरवा चौराहा के पास अंडे के दुकानदार को माचिस की डिब्बी में मार्फीन बेचते गिरफ्तार कर लिया कब्जे से 25 पुड़िया मार्फीन बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा पुलिस को शुक्रवार देर शाम मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मियां पुरवा चौराहे के पास एक अंडे के दुकानदार द्वारा माचिस की डिब्बी में मार्फीन बेची जा रही है।सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रामकरन प्रसाद,हेड कांस्टेबल मंशाराम यादव,का0 अवनीश सिंह, संजय कुमार के साथ मौके पर पहुँच मार्फीन बेच रहे अभियुक्त अरमान पुत्र आफाक निवासी मियां पुरवा पटरंगा को गिरफ्तार कर लिया।जिनके पास से 25 पुड़िया मार्फीन बरामद की गई।अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8/21एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विकसित योगी सरकार की ओर से कुल सात लाख 27 हजार रुपए का बजट आवंटित कर दिया गया है

अयोध्या में लर्निंग लैब के रूप में विकसित किए जाएंगे 11 आंगनबाड़ी केंद्र, योगी सरकार की ओर से आवंटित किया गया सात लाख 27 हजार रुपया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । जनपद के 11 विकास खण्डों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार की ओर से कुल सात लाख 27 हजार रुपए का बजट आवंटित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जो खर्च आएगा उसे ग्राम पंचायतें अपनी निधि से खर्च करेंगी। चयनित प्रत्येक विकासखंड के एक आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल, बाल मैत्रिक शौचालय, आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, बाउंड्रीवॉल आदि का कार्य कराया जाएगा। जो आंगनबाड़ी केंद्र वर्ष 2016-17 के बने हैं उनको बिजली के कार्य का बजट नहीं दिया जाएगा। अयोध्या जनपद की 11 आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल मैत्रिक अभिगम्यता के अनुरूप एवं राष्ट्रीय मानदंडों तथा मानकों के अनुसार 18 मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत आदि की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए जनपद में प्रत्येक परियोजना में से एक आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प करते हुए लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया जाएगा। लर्निंग लैब के लिए सात बिंदुओं के मानक निर्धारित किए गए हैं इन बिंदुओं में आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालय से परिसर की विभागीय भवन में संचालित हो। संबद्ध प्राथमिक विद्यालय 4/5 स्टार श्रेणी में हो। आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्व में आदर्श केंद्र के रूप में चयनित ना किया गया हो। आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री वह सहायिका दोनों तैनात हो। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ईसीसीई, पोषण ट्रैक्टर एवं अन्य विभाग के कार्यों में दक्ष हो संबंधित ग्राम पंचायत के पास उपलब्ध निधियां में पर्याप्त बजट हो यथासंभव आंगनबाड़ी केंद्र आबादी एवं परियोजना कार्यालय के निकट हो। इन 11 आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया जाएगा । योगी सरकार की ओर से लर्निंग लैब के रूप में विकसित किए जाने के लिए अमानीगंज विकासखंड के तिंदौली प्रथम, बीकापुर विकासखंड के शेरपुर पारा हरिंग्टनगंज विकासखंड के जलालपुर भग्गू प्रथम, मसौधा विकासखंड के कुरावां, मवई विकासखंड के पूरेकाजी प्रथम, मया बाजार के समदा, मिल्कीपुर के अलीपुर खजूरी प्रथम, पूरा बाजार के सरेठी प्रथम, रुदौली के जरायल कला, तारुन विकासखंड के इमलिया द्वितीय व विकासखंड सोहावल के मगलसी तकिया आंगनबाड़ी केंद्र को चयनित किया गया है। क्या होता है लर्निंग लैब? जिला कार्यक्रम अधिकारी अयोध्या अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया की चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों का समग्र विकास किया जाएगा। जिसमें पठन-पाठन की भी व्यवस्था की जाएगी। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षा प्रारंभ करने से पूर्व की शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था रहेगी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन, मंडल 4 जनपद के पुलिस अधीक्षक के साथ की मासिक गोष्ठी

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा । सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली ख़बरों का तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाए। समस्त प्रकार की लंबित जाँचों में मौखिक एवं अभिलेखीय साक्ष्यों को अलग-अलग अंकित कर विश्लेषण किया जाये पूर्ण रूप से समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण जांच की जाए। थाना दिवस जितना सुचारू रूप से कार्यरत रहेगा उतना ही बेहतर तरीके से शिकायतों का निस्तारण किया जा सकेगा। जमीनी प्रकरणों में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यवाही की जाए। नेपाल बार्डर के जनपदों द्वारा अपने अपने जनपद की नेपाल राष्ट्र से सटे बॉर्डर क्षेत्र की पुलिस टीमों से समय-समय पर गस्त/ भ्रमण करवाना सुनिश्चित करेंगे तथा इस दौरान पूर्ण सतर्कता बरतते हुए समस्त प्रकार की तस्करी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक से लेकर थाना प्रभारी के स्तर पर प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी फुट पेट्रोलिंग करना सुनिश्चित करें। साथ ही फुट-पेट्रोलिंग के दौरान जनसामान्य से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें। फुट पेट्रोलिंग के दौरान महत्वपूर्ण नगर / कस्बों में अतिक्रमण भी हटवाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जनपद में प्रतिमाह व्यापारियों की गोष्ठी आयोजित कराकर व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैंकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों से मिलकर ऑपरेशन दृष्टि/त्रिनेत्र के तहत शत-प्रतिशत सीसीटीवी कैमरा लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। कैमरों के इंस्टालेशन से पहले हॉटस्पॉट्स का चिन्हीकरण अवश्य कर लिया जाए तत्पश्चात ही कैमरों को लगाया जाए। जनपद प्रभारी सुनिश्चित करें कि पाक्सो अधिनियम के अन्तर्गत गवाहों की समय से उपस्थिति हो तथा जनपद की मानीटरिंग सेल की गोष्ठी आयोजित करके पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही कराकर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा कराया जाना सुनिश्चित करें। मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु महिला/बालिकाओं से सम्बन्धी अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायें।इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न करी जाए।इनमें तत्काल अभियोग पंजीकृत कर उसका निस्तारण किया जाये। छेड़खानी / बलात्कार आदि गम्भीर प्रकरणों में अभियोग पंजीकरण में विलम्ब न किया जाये। प्रदेश/जनपद स्तर से चिन्हित माफियाओं,टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाए। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में प्रभावी रात्रि गस्त कर चोरी की घटनाओं पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाना सुनिश्चित करें। आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत प्रत्येक स्तर से तैयारियों को पूर्ण कर लिया जाए। तत्पश्चात सभी अधिकारियों द्वारा मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था समीक्षा के संबंध में कलेक्ट्रेट बलरामपुर में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया गया।

ख़ास ख़बर

जामताड़ा महाविद्यालय में कायाकल्प प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा । जामताड़ा कॉलेज जामताड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा शनिवार को "स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत कायाकल्प प्रदर्शनी का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया| यह प्रदर्शनी प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के द्वारा कॉलेज परिसर में किया जाता है | घर में पड़ी हुई बेकार की वस्तुओं से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा उपयोगी सामग्री बनाकर उसका प्रदर्शन किया जाता है | इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में कई प्रतिभागी शामिल हुए और उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया | जज की भूमिका में डॉक्टर एसएन बंदोपाध्याय,डॉक्टर रिजवान, प्रोफेसर रेशम थे।

जामताड़ा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ा वाहन चोर

दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।बीते 26 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा नारयणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम धावाटांड़ से वादी महफुज अंसारी पिता निशाद अली, ग्राम- बिराजपुर, थाना- करमाटांड़, जिला- जामताड़ा का स्पलेन्डर प्लस मोटरसाईकिल सं0- जेएच 214-3990 चोरी हो जाने का नारायणपुर थाना काण्ड सं0- 79/23, दिनांक- 29/09/2023, धारा-379 भा0द0वि० के अन्तर्गत अज्ञात चोर के विरूद्ध काण्ड प्रतिवेदित कराया गया था। काण्ड अनुसंधान के क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान जामताड़ा थाना की पुलिस पेट्रोलिंग के द्वारा ग्राम मोहड़ा सड़क के नजदीक एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाईकिल के साथ पकड़ा गया तथा जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह गाड़ी ग्राम धावाटांड़ से चोरी कर बिक्री करने हेतु जामताड़ा ले जा रहा था। तत्पश्चात उक्त मोटरसाईकिल को विधिवत् जब्त किया गया तथा मोटरसाईकिल चोर बालेश्वर सोरेन उर्फ कालू, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता- मनीलाल सोरेन, ग्राम- धावाटाँड, थाना- नारायणपुर, जिला- जामताड़ा को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

तंबाकू सेवन से कई जीवन होते हैं बर्बाद- प्राचार्य बलराम कुमार झा

दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा ।डीएवी प्लस टू स्कूल जामताड़ा में विगत शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में तंबाकू मुक्त भविष्य को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्ञात हो की इस बार गाँधी जयंती के अवसर पर देश में तंबाकू निषेध का अभियान चलाया जा रहा है। मुँह में छाले, भूख न लगना, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, मानसिक विकृति जैसी अनेक बीमारियां तंबाकू के सेवन से होता हैं। विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि यदि भारत तंबाकू मुक्त हो जाए तो यही महात्मा गांधी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।हम सभी को मिलकर गाँधी के सपनों को साकार कर नशा मुक्त भारत का निर्माण करना है। तंबाकू से कई जीवन तबाह हो जाते हैं।नशा करने वालों के बाल- बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित हो जाते हैं।घर परिवार बिखर जाता है। तंबाकू सेवन करने वाला व्यक्ति ज़हर की गठरी के समान होता है जो हर जगह वातावरण को प्रदूषित करता है। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने नशा मुक्त भविष्य बनाने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एस के दास, डॉ राघवेन्द्र तिवारी, प्रदिप्तो दास, नवीन सिंह, अभिषेक दुबे, देवाशीष दास,के उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर रविवार को भाषण प्रतियोगिता का होगा आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता ,मधुपुर/देवघर । मधुपुर शहर के कुंडोबंगला स्थित अग्रसेन भवन में आगामी 1 अक्टूबर को कोचिंग एसोसिएशन ऑफ मधुपुर कैम के द्वारा गाँधी जयंती के पूर्व संध्या पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता 3 ग्रुप और 2 भाषाओं हिंदी तथा अंग्रेजी में होगी। जिसमे वर्ग तृतीय से लेकर स्नातक तक के करीब 70 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। हिंदी के लिए विषय क्रमशः राष्ट्रपति महात्मा गांधी के तीन बंदरो से सन्देश, सत्याग्रह आंदोलन,अहिंसा व सत्य की शक्ति और राष्ट्रपति महात्मा गाँधी के संदेश आज के लिए कितने प्रासंगिक है। वहीं अंग्रेजी के लिए विषय क्रमशः द बेस्ट डे ऑफ माई लाइफ, रोल ऑफ इसरो इन स्पेस टेक्नोलॉजी और इम्पेक्ट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑन आवर सोसाइटी है।इस प्रतियोगिता में शामिल होने सभी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरुस्कार के अलावा बाकी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा । इस कार्यक्रम सफल बनाने के लिए संगठन के अभी सदस्य लगे हुए है तथा छात्रों में बहुत उत्साह है। इस कार्यक्रम की जानकारी कोचिंग एसोसिएशन ऑफ मधुपुर 'कैम' के अध्यक्ष प्रेम पाठक ने पत्रकारों को दिया।

धार्मिक शिक्षा के साथ दुनियावी शिक्षा जरूरी- मंत्री हफीजुल हसन

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर । जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बजाज ऑटोमोबाइल के सहयोग से अंजुमन फरोगे इस्लाम लखना मोहल्ला कर्बला मैदान में 6 वर्ष से 14 वर्ष बच्चे और बच्चियों के बीच इस्लामीक क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 19 टेबल लगाए गए। हर टेबल पर पांच-पांच बच्चों की ग्रुप मुकाबले में शामिल हुए 80 बच्चे और बच्चियों ने इस मुकाबले में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड सरकार की अल्पसंख्यक कल्याण खेलकूद कला संस्कृति मंत्री हफीजुल हसन, दुन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सरफराज अहमद ,मास्टर हाजी इलियास अयूबि, मशहूर शायर अजीम शादाब उपस्थित थे । प्रोग्राम की शुरुआत मौलाना मुबाशीरुल इस्लाम के कुराने पाक की तिलावत से की गई। वहीं प्रोग्राम को कामयाब बनाने के लिए अंजुमन फरोगे इस्लाम के सचिव काशिफ अयूबी, कोषाध्यक्ष शाहिद इम्तियाज, अध्यक्ष रजा मुराद, अल्तमश अशरफी मौजूद रहे । वही जज के तौर पर मास्टर एजाज अहमद, मास्टर मुजीबुर रहमान , मास्टर इकबाल अंसारी, मास्टर जुल्फिकार आलम ईमानदारी के साथ अपने किरदार को निभाते रहे। हजरत मौलाना मुबाशीरुल इस्लाम के द्वारा बच्चों को सवाल देते रहे और कामयाब बच्चे हर सवालों का जवाब देते गए। प्रथम प्राइस पाने वाले टेबल नंबर 1 के बच्चे अल्ताफिया फातिमा, मोहम्मद बसर, अलीमन रब्बानी, अफसाना खातून शामिल है। वही दूसरे स्थान पर टेबल नंबर 3 के बच्चे मोहम्मद असद ,रहमान शान, मोहम्मद अर्श ,मोहम्मद जीशान शामिल है और चौथे नंबर टेबल नंबर 19 के बच्चे मोहम्मद खातिर ,शब्बीर अहमद, रुखसाना खातून, मोहम्मद अरमान शामिल है। जिन्हें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक हफीजुल हसन के हाथों इनाम देकर इन बच्चों की हौसलाफ अफजाई की गई।मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने संबोधित करते हुए कहा कि "वह हर आलम की रहमत थी किसी आलम में रह जाते यह उनकी मेहरबानी है कि यह आलम पसंद आया" उन्होंने कहा दुनिया को वजूद में लाने के बाद इसके लिए अल्लाह ताला ने अपने मकबूल और पाक़ीज़ा बंदे प्यारे नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो वले वसल्लम को इस दुनिया में भेजें।इंसान के सामने खुद को सबसे ज्यादा सबसे अजीज, पूरवकार, पूर फैज ,और सहकार इन पैगंबरों की सीरत और उनकी इस्लाही कारनामा है के इंसानियत की इज्जत व आबरू इन्हीं की सीरतों से कायम और दयम है। जिन्होंने बारहा इंसानियत और इंसानी तहजीब और तमदन की तबाही और बर्बाद होने से बचाया।मंत्री ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा शिक्षा की प्रति सबसे अधिक हमारे नबी अकरम सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम ने जोड़ दिया। हजूर ने फरमाया "तलाब उल इल्मऔ फरीजा अली कुल मुस्लिम व मुस्लिमा"यानी शिक्षा प्राप्त करना हर मुसलमान मर्द और औरत पर फर्ज है। मगर आज अपने नबी के बताए रास्ते से हम भटक गए हैं और हमारा रास्ता दूसरे धर्म के लोगों ने अपना लिया है। यही वजह है कि आज हम पिछड़ते जा रहे हैं और दूसरे धर्म के लोग कामयाबी की बुलंदी को छू रहे हैं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चे और बच्चियों को शिक्षा की दौलत से मालामाल करें । कम खाओ बच्चों को पढ़ाओ और शिक्षा की दौलत से अपने बच्चों को मालामाल करो।

पोषण अभियान में बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं को सीडीपीओ ने किया सम्मानित

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर । प्रखंड परिसर स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में पोषण माह समापन अंचल सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा की अध्यक्षता में पोषण अभियान समापन प्रदर्शनी सभा का आयोजन किया गया। मौके पर बेहतर कार्य करने वाले सेविकाओं को अंचल सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी हाथों सम्मानित किया गया। मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि मधुपुर बाल विकास परियोजना की बेहतर कार्य की चर्चा होती है। यह सेविका और पर्यवेक्षिकाओं के बेहतर तालमेल का कारण है।श्री कुशवाहा ने कहा महिलाओं को संतुलित पोषक भोजन का सेवन करना चाहिए, जैसे दाल ,फल हरी सब्जियां, दूध और दूध से बने पदार्थ शामिल है। इन चीजों में संतुलित मात्रा में आहार के रूप में लेनी चाहिए !

नम आँखों से गणपति बप्पा को दी विदाई

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर । प्रतिमा विर्सजन के साथ ही गणेश पूजा की समाप्ति हुई। नम आँखों से लोगो ने बप्पा को विदाई दी। शहर के गाँधी चौक पुरानी धर्मशाला गीतांजलि क्लब व रामजस रोड गणेश पूजा समिति की प्रतिमा शहर के विभिन्न चौक चौराहों से हुए प्रतिमा झील तालाब पहुंची। जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जहां एक ओर रामजस रोड पूजा समिति का आकर्षण का केंद्र पुरुलिया से आये कलाकारों के द्वारा छव नृत्य, ढाक व बैंड था। वही गीतांजलि क्लब के द्वारा मन मोहक बैंड ने सब का मन मोह लिया। दस दिनों तक चली इस पूजा में दोनों क्लब के द्वारा आकर्षक साज सज्जा की गई थी। बताते चले कि लंबे वर्षों से दोनों क्लब पूजा करते आ रही है। पूजा के सफल आयोजन में रामजस रोड कमिटी के शम्भू केशरी सरोज कुमार, अमिताभ गुप्ता, सोनू बारी, विकास गिरी, आकाश गुटगुटिया, सोनू साव, दीपक मिश्रा, धीरज बारी, अमित केशरी, संतोष शाह, पुरुषोत्तम वर्णवाल, आलोक बर्मन, विजय लच्छीरामका, ऋषभ डालमिया, उमंग डालमिया वरुण तुंगरिया, गुड्डू बारी, विवेक झा, शंकर गुप्ता, सौरभ मोदी, सहित सहित अन्य सदस्य की भूमिका थी।

समाहरणालय संवर्ग के सेवानिवृत कर्मियों को दी गई विदाई

दैनिक शुभ भास्कर, सोहेल किरमानी हजारीबाग । स्वास्थ्य, निरोगी एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामना के साथ दी गई सेवानिवृत कर्मियों को दी गई विदाई। उपायुक्त कार्यालय के गोपनीय शाखा के आश्रुलिपिक रंजीत कुमार प्रसाद, कार्यालय अधीक्षक अजय कुमार गुप्ता, डीएसई कार्यालय के लिपिक भारत भूषण राम को सितंबर माह के अंतिम कार्य दिवस पर सेवानिवृत उपरांत विदाई समारोह आयोजित किया गया। आश्रुलिपिक रंजीत कुमार प्रसाद 21 जून 1988 से सरकारी सेवा में योगदान दिए थे। अजय कुमार गुप्ता 17 अगस्त 1989 को समाहरणालय संवर्ग में लिपिक के पद पर योगदान दिया था। डीएसई कार्यालय के लिपिक भारत भूषण राम 1 नवंबर 1997 को समाहरणालय संवर्ग में लिपिक वर्गीय में योगदान दिया था। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा बेदाग एवं लम्बी सरकारी सेवा एवं अनुकरणीय आचरण के लिए सेवा निवृत कर्मियों को धन्यवाद दिया। साथ ही लम्बी दीर्घायु,स्वास्थ्य जीवन की कामना की। अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने कहा स्वास्थ्य दीर्घायु जीवन की शुभकामना करते हुए परिवार एवं समाज के लिए योगदान देते रहने की कामना की। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, ज़िला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, एनडीसी डेविड बलिहार, डीएलएओ, समाज कल्याण पदाधिकारी, निर्वाचन पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, ज़िला शिक्षा अधीक्षक, ज़िला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित समाहरणालय के सभी कर्मी मौजूद थे।

जम्प रोप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी रांची रवाना

दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा । धुर्वा रांची में आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर जम्प रोप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देर रात जामताड़ा जिला जम्प रोप संघ के खिलाड़ी पाटलिपुत्र एक्सप्रेस से रांची के लिए रवाना हुए । इस बात की जानकारी जिला जम्प रोप संघ के सचिव नंदन सिंह ने दिया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए ज्ञान रेणु विद्या निकेतन स्कूल के डायरेक्टर श्यामल मंडल ने सभी बच्चो और बच्चियों के चयन के लिए खुशी जताया और साथ मे हर प्रकार की सहयोग के लिए हमेशा खड़े रहते का वादा भी किया और हमेशा से खिलाड़ियों के लिए सहयोग भी करते है ताकि सभी खिलाड़ियों को किसी प्रकार का कोई परेशानी ना हो सभी बच्चे आगे और मेहनत करे ताकि जामताड़ा, पूरे झारखंड और भारत का नाम रौशन करे। विदित हो कि रांची जिला जम्प रोप संघ के तत्वाधान में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक वाई बी एम पब्लिक स्कूल सेक्टर 1 में आयोजित होगी। मौके पर जामताड़ा जिला जम्प रोप संघ के अध्यक्ष कामता प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष कमलेश मंडल, भूपेश गुप्ता, राजीव माझी, कोषाध्यक्ष आकाश साह, शिवराम मुर्मू, रामजीत मुर्मू, आदि लोग उपस्थित थे।

इतिहास विषय का परीक्षा स्थगित, छात्रों का जामताड़ा महाविद्यालय पर आक्रोश

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा । शनिवार को जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा में सेमेस्टर 3 इतिहास विषय का परीक्षा स्थगित कर दिया गया। ऐसा कॉलेज प्रशासन के लापरवाही के कारण हुआ। जिसका विरोध विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने किया और कॉलेज प्रशासन पर आरोप लगाया की कॉलेज प्रबंधन के पास उचित सामग्री ना होने के कारण कॉलेज प्रशासन को परीक्षा स्थगित करना पड़ा और इस कारण से सभी छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

कांड संख्या 72 के आरोपी व नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया बरामद

दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी ,जामताड़ा । घटना नाला थाना क्षेत्र के राधाबल्लभपुर गांव की है। नाबालिग लड़की के पिता ने 29 सितंबर को नाला थाना में लिखित आवेदन देकर नाबालिक लड़की की बरामदगी की गुहार लगाई थी। वहीं नाला पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आज शनिवार सुबह नाबालिग लड़की तथा उसे भगा कर ले जाने वाले आरोपी लड़के को बरामद कर लिया है। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि दलाही से नाबालिक लड़की तथा उसे भगा कर ले जाने वाले आरोपी लड़के को बरामद किया गया है। साथ ही आरोपी लड़के को न्यायिक हिरासत जामताड़ा भेजा गया है। जबकि नाबालिक लड़की को 164 का बयान हेतु न्यायालय में पेश किया जाएगा। मालूम हो कि घटना 28 सितंबर को सुबह 6 बजे बताई जा रही है।

नाला संकुल कार्यालय में आजीविका महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी ,जामताड़ा । नाला प्रखंड मुख्यालय स्थित संकुल कार्यालय में नाला आजीविका महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिका पाल ने की। मौके पर सीएल एफ के एबी मेंबर, सीसी, आईपीआरपी, एडब्ल्यू, एमबीके, जेआरपी, सेतु दीदी, बैंक सखी आदि मौजूद थी। इस दौरान विलेज सिचुरेशन, सीएलएफ ग्रेडिंग , रोशन मन स्वच्छता पखवाड़ा ट्रेंनिंग प्लान सीसीएल, मुद्रा, बीमा, बिजनेस प्लान आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। दौरान सभी कर्मियों ने अपने-अपने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सीसी संजय चक्रवर्ती, ब्लॉक मोबिलाइजर अनिता कुमारी, सावित्री दास मुर्शीद खातून, शकुंतला राय मेनका मंडल सहित अन्य सक्रिय महिला आदि मौजूद थी।

प्रतियोगिता उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग को राज्य स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना गौरव की बात

15वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-23 का शुभारंभ

दैनिक शुभ भास्कर, सोहेल किरमानी हजारीबाग । 15वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 का शुभारंभ शनिवार 30 सितम्बर को कर्जन ग्राउण्ड में हुआ। मौके पर उपायुक्त नैन्सी सहाय, पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीना ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों को हौसल बढ़ाते हुए अपना हुनर दिखाने की बात कही। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग को राज्य स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना जिला के लिए गौरव की बात है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने कौशल, एकग्रता एवं बेहतर खेल भावना का प्रदर्शन कर अपने हुनर को परिणाम में बदलने एवं जिले, राज्य एवं देश का नाम रौशन करने का आह्वान किया। मौके पर एसपी चोथे मनोज रतन ने कहा कि झारखण्ड में तीरंदाजी की नैसर्गिक प्रतिभा हर कोने में है। इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलती है। साथ खिलाड़ियों को खूब मेहनत कर अपना एवं देश को खेल के क्षेत्र में मजबूत बनाने की बात कही। बता दें कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के सीनियर एवं जुनियर वर्ग के लगभग चार सौ से अधिक प्रतिभागी अपनी हुनर का प्रदर्शन करेंगे। मौके पर प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक चौंबद रखने के लिए संबंधितों को कई निर्देश दिये गये।

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को कोडरमा लोकसभा का प्रभारी बनने से कांग्रेस ऊर्जावानवित हुवा -डॉ मेहता

दैनिक शुभ भास्कर, सोहेल किरमानी हजारीबाग । हजारीबाग- कृषि मंत्री श्री बादल पत्रलेख को कोडरमा लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर कोडरमा लोकसभा के साथ-साथ लोकसभा में पडने वाले कोडरमा बरकट्ठा बगोदर राजधनवार गानडे डुमरी विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ऊर्जा उत्पन्न हुआ है लोक सभा में पढ़ने वाले सभी विधानसभा को निश्चित तौर पर जीता जाएगा, क्योंकि जन-जन के सन्यासी नेता श्री बादल पत्रलेख कार्यकर्ताओं में ऊर्जा उत्पन्न करते है यह बातें कांग्रेस प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष उत्तरी छोटा नागपुर डॉ आरसी मेहता ने कांग्रेस द्वारा तिलैया में आयोजित जूडेगा भारत जीतेगा "इंडिया" कार्यक्रम से लौट के बाद अपने निजी कार्यालय में कहा। डॉ मेहता ने कहा कि देश के जनता इंडिया गठबंधन की ओर देख रहा है निश्चित तौर पर 2024 में सत्ता परिवर्तन होगा इंडिया गठबंधन जीतेगा,जिसका भावी प्रधानमंत्री श्री राहुल गांधी होंगे। आज देश में बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार नौकरियों से प्राइवेटाइजेशन के कारण नौकरियों छटनी कारण हो रहा है 2014 के बाद मोदी जी के चहेते व्यापारी द्वारा जिओ कंपनी लॉन्च किया 1 वर्ष तक निशुल्क दिया गया अब 300 मासिक अनिवार्य कर दिया गया है इस तरह उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर फ्री दिया गया कांग्रेस शासन काल में जीस सिलेंडर का कीमत 400 था उसमें सब्सिडी मिलता था जिसे आज बढ़कर1200 कर दिया गया है माननीय मोदी जी कहां करते थे ना खाएगे ना खाने देंगे परंतु आज चाहते व्यापारियों को देश को चारागाह समझकर चरने के लिए खुला छूट कर दिए हैं देश में त्राहि त्राहि मचा हुआ है आज देश नौकरशाह तंत्र की ओर बढ़ रहा है भ्रष्टाचार इतनी की लोकतंत्र के जगह लोग भ्रष्टाचार तंत्र कहना शुरू कर दिए हैं कानून व्यवस्था चारमरा चुका है प्रजातंत्र का डेफिनेशन बदलने का प्रयास किया जा रहा है प्रजातंत्र को धनतंत्र के रूप में बदल रहा है अपवाद छोड़कर चपरासी से लेकर उच्चतम पदाधिकारी एवं वोटर भ्रष्टाचारी हो चुके हैं पैसे के सामने न्याय और कानून नतमस्तक है कहा जाता है।

ख़ास ख़बर

एक को होगा वानिकी नव वर्ष का शुभारम्भ

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा । गोण्डा वन प्रभाग द्वारा वानिकी नव वर्ष 2023-24 का शुभारम्भ कार्यक्रम एक अक्टूबर को प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिला वृक्षारोपण समिति गोण्डा की अध्यक्ष जिलाधिकारी गोण्डा व समिति के सचिव डीएफओ ने वृक्षारोपण समिति के सभी सदस्यों, पर्यावरण सम्बंधी एनजीओ, संगठन, मीडिया, स्कूल के बच्चों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में वन विभाग के कार्यों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी |

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के प्रशिक्षण में फैली अव्यवस्था

ब्यूरो गोंण्डा शुभ भास्कर,गोण्डा। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षणार्थी अव्यवस्था की भेट चढ़ रहे।योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के चल रहे प्रशिक्षण में मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत अलग अलग ट्रेड में भरे गए आवेदन मे चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के दौरान नियमों को ताक पर रख धज्जियां उड़ाई जा रही है। शनिवार को शहर के सर्किट हाउस रोड पर स्थित एक बिल्डिंग में बनाए गए प्रशिक्षण केंद्र पर कुछ ऐस ही नजारा देखने को मिला। जहां मात्र तीन सिलाई मशीन रख प्रशिक्षणार्थियों को जमीन पर बैठाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इसके साथ ही दूर दराज से आने वाले प्रशिक्षणार्थियों के ठहरने के लिए एक ही कमरे में तीन गद्दे से ही काम चलाया जा रहा। प्रशिक्षण दे रहे ट्रेनर नरेंद्र देव तिवारी ने बताया कि यहां पर तीन ट्रेड के लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर सिलाई के तीन, मक्का के एक, फूड व दाल का एक एक बैच चल रहा है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में विद्युत विभाग द्वारा अभियान चलाकर जनमानस की विद्युत समस्याएं की जा रही है दूर

जिला सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे । उत्तर प्रदेश बलरामपुर जिलाधिकारी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में जनपद बलरामपुर में सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने, उपभोक्ताओं की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा क्षेत्रों में विद्युत अनियमितताओं को संज्ञान में लेकर नियमानुसार कार्यवायी करने के साथ-साथ बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं से बकाया राशि जमा कराने हेतु जनपद में जिला प्रशासन के सहयोग से विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता के द्वार कार्यक्रम के तहत को जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महाभियान के रूप में चलाया जा रहा है। सभी 07 विद्युत उपकेन्द्रों पर कार्यरत अभियन्ता एवं कार्मिकों द्वारा अब तक कुल 5166 उपभोक्ताओं के द्वार जाकर व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनके परिसर पर स्थापित केबिल, मीटर विद्युत बिल तथा मीटर रीडिंग की जाँच की गयी। कुल 240 उपभोक्ताओं के परिसरों पर लगे विद्युत संयोजनों के भार जो स्वीकृत भार से अधिक थे, को कुल 700केवा भार वृद्धि की कार्यवाही की गयी एवं 51 अद्द उपभोक्ताओं के विधा में परिवर्तन किया गया। सभी उपभोक्ताओं को समय से विद्युत बिल जमा करने हेतु अनुरोध किया गया एवं किसी भी असुविधा की स्थिति में खण्डीय / उपखण्ड कार्यालय से सम्पर्क करने का भी अनुरोध किया गया। विद्युत विभाग द्वारा फोन घुमाओं अभियान के तहत सभी बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं को खण्ड उपखण्ड एवं विद्युत उपकेन्द्र स्तर से फोन लगाकर बकाया राशि के भुगतान अविलम्ब करने का अनुरोध किया जा रहा है। फोन घुमाओं अभियान में अब तक कुल 7248 बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं से फोन पर सम्पर्क / अनुरोध करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को ऑन लाइन माध्यम से विद्युत बिल के भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए भुगतान हेतु प्रेरित किया गया है। विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु किये जाने दैनिक कार्यों में व्यवधान / लापरवाही / अनियमितता करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध तत्काल कठोर प्रभावी कार्यवाही की गयी है, जिसमें अनुबन्धित बिलिंग एजेन्सी मेसर्स टी०डी०एस० मैनेजमेण्ट कन्सल्टेन्ट प्रा०लि० के मीटर रीडर आलोक कुमार, मनीष एवं सत्यदेव को निष्कासित कर दिया गया हैं इसी प्रकार मेसर्स अवनि परिधि इनर्जी प्रा०लि० द्वारा आपूर्ति किये गये कर्मियों क्रमशः फतेह बहादुर, पंकज, अभिषेक श्रीवास्तव, अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, मंशाराम, असरार अहमद, अब्दुल मन्नान, द्वारा क्षेत्र में राजस्व वसूली एवं लाइन अनुरक्षण कार्य में घोर लापरवाही करने के कारण माह सितम्बर - 2023 के वेतन में कटौती की कार्यवायी की गयी है साथ ही 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हरिहरगंज पर तैनात अवर अभियन्ता श्री अनीश पाण्डेय से राजस्व वसूली व क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य बनाये रखने में घोर लापरवाही बरतने के सम्बन्धी में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जनपद पहुंचने पर पंडित समरजीत का हुआ भव्य स्वागत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । दिव्यांग नेता पंडित समरजीत बने समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की कार्यकारी में प्रदेश सचिव।प्रदेश सचिव बनने पर पंडित समरजीत का लखनऊ से अयोध्या आते समय कोटवा सड़क चौराहे पर मोहम्मद नियाज की अगवाई में हुआ भव्य स्वागत वही सोहावल चौराहे पर पवन कुमार राय तथा प्रदीप यादव अपने साथियों के साथ स्वागत किया तथा नाका बाईपास चौराहे पर तथा विकासगंज चौराहे पर सपा कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत जगह-जगह किया ।

बलरामपुर में मासिक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी

गौरव पांडे ब्यूरो बलरामपुर । पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा जनपद गोण्डा/ बलरामपुर / बहराइच /श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षकगण के साथ रिज़र्व पुलिस लाइन जनपद बलरामपुर में मासिक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु निम्न निर्देश दिये गये : सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली ख़बरों का तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाए। समस्त प्रकार की लंबित जाँचों में मौखिक एवं अभिलेखीय साक्ष्यों को अलग-अलग अंकित कर विश्लेषण किया जाये पूर्ण रूप से समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण जांच की जाए। थाना दिवस जितना सुचारू रूप से कार्यरत रहेगा उतना ही बेहतर तरीके से शिकायतों का निस्तारण किया जा सकेगा। जमीनी प्रकरणों में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यवाही की जाए। नेपाल बार्डर के जनपदों द्वारा अपने अपने जनपद की नेपाल राष्ट्र से सटे बॉर्डर क्षेत्र की पुलिस टीमों से समय-समय पर गस्त/भ्रमण करवाना सुनिश्चित करेंगे तथा इस दौरान पूर्ण सतर्कता बरतते हुए समस्त प्रकार की तस्करी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक से लेकर थाना प्रभारी के स्तर पर प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी फुट पेट्रोलिंग करना सुनिश्चित करें। साथ ही फुट-पेट्रोलिंग के दौरान जनसामान्य से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें। फुट पेट्रोलिंग के दौरान महत्वपूर्ण नगर / कस्बों में अतिक्रमण भी हटवाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जनपद में प्रतिमाह व्यापारियों की गोष्ठी आयोजित कराकर व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैंकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों से मिलकर ऑपरेशन दृष्टि/ त्रिनेत्र के तहत शत-प्रतिशत सीसीटीवी कैमरा लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। कैमरों के इंस्टालेशन से पहले हॉटस्पॉट्स का चिन्हीकरण अवश्य कर लिया जाए तत्पश्चात ही कैमरों को लगाया जाए। जनपद प्रभारी सुनिश्चित करें कि पाक्सो अधिनियम के अन्तर्गत गवाहों की समय से उपस्थिति हो तथा जनपद की मानीटरिंग सेल की गोष्ठी आयोजित करके पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही कराकर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा कराया जाना सुनिश्चित करें। मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु महिला/बालिकाओं से सम्बन्धी अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायें।इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न करी जाए।इनमें तत्काल अभियोग पंजीकृत कर उसका निस्तारण किया जाये। छेड़खानी / बलात्कार आदि गम्भीर प्रकरणों में अभियोग पंजीकरण में विलम्ब न किया जाये। प्रदेश/जनपद स्तर से चिन्हित माफियाओं,टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाए। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में प्रभावी रात्रि गस्त कर चोरी की घटनाओं पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाना सुनिश्चित करें। आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत प्रत्येक स्तर से तैयारियों को पूर्ण कर लिया जाए। तत्पश्चात सभी अधिकारियों द्वारा मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था समीक्षा के संबंध में कलेक्ट्रेट बलरामपुर में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया गया।

अभियुक्त चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर । थाना ललिया पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 268/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 से संबंधित वाँछित अभियुक्त चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना ललिया के नेतृत्व मेः- थाना ललिया पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र एवं शांति व्यवस्था व तलाश वाछिंत अभियुक्त के अनुपालन प्रतिक्रिया सूचना अभियान के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 268/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 से संबंधित वाँछित अभियुक्त पट्टे उर्फ़ मो0 आसिफ पुत्र बचनू नि0 शंकरनगर बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर को चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तगण का नाम व पता पट्टे उर्फ़ मो0 आसिफ पुत्र बचनू नि0 शंकरनगर बाजार थाना ललिया जनपद ।

उ0नि श्री श्याम सिंह एवं उ0नि0 श्री लाल बिहारी को क्षेत्राधिकारी ललिया/लाइन द्वारा उपहार प्रदान कर की गई विदाई

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर । आज दिनांक- 30/09/2023 को जनपद बलरामपुर से उ0नि श्री श्याम सिंह एवं उ0नि0 श्री लाल बिहारी ने अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए । इस अवसर पर "पुलिस लाइन सभागार कक्ष" में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए उ0नि श्री श्याम सिंह एवं उ0नि0 श्री लाल बिहारी को क्षेत्राधिकारी ललिया/लाइन श्री राधारमण सिंह द्वारा उपहार प्रदान कर विदा किया गया एवं उनके अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर गोपनीय सहायक पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री शीश राम वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

चोरी हुई बैट्री की बरामदगी तथा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग श्री पवन कुमार कनौजिया के कुशल नेतृत्व मेंः आज दिनांक 30.09.2023 को थाना गैंड़ास बुजुर्ग के उ0नि0 श्री अविरल शुक्ला मय टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 158/23 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त जाकिर अली पुत्र जमशेद अली निवासी ग्राम पिरैला माफी थाना गैडास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को मय चोरी हुई बैट्री के साथ हासिमपारा बाजार से गिरफ्तार/बरामदगी किया गया एवं विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त जाकिर अली उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया। नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः अभियुक्त जाकिर अली पुत्र जमशेद अली निवासी ग्राम पिरैला माफी थाना गैडास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर। बरामदगीः एक अदद चोरी हुई सोलर बैट्री UTL गिरफ्तार करने वाली टीमः उ0नि0 श्री अविरल शुक्ला हे0कां0 अरविन्द यादव,कां0 फहीम,कां0 देवाशीष मिश्रा,कां0 नीरज यादव ।

अभियान सोलर पैनल के साथ तेन्दुआ तकिया पुलिया से गिरफ्तार किया गया

चोरी गयी बैटरी व सोलर प्लेट की बरामदगी व वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर । पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उतरौला श्री संजय कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में : थाना कोतवाली उतरौला के उ0नि0 श्री स्वतन्त्र कुमार मय टीम के थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 254/23 धारा 379,411 भा0द0वि0 व 287/23 धारा 379,411 भा0द0वि0 व 278/23 धारा 379,411 भा0द0वि से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण , नूरूल शाह उर्फ भुर्रे पुत्र वसीम निवासी शिव मंदिर जुडग्गा थाना तुलसीपुर उतरौला जनपद बलरामपुर ,जहांगीर उर्फ आलम पुत्र अनवर निवासी ग्राम गनवरिया करबला डिहवा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को मय चोरी गयी दो बैटरी व दो सोलर पैनल के साथ तेन्दुआ तकिया पुलिया से गिरफ्तार/ बरामदगी किया गया । एवं विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया । अभियुक्त का विवरण, नूरूल शाह उर्फ भुर्रे पुत्र वसीम निवासी शिव मंदिर जुडग्गा थाना तुलसीपुर उतरौला जनपद बलरामपुर । जहांगीर उर्फ आलम पुत्र अनवर निवासी ग्राम गनवरिया करबला डिहवा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर । बरामदगी सामान का विवरण दो अदद बैटरी व दो अदद सोलर पैनल । गिरफ्तार करने वाली टीम, उ0नि0 श्री स्वतन्त्र कुमार गुप्ता । उ0नि0 मनीष कुमा मिश्र । का0 अजय द्वितीय । का0 अरविन्द यादव । का0 मिथलेश मौर्या । का0 उपेन्द्र सिंह । का0 प्रशान्त शर्मा । का0 भरत भूषण सिंह । का0 जयकिशन ।

किशोर का हाथ मुंह बांधकर पुलिया के नीचे फेंका

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । इनायत नगर थाना क्षेत्र के सीमा स्थित रामगंज पुलिया के नीचे 16 वर्षीय किशोर मुंह में पॉलिथीन ठूंसकर सर को गर्दन तक झोले में भरा हाथ बंधा पाए जाने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सुबह मॉर्निंग दौड़ लगाने जा रहे लड़कों द्वारा पुलिया के नीचे किसी व्यक्ति के जोर-जोर से सांस लिए जाने की आहट मिलने के बाद लड़कों द्वारा किशोर को बाहर निकलते हुए पीआरबी पुलिस टीम को सूचना दी गई। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस टीम ने आनन फानन में दम घुटने से मरणासन्न स्थिति में पहुंचे किशोर को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख अस्पताल के इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर रश्मि श्रीवास्तव द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायतनगर थाना क्षेत्र के मुगीशपुर गांव निवासी सियाराम यादव का 16 वर्षीय बेटा शिवम यादव बीते शुक्रवार की रात खाना खाकर अपने बिस्तर पर सोया हुआ था। वह रात करीब 1:00 बजे अचानक बिस्तर से लापता हो गया था। शनिवार की अलसुबह दौड़ लगाने निकले लड़के इनायत नगर थाना क्षेत्र की सीमा स्थित रामगंज पुलिया के पास आराम करने के लिए रुके थे। जहां उन्हें पुलिया के नीचे से किसी व्यक्ति के जोर-जोर से सांस लेने की आहट मिली। लड़कों ने पुलिया के नीचे जाकर देखा तो एक किशोर जिसका सिर गर्दन तक पॉलिथीन के झोले से ढका हुआ था और गले में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे बांधा गया था। लड़कों ने पहले तो पीआरबी 112 को फोन किया। उसके बाद भी उन लड़कों से मंजर नहीं देखा जा सका तब उन्होंने अपने-अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए किशोर के सिर में बंधा झोला खोलना शुरू किया। सिर के ऊपर बंधे पॉलिथीन झोले को बाहर निकलना के बाद लड़कों ने देखा कि किशोर के मुंह में पन्नी ठूंसी हुई है। जिसे भी लड़कों ने निकाला। लेकिन किशोर बेहोश हो गया था और लंबी-लंबी सांस खींच रहा था। इतने में पीआरबी 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और पुलिसकर्मियों ने अचेत पड़े किशोर को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। हालत गंभीर देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के इमरजेंसी में मौजूद डॉ रश्मि श्रीवास्तव ने किशोर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जफ़ा के मूर्ति पर पुष्पचक्र अर्पित कर वायु सेना के दल ने किया सम्मान

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । भारतीय वायुसेना की 91वें स्थापना वर्षगांठ व वायुसेना दिवस 8 अक्टूबर के साप्ताहिक कार्यक्रम में , वायु सेना अपने वेटरन सैनिको का सम्मान करने व उन्हें याद करने की श्रृंखला में आज अयोध्या कैंट में स्थित विंग कमांडर धीरेन्द्र सिंह जफ़ा मेमोरियल पार्क में, विंग कमांडर शशांक शंकर मिश्रा के नेतृत्व में एयरफोर्स यूनिट बक्शी का तालाब (लखनऊ) के वायु सैनिकों ने सम्मान समारोह के कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें डिप्टी कमांडेंट, डोगरा रेजीमेंट व मुख्य अधिशासी अधिकारी, अयोध्या कैंट बोर्ड व साथ ही बड़ी संख्या में आर्मी पब्लिक स्कूल के शिक्षक और छात्र- छात्रा उपिस्थत रहें। विंग कमांडर शशांक शंकर मिश्रा व अन्य गणमान्य व्यक्तिओं ने विंग कमांडर धीरेन्द्र सिंह जफ़ा (वीरचक्र) के मूर्ति पर पुष्पचक्र अर्पित कर सम्मान किया और तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े गये। विंग कमांडर शशांक शंकर मिश्रा ने अपने उदबोधन में धीरेंद्र सिंह जफ़ा के सैनिक जीवन, और उनके युद्ध पराक्रम, कुशल नेतृत्व पर प्रकाश डाला साथ ही विंग कमांडर मिश्रा ने जफ़ा द्वारा 1971में लिए गए उस महत्वपूर्ण निर्णय का उल्लेख किया, जब पाकिस्तान के साथ 1971 में युद्ध अवश्यम्भावी हो चला था तब जफ़ा ने कर्तव्य को स्वयं से ऊपर रखने वाले सैनिक की भांति, वायुसेना मुख्यालय दिल्ली में एयर चीफ मार्शल के एडीसी (परिसाहयक) जैसे सुरक्षित महत्वपूर्ण व प्रतिष्टित कार्य को छोड़ने का व्यक्तिगत निर्णय लिया और जीवन के जोखिम के बावजूद उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने यह साहसिक एवं निःस्वार्थ निर्णय लिया। युद्ध क्षेत्र के खतरों एवं जोखिमों को अपने स्क्वाड्रन के अधिकारीयों एवं साथियों के साथ साझा करना उन्होंने अपना नैतिक दायित्व समझा अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों को पीछे छोडकर स्वेच्छा से स्वयं को देश सेवा को लिए समर्पित कर दिया था और युद्धभूमि में अपने युद्ध कौशल का परिचय देते हुए युद्ध में देश को विजय दिलाई और एक वर्ष पाकिस्तान की जेल में भी कैद रहना पड़ा। उन्होंने बच्चों से इस अद्वितीय निर्णय व बेमिसाल व्यक्तित्व से प्रेरित होकर देश सेवा में आगे बढकर, भारतीय सेनाओं में सेवा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को भारतीय वायुसेना के जहाजों व अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी विस्तार पूर्वक दी। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक, छात्र- छात्रों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को विंग कमांडर धीरेन्द्र सिंह जफ़ा द्वारा स्वयं लिखी गयी पुस्तक "मृत्यु कष्टदायी न थी" की प्रति भेंट की गई।

संतों की धार्मिक यात्रा की तैयारियां पूर्ण

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, बीकापुर अयोध्या । पूर्व आयोजित राम वन गमन पथ पर पद यात्रा जो दो अक्टूबर को अयोध्या से चलकर दो सप्ताह में चित्रकूटधाम तक की यात्रा सभी संत एवं सम्मानित अधिकारी कर्मचारी यात्रा में भाग लेने की जानकारी देते हुए वेद प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि दो अक्टूबर को श्री राम जन्मभूमि से यात्रा प्रस्थान करके सुल्तानपुर सीता कुंड तक पहुंचने की तैयारी के लिए रास्ते में पढ़ने वाले पड़ाव एवं विश्राम स्थलों की व्यवस्था को सुलभ बनाने की जिम्मेदारी वेद प्रकाश द्विवेदी के जिम्मेदारी होने पर यात्रा में चलने वाले भक्त जन जो पूर्ण रूप से धार्मिक और आध्यात्मिक है। यात्रा की तैयारी में निकले वेद प्रकाश द्विवेदी द्वारा शुक्रवार की देर शाम नंदीग्राम भारत कुंड में प्राचीन मंदिर के अधिकारी अरविंद तिवारी , अरुण तिवारी, उत्तम तिवारी , राजेश तिवारी , श्रवण दुबे , रवि दुबे आदि लोगों के साथ बैठक करके यात्रा के बीच पड़ने वाले पड़ाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें सूर्य कुंड यात्रा के पहुंचने पर रबि दूबे भरतकुंड अरविंद तिवारी तथा खजुराहट के पड़ाव स्थल की जिम्मेदारी उत्तम तिवारी राजेश तिवारी , अरुण दुबे , को सौंपते हुए कूरेभार में विद्या मंदिर से होकर सीता कुण्ड से गंतव्य की तरफ प्रस्थान करना बताया है।

गॉधी जयन्ती के अवसर पर आयोजित किये जाए विभिन्न कार्यक्रमः डीएम

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर, 2023 को 154वें गांधी जयन्ती समारोह को सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। जिसके अंतर्गत सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये, कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः 09:00 बजे महात्मा गांधी जी के एक चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाये और उसके बाद गांधी जी के जीवन-संघर्ष उनकी देश-सेवा, उनके जीवन-मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी "अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों को संक्षेप में परिचय दिया जाये ।

संगठन मजबूती हेतु गांव-गांव पंचायत करेगी भाकियू

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । संगठन को मजबूत करने हेतु भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा गांव -गांव किसान पंचायत करके सदस्यता बढाने पर बल दिया जा रहा है जिसके क्रम में दिनांक ०1 अक्टूबर 2023 को सोहावल वि०खंड के ग्राम गालीपुर में तथा दिनांक ०2 अक्टूबर 2023 को बीकापुर वि०खंड ग्राम खिद्दिरपुर में जागरण किसान पंचायत की जाएगी उपरोक्त पंचायतों में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य भाग लेंगे। तथा 6 अक्टूबर 2023 को किसान मसीहा भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती गांधी पार्क अयोध्या में मनाई जाएगी

जिला न्यायालय में आहूत हुई एक नया सवेरा की एडवाइजरी कमेटी के सदस्यों की बैठक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला जज शैलेन्द्र सिंह यादव के संचालन में प्रारंभ प्रोजेक्ट "एक नया सवेरा" जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा के अंतर्गत आज प्रोजेक्ट मैनेजर श्वेता राज सिंह द्वारा आहूत हुई बैठक। बैठक में एडवाइजरी कमेटी के सदस्यों ने किया प्रतिभाग जिनमे साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य प्रदीप खरे, यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट के डीन डॉ अशोक कुमार राय की प्रतिनिधि के तौर पर डॉ वंदना गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक राजेश चौबे, शिक्षाविद ए एन त्रिपाठी, व पत्रकार पवन कुमार मिश्रा उपस्थिति रहे। बैठक में प्रोजेक्ट के विस्तार और एक्शन कमिटी के गठन पर चर्चा हुई। जल्द ही जोड़े जाएंगे समान्य नागरिक।

चोरी का खुलासा करने से कतरा रही तारुन पुलिस

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ , रामपुर भगन अयोध्या । रामपुर भगन- अयोध्या।तारून थाना अंतर्गत पुलिस चौकी रामपुर भगन कस्बे मे लगभग तीन माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा करने से इलाकाई पुलिस कतरा रही है। जबकि पीड़ित डॉ संजय वर्मा ने अपने घर काम करने वाली महीला मायावती व उसके पति सरजू प्रसाद निवासी खेमीपुर निधियावा पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी रामपुर भगन पर नामजद तहरीर दिया था पुलिस ने पीड़ित से जाच कर कार्यवाही करने की बात कही थी लेकीन चौकी पुलिस कार्यवाही करने से अब कतरा रही है हल्का सिपाही कहते है कि वह चोरी नही किया है।

याद करो कुर्बानी"कार्यक्रम के तहत अमर शहीदों की प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि अर्पित की

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । लीजेंड सिंगर्स फैन क्लब व शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा"याद करो कुर्बानी"कार्यक्रम के तहत राजकीय उद्यान में काकोरी के अमर शहीदों की प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम जी ने किया और संचालन सुधीर श्रीवास्तव ने किया।माल्यर्पण करने वालों में ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी,मुजम्मिल फिदा,अतुल कुमार,धीरज द्विवेदी,पूजा श्रीवास्तव,रामजी तिवारी,बृजेश श्रीवास्तव,अखिलेश सिंह,जेपी श्रीवास्तव,ज्ञानेंद्र सिंह सहित कई और लोग शामिल रहे।श्रद्धाजंलि देने के बाद ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह ने कहा कि आजादी के आंदोलन में युवाओं ने अपनी जान की कुर्बानी किया।

ख़ास ख़बर

बगहा-वाल्मीकि नगर मुख्य पथ के धोबहा पुल के समीप पेड़ गिरने से घंटो रहा आवागमन ठप

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। शनिवार की देर शाम चार बजे अचानक मौसम बदलने और तेज आंधी आने से वाल्मीकि नगर-बगहा मुख्य पथ के धोबहा पुल के समीप सड़क पर बीचों- बीच एक विशाल पेड़ के गिर जाने से कई घंटा तक आवागमन ठप रहा। यात्रियों द्वारा आंधी में पेड़ गिरने की सूचना वन विभाग कार्यालय को दिया गया।वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के अंतर्गत भेडिहारी वन कार्यालय में तैनात वनपाल नवीन कुमार ने इस घटना की सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन कर्मियों के टीम को घटनास्थल पर भेजकर राहगीरो और वन कर्मियों के सहयोग से गिरे हूए पेड़ को हटाया गया, जिसके लिए वनकर्मियों को कई घंटा तक मशक्कत करनी पड़ी। पेड़ हटने के बाद फिर तब जाकर आवागमन मुख्य सड़क पर फिर से बहाल हुआ।

श्रमदान अभियान को लेकर बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज। प्रखंड के चार्ज सेंटर पर शनिवार को बीडीओ सतीश कुमार की अध्यक्षता में सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मियों की एक बैठक की गई। बैठक के दौरान आगामी एक अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान कराने को लेकर विशेष चर्चा की गई। लोहिया स्वच्छ के प्रखंड समन्वयक राम विनय प्रसाद ने बताया कि सभी पंचायतों में 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता हीं सेवा अभियान चलाया जा रहा है। एक अक्टूबर को महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि स्वरूप विशेष स्वच्छता श्रमदान अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर सभी स्वच्छता कर्मियों को निर्देश दिया गया है। वहीं बीडीओ सतीश कुमार ने बताया कि रविवार को यह अभियान प्रखंड परिसर में भी आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार,मुकेश ठाकुर, राजा कुमार, मुकेश कुमार, विजय प्रसाद, राहुल कुमार, राजकिशोर राम, विनोद कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

65 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक तारीख एक घंटा स्वच्छता अभियान का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। सशस्त्र सीमा बल 65 वीं वाहिनी के द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे वाहिनी और सीमा चौकियों के आस पास के इलाके, गाँव, स्कूल सार्वजनिक स्थान इत्यादि जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर ही बापू को 'स्वच्छांजलि' होगी। 1 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 बजे स्वच्छता पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इसमे सभी स्थानीय लोग समय निकालकर स्वच्छता से जुड़ सकते हैं। तथा इस अभियान में सहयोग कर सकते हैं । अपनी गली, आस-पड़ोस... किसी पार्क, नदी, झील या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो सकते हैं। सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा 1 अक्टूबर को 10 बजे से 1 तारीख 1 घंटा स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत 10+2 सहकारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, पटखौली, बगहा 2 के प्रांगण को चयनित किया गया है, जहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा । इसमे स्कूली बच्चों, शिक्षक गण तथा आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी । वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट ने इस अभियान मे स्थानीय जनता की भागीदारी के लिए आह्वान किया है ताकि इसे सफल बनाया जा सके ।

जमीन अतिक्रमण के विरुद्ध उपायुक्त को लिखा पत्र

दैनिक शुभ भास्कर, कृष्णा वर्मा, बिरनी/गिरिडीह। बिरनी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पास मॉडल डिग्री कॉलेज का निर्माण किया गया है । जिसका खाता संख्या 57 प्लाट संख्या 5 रकबा 10 एकड़ है । मॉडल कॉलेज की बिल्डिंग 5 वर्ष पूर्व बनकर तैयार थी । मॉडल कॉलेज का चहारदीवारी होना था जिसका शिलान्यास 21/5/23 को किया गया है । वहीं मॉडल कॉलेज को भूमाफियाओं ने निशाना बनाकर अतिक्रमण कर लिया जिसके विरुद्ध मॉडल कॉलेज के प्राचार्य कन्हैया प्रसाद राय ने बिरनी सीओ एवं गिरिडीह उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर भूमाफियाओं से जमीन मुक्त कराने की गुहार लगाई है ।

बलहा पंचायत सरकार भवन सौंदर्य करण के नाम पर लूट

दरभंगा। सदर प्रखंड क्षेत्र के बलहा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन के सौंदर्य करण के नाम पर भारी लुट। बता दे की बलहा पंचायत के सभी 15 वार्ड सदस्यो ने एक साथ दरभंगा उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी को लिखित शिकायत किया है की मुखिया दीप नारायण पासवान के द्वारा पूरे पंचायत में अपने सगे संबंधी एवं कुछ दबंगों की मदद से सरकार द्वारा आवंटित राशि को बंदरवाट किया गया है। वही बलहा पंचायत सरकार भवन के चार दीवार का निर्माण में गुणवत्ता को ताक पर रखकर राशि का बंदरवाट किया गया है। कचरा भवन योजना के कार्य में भी योजना के हिसाब से कार्य नहीं किया जा रहा है। जो भी पंचायत में योजना किया गया है मुखिया द्वारा कहीं भी योजना बोर्ड नहीं लगाया गया है। वहीं सभी 15 वार्ड सदस्यों ने आरोप लगाते हुए बताएं कि जो भी योजना मुखिया दीप नारायण पासवान के द्वारा किया गया या किया जा रहा है कोई भी वार्ड सदस्य को जानकारी नहीं देते हैं। अपने मनमर्जी से कार्य करते हैं कभी भी आमसभा नहीं लगाते हैं। वहीं मुखिया दीप नारायण पासवान के द्वारा वार्ड सदस्यों को धमकी दिया जाता है की सभी को केस में फंसा देंगे जिससे वार्ड सदस्यों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं वार्ड सदस्य ने दरभंगा उप विकास आयुक्त से गुहार लगाया है कि बलहा पंचायत मुखिया के सभी योजनाओं का जांच किया जाए और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने का कृपया किया जाए इसमें जेई ,सचिव सहित कई कर्मी सम्मिलित होने की संभावना है। अगर मुखिया के योजना पर जांच नहीं किया गया तो सभी वार्ड सदस्य के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में भूख हड़ताल पर अनिश्चितकाल बैठ जाएंगे मुखिया के मनमानी के खिलाफ। एक साथ बलहा पंचायत के उप मुखिया किशोर यादव ,वार्ड सदस्य मंजू देवी, कुलदेवी ,रेणु देवी ,उषा देवी ,रविंद्र कुमार मिश्र, त्रिपुरारी मिश्र, रामबाबू मुखिया, कृष्ण कुमार यादव ,कमलेश पासवान , कृष्ण देव यादव, भल भोगिया देवी ,अरुण कुमार शर्मा, फिरदोष परवीन, लाल सदाय दरभंगा उप विकास आयुक्त के अलावा सदर बीडीओ विजय कुमार सौरभ को भी लिखित शिकायत दिए हैं। वही इस मामले पर सदर बीडीओ विजय कुमार सौरभ ने बताया कि सरकार भवन का निर्माण करीब 80 लाख की लागत से कुछ साल पहले बलहा पंचायत में निर्माण हुआ था और 32 लाख की लागत से सौंदर्य करण किया गया है जिसकी अनियमितता की शिकायत वार्ड सदस्यों के द्वारा किया गया है। जिसकी जांच किया जाएगा अनियमितता पाए जाने पर मुखिया और जेई सहित कई कर्मी पर fir दर्ज किया जाएगा। इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही पंचायत में चल रहे योजना की जांच की जाएगी।

शक्ति क्लब दुर्गा पूजा समिति के संयोजक बने आशीष पांडे, अध्यक्ष बने अनंत सेठ

चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड, तमाड़। प्रखंड के सारजमडीह में शक्ति क्लब दुर्गा पूजा समिति की आवश्यक बैठक आयोजक नीतीश पांडे के अध्यक्षता में की गई। बैठक में 2023 में आने वाले दूर्गा पूजा को धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि शक्ति क्लब दूर्गा पूजा समिति के संस्थापक भूतपूर्व मुखिया सह मंदिर के पुजारी श्री देवकुमार पांडे की देख रेख में लगातार 53 साल से यहां दुर्गा पूजा होते आ रहा है। वहीं विजया दशमी के अगले दिन एकादशी को माता की मुर्ती का विसर्जन आंचुडीह नदी में किया जाता है ।इस अवसर पर आंचुडीह में मुखिया मेला लगता है जो क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है मेला में रावण के पुतले का दहन किया जाता है। बैठक में 2023 दुर्गा पूजा के सफल आयोजन हेतु एक संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें संयोजक आशीष पांडे, अध्यक्ष अनंत सेठ, महासचिव शिवनंदन प्रमाणिक व जमेन सेठ, उपाध्यक्ष विक्रम हजाम,व अजेश हजाम, सचिव कमल पुरान,राजकिशोर मछुआ, त्रिलोचन हजाम,रुपलाल सेठ,सिरीश सेठ मनोज हजाम, सलाहकार कालीचरण हजाम, रघुनंदन सेठ,मुचिराम हजाम,एवम् कार्यकारणी सदस्य राहुल सेठ पेमा सेठ, विकास सेठ मनोज मछुवा, विवेक पांडेय, रहिम हजाम, प्रतिक पांडे, गोबरधन सेठ, विनीत पांडे, सोहित हजाम, शत्रुघन हजाम, रोहित हजाम, सत्यदेव सेठ अखिल हजाम शिशुपाल हजाम कमलेश हजाम, संतोष हजाम अमर हजाम अजीत हजाम अनूत हजाम,विपद हजाम,चंदन हजाम विष्णु सेठ बनाए गए हैं।

शराबी पति से तंग आकर पत्नी ने आत्महत्या के लिए नहर में कूदी

मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर। शराबी पति से तंग आकर सपना कुमारी नामक महिला ने आत्महत्या होने के लिए नहर में कूद पड़ी इसी बीच कुछ गांव वालों ने डूबते हुए देखा तो समाज के कुछ लोगों ने नहर में महिला को बचाने के लिए पानी में कूद करें और महिला को बाहर निकला पानी से इस बीच महिला ने कुछ पानी भी पी लिया लेकिन तुरंत महिला को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया लाया जहां पर महिला का इलाज चल रहा है खतरे से बाहर बताई जा रहा है महिला का नाम सपना कुमारी बताई जा रही है महिला ने बताया किया हम लोग प्रेम प्रसंग करके शादी किए थे इसमें की मेरे पिताजी ने मना कर रहे थे लेकिन मैं नहीं मानकर शादी की जिसका नतीजा मुझे अभी भगत ना पड़ रहा है कि मेरे पति शराबी निकल गए वह हमेशा हमसे रुपया पैसा मांगते रहते हैं शराब पीने के लिए अगर नहीं देते हैं तो मुझे मारते पीटते हैं यहां तक के मेरा जेवर जो था उसको भी बिग डाला शराब के लिए अगर रुपया नहीं देते हैं तो मुझे कभी लाठी कभी डंडा कभी घुसा कभी लात से मारपीट करते रहता है अब मुझे बर्दाश्त नहीं हुआ तो हमने अपनी जान खत्म करने के लिए पानी में कूद पड़े ताकि मैं नहीं रहूंगी और मेरे साथ इस तरह का बताओ नहीं करेगा यहां तक के मेरा सास ससुर पति कोई देखने तक या पूछने तक नहीं पहुंचा है हॉस्पिटल कभी-कभी यहां तक होता है कि मैं भूखी रह जाती हूं मेरा सारा जेवर रुपया ले लिया और मुझे घर से बाहर निकाल दिया।

रोजगार का अवसर पाने और पलायन को रोकने हेतु जन सुराज का समर्थन करें- मंजूर आलम

मधुबनी संबाददाता। मंजूर आलम जन सुराज सेवक मधुबनी सह बिस्फी विधानसभा सेवक ने मीडिया को इन्टरव्यू देते हुए कहा कि बिहार के युवाओं की बेरोजगारी से बदहाली यह सोचने के लिए मजबूर करती है कि आखिर अंग्रेजों की गुलामी से भारत के सभी राज्य तो एक साथ ही आजाद हुए थे, लेकिन ऐसा क्या हो गया कि देश के अन्य राज्य विकसित होते गए, लेकिन बिहार का विकास वह रफ्तार नहीं पकड़ सका और आज भी विकास की दर में अपने चौबीसवें स्थान पर ही खड़ा है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर ऐसा क्यों? जातिवादी राजनीति ने बिहार में विकास ,बेरोजगारी जैसे मुद्दों को कभी चुनावी मुद्दा बनने ही नहीं दिया।आज बिहार का वोटर बिहार सरकार चुनते समय उम्मीदवार की जाति और दल देखकर वोट देता हैं और रोजगार तलाशने के लिये देश भर घूमता है।लेकिन कभी बिहार के लोगों ने किसी भी दल को मजबूर नही किया कि वह बिहार में विकास और रोजगार पर बात करें। कई पार्टियों ने बिहार की जनता को अपने परिवारवाद के जाल में ऐसा फंसाया हुआ हैं कि आज भी बिहार में भले बेरोजगारी चरम पर हो पर आज भी बिहार का नोजवान उस पार्टी और उसके परिवार के लोगों को परमात्मा समझ कर आँख बंद करके भरोसा से वोट देते आ रहे हैं। भारत को आजाद हुए 75 वर्ष हुए और इतने ही वर्षो में हमने 36 बार मुख्यमंत्री चुना और आश्चर्य की बात ये है कि फिर भी हम एक भी ऐसा मुख्यमंत्री न चुन सके जो जो जात-पात छोड़ कर विकास की बात करता हो। बिहार से आने या जाने वाली किसी भी ट्रेन में साल के 365 दिन किसी भी दिन चले जाइएगा आपको पैर रखने तक की जगह नहीं मिलेगी इसकी मुख्य वजह यही है कि बिहार में रोजगार नहीं है,इसलिए बिहार से बहुत संख्या में लोग दूसरे राज्यों में रोजगार ढूंढने के उद्देश्य से जाते हैं। जो थोड़ा बहुत कमाते हैं उसका बहुत सारा भाग उसी राज्य में खर्च करके चले आते हैं। जाते जाते हम आपको एक और रोचक बात बता कर जाना चाहते हैं हमारे बिहार में फिर से जल्द ही लोकसभा और विधानसभा का चुनाव होने वाला है और आप आश्चर्य मत कीजिएगा यदि हमने इस बार की सरकार को फिर से मौका दे दिया तो हम बड़े अजीब लोग हैं हम जब ट्रेन के जनरल बोगी में होते हैं सिर्फ तभी विकास की बात करते हैं जैसे ही जनरल बोगी से निकलकर घर पहुंचते हैं हम जातियो में विघटित हो जाते हैं। बिहार में इस समय एक मजबूत विकल्प के रूप में जन सुराज के मुखिया आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी हैं जो बिहार के बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की बात कर रहे हैं आइये हम सब मिलकर एक बार अपना समर्थन जन सुराज के मुखिया आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी को दें, निश्चित रूप से बिहार से पलायन और बेरोजगारी में कमी जरूर दिखाई देगा।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा की अध्यक्षता में तमाड़ में बैठक संपन्न

चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड, तमाड़। शनिवार को तमाड़ भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं (मंडल कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, बुथ अध्यक्ष आदि) की एक बैठक जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा की अध्यक्षता में तमाड़,रायडीह शंकर सोनार के आवास पर बूथ सशक्तिकरण और मंडल कार्यकर्ता सत्यापन,बूथ कमिटी का सत्यापन के संबंध में बैठक किया गया।इस बैठक में प्रवासी प्रभारी पदाधिकारी श्री प्रमोद सिंह जी , जिला उपाध्यक्ष सह जिला बूथ सशक्तिकरण अभियान के सह संयोजक प्रभुदयाल बड़ाइक जी उपस्थित हुए। आज बुथ सशक्तिकरण बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ,मंडल महामंत्री राजकिशोर महतो,घनश्याम महतो,बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष महावीर सोनी, महामंत्री विवेक गुप्ता, वरिष्ठ बीजेपी कार्यकर्ता समरेंद्र मुखर्जी, शंकर सोनी,मुकेश पातर,हरेकृष्ण प्रमाणिक,राधामोहन महतो,रामधन महतो, सुभाष मुंडा,गणेश महली,सिंगराय मुंडा, डोमन मुंडा,लालसिंह मुंडा,मनसा मुंडा, चंबर मुंडा, दुखन मुंडा,बलराम महतो, बनमाली महतो,राम कुम्हार आदि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पुरोहित की अध्यक्षता में मोदीजी की सभा में सम्मिलित होने को लेकर हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान। चितौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा के जावदा निमड़ी मंडल में भारतीय जनता पार्टी की बैठक कोटड़ागढ़ बालाजी मंदिर परिसर में नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सागर पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सागर पुरोहित को साफा बंधवाकर शुभकामनाए दी। बैठक का संचालन कन्हैयालाल जैन ने किया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में 2 अक्टूबर को मेवाड़ की पावन धरा पर श्री सांवरिया जी में होने वाली देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सभा में सम्मिलित होने को लेकर चर्चा हुए तथा नव नियुक्त जावदा मंडल अध्यक्ष सागर पुरोहित ने भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सभा में पधारने का आव्हान किया। मीरा बाई की नगरी चित्तौड़गढ़ के श्री सांवरिया जी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की होने वाली सभा के लिए 6 बस की बात हुई,जिसके लिए मंडल के अलग अलग क्षेत्र से बस प्रभारी नियुक्त किए,जिसमें बालाजी चौराहा जावदा बस प्रभारी जावदा सरपंच एवं युवा मोर्चा जावदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, ग्राम पंचायत बलकुंडी कलां बस प्रभारी गेंदमल मेघवाल व लाल सिंह, ग्राम पंचायत बस्सी बस प्रभारी उपसरपंच बगदीराम भील व आयुष जैन, राजपुरा ग्राम पंचायत बस प्रभारी सरपंच कमलेश ओड एवं किशन ओड, मंडेसरा- कुशलगढ़ बस प्रभारी पूर्व सरपंच बंशीलाल एवं बरदीचंद भील, देवपुरा - जवाहर नगर बस प्रभारी नंदलाल धाकड़ एवं अनिल धाकड़ को दायित्व सौंपा।

आदिवासी समुदाय के लोगों ने धूमधाम से करमा पर्व को किया समापन, क्षेत्र के लोगों में बना उत्साह का माहौल

दैनिक शुभ भास्कर बेलहर/ बांका। जिले के बेलहर प्रखंड के बसमत्ता पंचायत के चिंगुलिया गांव में आज आदिवासी समुदाय के लोगों ने कर्मा पर्व धूमधाम से संपन्न किया । जानकारी के अनुसार कर्मा पर्व बिहार एवं झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है।यह पर्व झारखंड- बिहार के आदिवासी समुदाय द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है।इस पर्व में बहनें अपने भाइयों की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं और उनके दीर्घायु के लिए पूजन करती हैं। मान्यता है कि इस पर्व को बहनें अपने भाइयों के लिए करती हैं.।वही बसमाता पंचायत उपसरपंच चुनचुन हांसदा,पूर्व मुखिया सामुएल मुर्मू,नवीन मरांडी,राजेश हांसदा ,ग्राम प्रधान कामेश्वर हेंब्रम,उपप्रधान सुगदेव बेसरा ने बताया की कर्मा पर्व हम लोग प्रतिवर्ष बड़े ही धूमधाम के साथ मानते हैं। इस पर्व में हम लोग महिला एवं पुरुष मिलकर झूमते ,नाचते,गाते ,बजाते है। वही बसमात्ता पंचायत के मुखिया विजय हांसदा ने बताया कि आज के इस कर्म पर्व में कुल 72 क्रमेति ने कर्मा पर्व को संपन्न किया। वही कर्मा पर्व में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सुख समृद्धि की कामना की।इस मौके पर सुषमा हसदा,रिचा हांसदा, रीना हांसदा, सिटी संध्या मुर्मू ,प्रिया हेंब्रम , सुनीता हांसदा, सलोमी हांसदा, रिया किस्कू,अमृता किस्कू, सुनीता किस्कू, मुस्कान मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।

निरीक्षण | सभी स्टाफ सदस्यों ने पुछे गये सवालों का सही-सही जवाब पूरे विश्वास से दिया

नेशनल टीम ने किया स्वास्थ्य केंद्र लकडवास का निरीक्षण

सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान / उदयपुर। महाराणा भूपाल चिकित्सालय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (NQAS) के तहत जिले के गिर्वा पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,लकडवास का राष्ट्रीय निरीक्षक टीम ने निरीक्षण किया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि पिछले वर्ष राज्य स्तर से गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में प्रमाणित होने पर राज्य सरकार ने भारत सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन किया था जिससे भारत सरकार द्वारा डॉ नितिन तोमर और लेफ्टिनेंट कमांडर अशीष जैन को निरीक्षण करने के लिए उदयपुर भेजा गया।दिनांक 29 और 30 सितंबर दो दिनों तक टीम ने सभी मापडण्डो पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार सभी विभागों का निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने ने बताया कि अस्पतालकीसाफ-सफाई, बायोवेस्ट मैनेजमेंट, निशुल्क जांच, निशुल्क दवा वितरण, उपकरणों की उपलब्धता, मानव संसाधन आदि मानकों पर निरीक्षण किया गया। टीम को संस्था प्रभारी डॉ हिमांशी हाड़ा और क्वालिटी चैंपियन डॉ मनीष सिंह ने सभी मापडण्डो को बारीकी और विस्तार से रिकार्ड सहित समझाया। सभी स्टाफ सदस्यों ने पुछे गये सवालों का सही-सही जवाब पूरे विश्वास से दिया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी गिर्वा डॉ पृथ्वीराज जीनगर और बीपीएम नुतन एवं कार्यालय से बीएएफ मनीषा, अशोक जी सहयोग के लिए उपस्थित रहे। टीम के साथ जिला स्तर से सहयोग के लिए डॉ शुभम गोयल, डॉ भुपेंद्र जनवा,डॉ अंकित अवाना,डॉ पीयूष व्यास, गणेश प्रकाश, सुनील शर्मा एवं अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आये नर्सिंग आफिसर उपस्थित रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लकडवास के सब सेंटर के सी एच ओ और ए एन एम ने निरीक्षण के दौरान पूरा साथ दिया। राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणीकरण होने पर संस्थान को प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक के रुप में 3 लाख रुपये प्रति वर्ष तीन वर्ष तक मिलेंगे।जिसका उपयोग स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं पर खर्च किया जायेगा।

आदिवासी जनजाति किसानों की मुलभुत सुविधाओं को लेकर राष्ट्रपति भवन के सैन्य सचिव को पूर्व में सौपा था ज्ञापन

राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों की बुलावें पर वार्ता के लिए पहुंचे महामहिम कार्यालय- दिनेंश अग्रवाल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। मेरा स्वाभिमान संस्था के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल पुनः चंपारण के आदिवासी जनजाति किसानों के मूलभूत समस्याओं को लेकर भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम के सर्वोच्च अधिकारियों के बुलावे पर अधिकारियों को पूर्व में दिए ज्ञापन पर वार्ता के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे। इसके पूर्व विगत 27 जुलाई को महामहिम के सैन्य सचिव से मिलकर चंपारण के आदिवासी जनजाति किसानों के कल्याण के निहित एक ज्ञापन दिया था।जिसमें इस समुदाय के मूलभूत समस्याओं को दूर कर उनको मिलनेवाली उन सभी सुविधाओं को बहाल करने का प्रयास किया गया था,जो आज के समय में जनजाति आदिवासियों से कोसो दूर हैं। उसी बिंदु पर चर्चा हेतु पुनः राष्ट्रपति भवन से फोन द्वारा बुलाए जाने पर उन सभी बिंदुओं पर चर्चा के लिए गए और मुख्य बिंदुओं पर चर्चा के दौरान उनकी समस्याओं के विषय को अधिकारियों ने समझा तथा क्षेत्र की समस्याओं शिक्षा,स्वास्थ्य तथा कृषि एवं रोजगार से संबंधित समस्या सहित आदिवासी जनजाति को मूर्त रूप नहीं दिया जा रहा।जमीनी स्तर पर यदि उसे सही तरीके से विकास कार्य को किया जाए तो उनकी सभी समस्याओं सहित गरीबी दूर होगी आदि पर प्रकाश डाला गया। वैसे यह संस्था मेरा स्वाभिमान अपने स्तर से शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि और रोजगार पर कार्य कर रही हैं उनके उत्थान के लिए लेकिन हमारा प्रयास इतना काफी नहीं हैं अगर कोई क्षेत्र तरक्की करता हैं तो उसका सीमावर्ती क्षेत्र भी तरक्की कर जाता हैं।उनके सर्वांगीण विकास के लिए हमारी संस्था दृढ़ संकल्पित हैं। गौरतलब हो कि हमारे देश के महामहिम स्वयं एक आदिवासी महिला हैं उनसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता उनके दुःख दर्द को,आप महामहिम के पद पर आसीन होने के पूर्व एक शिक्षक और एक किसान थी।आज आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व समाज में सही ढंग से नहीं हो पा रहा हैं।उनके विकास कार्यों की समीक्षा नहीं की जा रही हैं।इन सारी बिंदुओं पर चर्चा के पश्चात जल्द ही उनकी मूलभूत समस्याओं जैसी बिंदुओं पर ध्यान देकर पूरा करने का आश्वासन तथा जल्द ही महामहिम से मिलने का आश्वासन मिला। संस्था अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने इसके लिए उन सभी पदाधिकारियों सहित महामहिम को सहृदय धन्यवाद दिया।

ख़ास ख़बर

ब्रह्मा कुमारी सिकटिया सेवा केंद्र द्वारा क्षेत्र के स्कूलों में नैतिक शिक्षा का विशेष क्लास चलाया गया

अरेराज, अशोक वर्मा। जिले के सुदूर गांव सिकटिया में विगत दो दशक से संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नैतिक शिक्षा पर विभिन्न स्कूलों में विशेष वर्ग चलाया गया ।सेवा केंद्र प्रभारी बीके नीता बहन के नेतृत्व में लखनऊ से पधारे कई भाई-बहनों ने इस कार्य को योग युक्त होकर चलाया। गौरतलब है कि भारत सरकार नैतिक शिक्षा पर ज्यादा जोर दे रही है। ब्रह्मकुमारी के कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री ने भी नैतिक शिक्षा पर जोर दे रहे है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए चंपारण के सुदूर गांव के सेवा केंद्र द्वारा यह कार्य किया जा रहा है शाखा सिकटिया (अरेराज)के द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिरनी प्रखंड ,अरेराज पूर्वी चंपारण एवं राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय परसा प्रखंड अरेराज मे आध्यात्मिक सशक्तिकरण से स्वर्णिम भारत का उदय कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजयोग केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी नीता बहन ने कहा भारतीय संस्कृति एवं संस्कार का संवर्धन एवं संरक्षण राजयोग मेडिटेशन से ही संभव है मेडिटेशन से आंतरिक शक्तियां जागृत होती है जो हमारे जीवन को तनाव मुक्त बनाता है जिससे जीवन जीने की कला आती है कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पधारे राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई ने कहा "राजयोग मेडिटेशन से ही विद्यार्थियों एवं शिक्षक वर्ग में मूल्यों की धारणा होगी , मूल्य से ही स्वर्णिम भारत का निर्माण होगा लेकिन आज के दौर में नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है जिसके कारण समाज गलत दिशा में जा रहा है इस पतन को रोकने का एकमात्र इलाज है राजयोग मेडिटेशन, कार्यक्रम का संचालन कृष चंद्र मिश्रा ने किया उक्त अवसर चंदन तिवारी, ज्ञान रंजन तिवारी, राम कृष्ण मणि त्रिपाठी बी0के0 सिद्धार्थ भाई, बी0के0 सुभाष भाई ,बी0केहेमंत भाई मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप में भाग लेने जिला टीम पूर्णिया रवाना

मोतिहारी, अशोक वर्मा । पूर्णिया में आयोजित होने वाली दो दिवसीय (1-2 अक्टूबर) रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप (बालक-बालिका) में भाग लेने पूर्वी चम्पारण की टीम शनिवार को पूर्णिया के लिए रवाना हो गई. जिला टीम में 27 बालक-बालिका खिलाड़ी शामिल है. जिला टीम हमसफ़र ट्रेन से रवाना हुई. ऑफिसियल में कोच के रूप में पूर्वी चम्पारण जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा व टीम मैनेजर के रूप में संघ के कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार है. जिला सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता अलग-अलग ग्रुप में होगी. जिला टीम के खिलाड़ियों में बेबी, श्वेता, मुक्ता, रूपांजलि, रानी, अप्पी, अंजली, सृष्टि वन, सुप्रिया, श्वेता टू, प्रियांशु, सिया, सृष्टि टू, ख़ुशी, धर्मवीर, राजन, अफरोज, रंजन वन, रंजन टू शौर्य, रितिक, सक्षम, रौशन, रौशन कुशवाहा, दीपक, एसपी लाल व दशरथ शामिल है. जिला टीम का उत्साह बढ़ाने संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल कुमार स्टेशन पहुंचे और खिलाड़ियों को लक्ष्य हासिल करने के लिए हौसला बढ़ाया. मौके पर स्टेशन अधीक्षक दिलीप सिंह ने कहा कि जिला टीम ने कड़ी मेहनत की है. अब अधिक से अधिक मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित करना है. सचिव ने कहा कि स्टेट में सफल खिलाड़ी इस वर्ष के अंत में कर्नाटक में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में बिहार टीम का हिस्सा बनेंगे. मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक राजेश कुमार सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित थे.

समाज से बुराई हटाने व देश की तरक्की के लिए हमें सौहार्द, प्रेम और त्याग के साथ रहना होगा समाजसेवी सी के पाण्डेय

दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग। ्रखण्ड के कोनहारा खुर्द में आयोजित जलसा कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी सह बरकट्ठा जिप सदस्य प्रतिनिधि सी के पाण्डेय, बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी, झुरझुरी मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सी के पाण्डेय ने कार्यक्रम के माध्यम से कहा कि समाज से बुराई हटाने एवं देश की तरक्की के लिए हमें सौहार्द, प्रेम और त्याग के साथ रह के कार्य करना होगा। इस अवसर पर मौलाना तैयब, आबिद अंसारी, सब्बीर अंसारी, आफताब अंसारी, मुख्तार अंसारी, मजीद आलम, जाकिर हुसैन, निजाम, मकबूल, असगर , गणमान्य समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

मूर्ति विसर्जन जुलूस पर एसीड फेंका गया

अशोक कुमार , मोतिहारी । गणेश पूजन के बाद मूर्ति विसर्जन ज के दौरान मोतिहारी के नगर थाना क्षेत्र के मधुबन छावनी चौक के पास विवाद हो गया, असामाजिक तत्वों द्वारा जुलूस में तेजाब जैसा पदार्थ फेका गया, जिसके बाद वहां अफरातफरी मच गई, तेजाब से कई लोगो के शरीर पर जख्म आया । मूर्ति विसर्जन में शामिल लोग आक्रोशित हो गए, सभी ने वहां पर ट्रेक्टर लगा सड़क जाम कर विरोध जताना शुरू कर दिया,तथा तेजाब फेंकने वाले की गिरफ्तारी की मांग करने लगे, जैसे ही इसकी सूचना सदर एएसपी आईपीएस राज को लगी, भारी संख्या में पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर भीड को शांत कराने में जुट गई, करीब एक घंटे तक मूर्ति विसर्जन ले लिए ले जा रहे लोगो ने बबाल किया, इस दौरान बीजेपी के स्थानीय विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार मौके पर पहुंच कर लोगो को समझाया तब जा कर लोग शांत हुए और मूर्ति विसर्जन ले लिए आगे बढ़े। विसर्जन शांतिपूर्ण हो गया, उसके बाद पुलिस छावनी में तब्दील हो गया संपूर्ण चौक। जैसे घटना की जानकारी एसपी कांतेश मिश्रा को लगी वैसे ही भारी संख्या में पुलिस के जवाब को घटना स्थल भेज पूरे एरिया में सर्च अभियान शुरू कराया, एएसपी के नेतृत्व में नगर थाना, मुफ्फसिल, छतौनी, ऐसी एसटी, तुरकौलिया, रघुनाथपुर, पिपरा कोठी थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दिया, वही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से तेजाब फेंकने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान करने में जुट गई, एएसपी ने लोगो से किया अपील अफवाह पर न दे ध्यान वही एएसपी राज ने बताया की दो लोगों को घायल होने की सूचना मिली है। लेकिन वह अभी पुलिस के आमने नहीं आए है। घटना स्थल से एक डब्बा बरामद हुआ है। आप सभी से अनुरोध है की अफवाह पर ध्यान ना दे।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग अंग्रेजी विभाग मे क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग । विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर रिजवान अहमद के अध्यक्षता में क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर रिजवान अहमद रिसर्च स्कॉलर्स रुस्तम अंसारी फहीमा के नेतृत्व में अंग्रेजी साहित्य में क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस क्विज कंपटीशन का प्रारंभ श्रेया दुबे ने स्वागत भाषण के साथ किया। सागर कुमार पांडे अनुप्रिया और तनु लता ने क्विज मास्टर की भूमिका निभायी। विद्यार्थियों को ग्रुप ए ग्रुप बी एवं ग्रुप सी में बांटा गया। पहला चरण का प्रश्न सागर कुमार पांडे द्वारा पूछा गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ जवाब दिया। दूसरे चरण में तनु लता ने क्विज मास्टर का भूमिका निभाया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर जवाब दिया। तीसरे चरण में अनुप्रिया ने क्विज मास्टर का भूमिका निभाते हुए प्रश्न पूछे जिसमें विद्यार्थियों ने अति उत्साह के साथ सभी प्रश्नों का जवाब दिया। क्विज कंपटीशन में 113 अंकों के साथ ग्रुप सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ग्रुप ए ने 105 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान में ग्रुप बी ने 85 अंकों के साथ अपना स्थान बनाया। प्रश्नों का सबसे अधिक उत्तर देने में अनन्या मिश्रा, साक्षी सिन्हा, अनीशा राज, राजेश टुडू ,विकास, अंजुम बानो शिव कुमार, रुचि और सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रश्नों का उत्तर दिया । इस मौके पर संबोधन करते हुए डॉक्टर रिजवान अहमद ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है एवं यह यह उनके भविष्य के लिए लाभदायक है।

2200 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित कर पासवा ने कीर्तिमान स्थापित किया

दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग। प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन टाऊन हॉल हजारीबाग में किया गया । प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उद्घघाटन कर्ता पासवा झारखण्ड के चेयरमैन आलोक कुमार दूबे,आयोजक प्रदेश पासवा उपाध्यक्ष बिपीन कुमार,पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार, हजारीबाग जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल,मींकू प्रसाद,मेघाली सेन गुप्ता,उमेश मेहता सहित पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्घघाटन झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवम दीप प्रज्वलित कर किया।इसके पूर्व विभिन्न स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा सरकार माने या ना माने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो निजी विद्यालय ही देते हैं। प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया को दरख्वास्त देंगे कि सरकारी विधालय के शिक्षकों का सम्मान हो अच्छी बात है, लेकिन निजी विधालय के शिक्षकों को क्यों छोड़ दिया जाता है।समाज को रौशनी दिखाने में निजी विद्यालय के शिक्षकों की भूमिका सबसे अधिक है फिर उन्हें सम्मानित होने से सरकार क्यों वंचित रखती है, उन्हें भी केन्द्र व राज्य सरकार सम्मानित करे।शिक्षकों के योगदान पर चर्चा करते हुए डॉ उरांव ने कहा पूरे विश्व के समाज के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है।माता पिता अपने बच्चों को शिक्षकों के पास छोड़ जाते हैं, नहीं पढ़े लिखे माता पिता के बच्चों को शिक्षक ही संवारते हैं, उन्हें शिक्षित करते हैं,आईएएस और आईपीएस बनाते हैं।मैं स्वयं इसका उदाहरण है।अर्थशास्त्र जैसे कठिन विषय में शिक्षा ग्रहण करना सिर्फ शिक्षक की वजह से ही मैं पूरा कर पाया और एक साधारण से परिवार में जन्म लेकर इन्हीं निजी विद्यालय के शिक्षकों की वजह से आईपीएस की नौकरी प्राप्त कर सेवा करने का मौका मिला।

संत कोलंबा महाविद्यालयमे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हजारीबाग । गौरवशाली संत कोलंबा महाविद्यालय के ऐतिहासिक अनमोल डेम्टा सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई १ के वालंटियर अभिषेक रंजन के अभिनंदन हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोबा भावे विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक डॉ जॉनी रुपिन टर्की उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर विमल रेवन ने की ।कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पण एवं द्वीप प्रजनन के साथ किया गया। लक्ष्य जीत के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। सर्वप्रथम स्वागत अभिभाषण एवं विषय प्रवेश कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश रविदास के द्वारा किया गया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की संतकोलंबा महाविद्यालय के गौरव में एक और सुनहरा पन्ना स्वयंसेवक अभिषेक रंजन को राष्ट्रपति अवार्ड मिलने से अंकित हो गया है। प्राचार्य उप आचार्य एवं शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा महाविद्यालय परिवार के और से अभिषेक रंजन और कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर जॉनी रूफीना तिर्की को पौधा, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अभिषेक रंजन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक निस्वार्थ समाज सेवा ,स्वच्छता अभियान ,पौधारोपण, रक्तदान , मद्यपान निषेध, एड्स एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का प्रति जागरूकता, निर्वाचन में सहभागिता इत्यादि विषयों पर नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य हमेशा भाग होकर अच्छे नागरिक का कर्तव्य निर्मावाहण किए जाने का आवाहन किया। उन्होंने राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित होने के अविस्मरणीय लम्हा सुखद पल को के अनुभव को अपने महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के बीच साझा किया ।

हज़ारीबाग में हुआ भाजपा जिला सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन

हज़ारीबाग। हज़ारीबाग स्थित पैराइज रिसोर्ट में 30 सितम्बर को शंखनाद अभियान के तहत भाजपा की जिला स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा, हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने की। इसमें भाजपा, झारखण्ड सोशल मीडिया संयोजक राहुल अवस्थी प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन आईटी सेल जिला प्रभारी मनीष पांडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया प्रभारी शिवू महतो ने दिया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल हुए। इस दौरान जनता से सीधा जुड़ने और विकास कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से उन तक पहुँचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। सोशल मीडिया की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इस विषय पर भी युवा कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा और भाजपा, हज़ारीबाग का व्हाट्सप्प चैनल लांच किया गया। जनता से सीधा संवाद करने, जुड़ने और उन तक विकास कार्यों को पहुंचाने का यह अब एक और सीधा माध्यम बन गया है। लोग अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर सीधा इन चैनलों से जुड़ सकते हैं। जयंत सिन्हा शंखनाद अभियान के तहत पूर्व में रांची व रामगढ़ में आयोजित की गयीं बैठकों में शामिल हुए थे। वे सदैव सोशल मीडिया को बढ़ावा देते रहते हैं।

सदर प्रखंड उप मुखिया संघ के संरक्षक सुधा कुमारी एवम अध्यक्ष मनोज कुमार बनाए गए

दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग। सदर प्रखंड स्थित रोला पंचायत सचिवालय में सदर प्रखंड के सभी उप मुखिया संघ की बैठक हुई ,जिसमें सर्वसम्मति से सदर प्रखंड के उप मुखिया संघ के संरक्षक सुधा कुमारी को बनाया गया जो बैहरी पंचायत की उप मुखिया है , एवं अध्यक्ष मनोज कुमार को बनाया गया जो मेरु पंचायत के उप मुखिया हैं ,उपाध्यक्ष बबीता कुमारी जो नगवा पंचायत के उप मुखिया हैं, सचिव बलराम कुमार को बनाया गया जो हरहद पंचायत के उप मुखिया हैं, उपसचिव देवानंद कुमार जो करवेकला के उप मुखिया हैं को बनाया गया, कोषाध्यक्ष अमनारी पंचायत के उप मुखिया को बनाया गया, उपकोषाध्यक्ष प्रेम कुमारी को बनाया गया जो भेलवारा पंचायत के उप मुखिया है एवं प्रेम कुमार को जो बड़ासी पंचायत के उप मुखिया है उन्हे मीडिया प्रभारी बनाया गया।

एलएलबी एवं बीए एलएलबी का नामांकन टेस्ट सम्पन्न

दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग। विभावि में एलएलबी एवं बीए एलएलबी का नामांकन टेस्ट सफलता पूर्वक सम्पन्न विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर स्थित यूनिर्वसिटी लॉ कालेज एवं कोडरमा स्थित झारखण्ड विधि महाविद्यालय में एलएलबी एवं बीए एलएलबी पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए शनिवार को विभावि परिसर में दो परीक्षा केन्द्रों पर नामांकन टेस्ट शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ । एलएलबी में नामांकन के लिए 635 अभ्यर्थियों के लिए मल्टीपर्पस परीक्षा भवन में परीक्षा केन्द्र बनाया गया था जिसके लिए मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ० अविनाश कुमार को केन्द्राधीक्षक तथा विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ आरके द्विवेदी को आब्जर्बर नियुक्त किया गया था। बीए एलएलबी में नामांकन के लिए 374 अभ्यर्थियों के लिए यूसेट में परीक्षा केन्द्र बनाया गया था जिसके लिए यूसेट के निदेशक डॉ0 आशीष कुमार साहा को केन्द्राधीक्षक तथा वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ० मोख्तार आलम को आब्जर्बर नियुक्त किया गया था । विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० कौशलेन्द्र कुमार, सहायक कुलसचिव डॉ० कुमार विकास, खेल निदेशक डॉ० राखो हरि, सीसीडीसी डॉ० के० के० गुप्ता तथा नामांकन प्रभारी डॉ० इन्द्रजीत कुमार ने कई बार दोनों परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

फ्रेशर और फेयरवेल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग। मार्खम कॉलेज के विवेकानंद सभागार में बीएमएलटी विभाग के तत्वाधान में शनिवार को प्रथम सेमेस्टर(सत्र 2023-26) के लिए फ्रेशर एवं सेमेस्टर छः (सत्र 2020-23) के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में मेहनत करके समाज में अच्छे नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में हमेशा अनुशासन बनाए रखने की बात कही। कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में ध्यान से बोलने और ध्यान से सुनने की आदत सफल बनाती है। आयोजित कार्यक्रम में बीएमएलटी विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

आयोजन सितंबर माह को आईसीडीएस द्वारा पोषण माह के रूप में मनाया गया है

पोषण माह के अंतिम दिन किशनगंज जिला के इनडोर स्टेडियम में पोषण मेला का हुआ आयोजन

अली रेजा सिद्दिकी , किशनगंज । जिले की समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) द्वारा सुपोषित भारत – साक्षर भारत –सशक्त भारत की थीम पर पूरे सितंबर माह में अलग-अलग गतिविधियों के जरिए पोषण माह मनाते हुए पोषण पर जागरूकता बढ़ाई गयी है । इस बार के पोषण माह में एनीमिया प्रबंधन पर जोर के साथ ही 6 माह तक शिशु के लिए सिर्फ़ स्तनपान एवं इसके बाद अनुपूरक आहार की जरूरत पर भी ध्यान दिया गया है । इस दौरान लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने एवं पोषण से संबंधित जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले के इनडोर स्टेडियम में पोषण मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला को संबोधित करते हुए आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्र ने बताया कि पूरे सितंबर माह को आईसीडीएस द्वारा पोषण माह के रूप में मनाया गया है। इस दौरान जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को गर्भवती महिलाओं, बच्चों को समय पर जरूरी पोषण के उपयोग करने की आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गयी । इसके लिए आमलोगों के बीच रैली, प्रभात फेरी व साइकिल रैली का आयोजन किया गया और आमलोगों के साथ पोषण शपथ कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया ।पोषण मेला का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में एडीएम, डीपीओ आईसीडीएस, एनसीडीओ,सभी सीडीपीओ , महिला पर्यवेक्षिका सहित आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के अलावा आमजन उपस्थित हुए।

पूरे सितंबर माह में "पोषण भी और पढ़ाई भी" पर रहा जोर। --राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्र के दिशा - निर्देश के आलोक में 11 से लेकर 16 सितंबर तक पोषण भी, पढ़ाई भी विषय के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गये । साथ ही 18 से 23 सितंबर तक राज्य के सभी जिले, प्रखंड, आंगनबाड़ी केंद्र और समुदाय के बीच मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार हेतु जागरूकता एवं गृह भ्रमण के तहत 6 माह से ऊपर के बच्चों को ऊपरी आहार में घर में आसानी से बनने वाले आहार में खाद्य विविधता को शामिल करने हेतु परामर्श दिया गया है । वहीं 20 से 30 सितंबर के बीच विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गये जिसमें मेरी माटी, मेरा देश अभियान, एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार,परामर्श और चर्चा का आयोजन किया गया है।

जाति आधार पर विनोद श्रीवास्तव को मोतिहारी से भगाने की साजिश

अशोक वर्मा, मोतिहारी । इसमें कोई शक नहीं कि राजद के वरिष्ठ एवं लालू यादव के काफी करीबी नेता विनोद श्रीवास्तव को मोतिहारी के बड़े मंच पर अपमानित होना पडा ।वह मंच किसी दूसरे संगठन या दल का नहीं बल्कि राजद का था जहां विधायक एवं जिला राजद अध्यक्ष बैठे थे।वह अति पिछड़ा मंच का कार्यक्रम था । विनोद श्रीवास्तव अपने दल बल के साथ उस सभा भवन में प्रवेश किये मंच पर उनके लिए कुर्सी नहीं थी इस अपमान को देख उनके समर्थक कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और उन्हें प्रतिष्ठा के साथ मंच के पीछे बैठाया। बात इतना पर हीं समाप्त नहीं हुआ मंच के नीचे से कुछ लोगों ने विनोद श्रीवास्तव के पक्ष में नारेबाजी कर दी यही जिला अध्यक्ष को नागवार लगा और वे सीधे मंच से कूद कर विनोद श्रीवास्तव समर्थको पर टूट पड़े। ऐसा लगा कि आतंकवादियों को लेकर विनोद श्रीवास्तव आए थे ।हॉल मे अफरा तफरी की स्थिति हो गई। विनोद श्रीवास्तव समर्थक दो कार्यकरता इस घटना मे घायल हुय।विनोद श्रीवास्तव अपने समर्थकों को पीटाते देख हतप्रभ रह गए। एक तरह से अति पिछड़ा वर्ग का वह कार्यक्रम कुछ देर तक रुक गया।पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव और अन्य नेताओं ने बीचबचाव कर मामले को शांत किया फिर कार्यक्रम सुचारू रूप से दो घंटे तक चला। अपने ही दल के विधायक द्वारा अपमानित किए जाने की घटना के बाद विनोद श्रीवास्तव फफक फफक कर रो दिये।इस घटना ने चंपारण में राजद पर कलंक लगा दिया।कारण कि इससे अगडा पिछडा की लड़ाई स्पष्ट उजागर हुई । खूद को लालू परिवार के अधिक करीबी समझने वाले विनोद श्रीवास्तव की आंखे खुल जानी चाहिए । इस घटना की निंदा लालू दरबार से नही की गई।ऐसा सभी को अनुमान है कि इस मामले में लालू प्रसाद कहीं से भी विनोद श्रीवास्तव के पक्ष में और जिलाध्यक्ष के खिलाफ कोई भी बयान देंगे।सभी जानते हैं कि राजद में श्रीवास्तव जाति का कोई अहमियत नहीं है ।इस जाति के पास वोट बैंक भी नहीं है और इस जाति के वोट को भाजपा का पॉकेट वोट माना जाता है ।कई बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने इस घटना की निंदा की और कहा कि विनोद श्रीवास्तव एक अच्छे इंसान है लेकिन पार्टी गलत पकड़ लिए हैं। कई लोगों ने यह भी कहा कि विनोद श्रीवास्तव लोकसभा और विधानसभा का भी चुनाव लड़े और हारे।उनहोने लालू परिवार की सेवा मे जीवन कुर्बान कर दिया, राजद अगर चाहती तो इन्हें विधान परिषद या राज्यसभा में भी भेज सकती थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया।गैर राजद के कई नेताओं ने कहा कि इस पार्टी में उनकी अहमियत कभी नहीं होगी क्योंकि वोट की राजनीति है, जिस जाति का अधिक वोट होगा उसकी ही पूछ होती है। इसलिए विनोद श्रीवास्तव अभी भी भ्रम में है उन्हें इस पार्टी को छोड़कर किसी अन्य दल में चला जाना चाहिए । कार्यक्रम समाप्त होने पर विनोद श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की टाउन हॉल से काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उत्साह के साथ सभा भवन में गए लेकिन वहां हमारे समर्थक कार्यकर्ताओं को बुरी तरह पीटा गया।

ख़ास ख़बर

बाल श्रम के विरुद्ध चलाया जा रहा सघन चेकिंग अभियान

शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर। पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती के कुशल मार्गदर्शन में चन्दौली पुलिस के एएचटीयू टीम प्रभारी निरीक्षक इन्द्रभूषण यादव,मुख्य आरक्षी रतन कुमार सरोज,मुख्य आरक्षी शिव कुमार पाल, आरक्षी राम जी धुसिया व श्रम प्रवर्तन कार्यालय से शिवकुमार मौर्य,किशन वर्मा बाल संरक्षण अधिकारी व देशराज सिंह एवं चंदा गुप्ता बचपन बचाओ आंदोलन,महिला आरक्षी नीलम सिंह एवं निशा थाना मुगलसराय द्वारा थाना क्षेत्र मुगलसराय में बाल श्रम के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 07 बच्चों को बालश्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया तथा नियोजकों को बाल श्रम न कराने हेतु हिदायत दी गई।रेस्क्यू किये गये बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

सनातनी बाबा मुकेश ने जिला मुख्यालय पर स्थित वृद्धा आश्रम में फल व मिष्ठान किया वितरित

शुभ भास्कर चंदौली। जनपद के जिला मुख्यालय पर स्थित वृद्धा आश्रम में सनातनी बाबा मुकेश ने शनिवार को फल व मिष्ठान वितरित किया बताते चले की सनातनी बाबा मुकेश ने अपने दर्जनों भक्तों के साथ वृद्धा आश्रम पहुंचे जिसमें रह रहे बुजुर्ग महिला व पुरुष से उनके स्वास्थ संबंधित जानकारी ली, इस मौके पर सैकड़ो बुजुर्ग पुरुष व महिलाओं को फल व मिष्ठान वितरित किया,वहीं बाबा ने बताया की मैं अब हमेशा आप लोगों के बीच आता रहूंगा, जिससे मुझे आप लोगों की सेवा करने का मौका मिलता रहे, इस दौरान बाबा सनातनी मुकेश के साथ दर्जनों भक्त मौजूद रहे।

विधायक रमेश जायसवाल ने सिकरी में 53 लाख 70 हजार रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क व दो पुलियां के निर्माण का किया शिलान्यास

शुभ भास्कर बबुरी, चंदौली। बबुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिकरी में मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने सिकरी में 53 लाख 70 हजार रुपए, की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क व दो पुलियां के निर्माण का किया शिलान्यास। विधायक ने वहां की स्थानीय जनता(महिलाएं+पुरुष) के हाथों से फीता कटवाकर कराया। वहां के स्थानीय लोगों ने कहा कि विधायक जो कहते हैं, वह करतें हैं। वहीं इंटरलॉकिंग सड़क और दो पुलिया योजना मिलने से लोगों में काफी खुशी देखने को मिली। वही विधायक रमेश जायसवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की गति रुकने नहीं दूंगा, चाहे सड़क हो, नाली का मामला हो, चाहे गरीबों के आवास का मामला हो धन आने नहीं दूंगा, इसके लिए मुझे जो भी करना पड़े किसी के दरवाजे पर जाना होगा मैं विकास के लिए जाऊंगा। इस मौके पर दिलीप सोनकर, सीकरी ग्राम प्रधान पति बब्बू सिंह, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

सांसद व कैबिनेट मंत्री महेंद्र नाथ पांण्डेय ने 72 b पर फुट ओवर ब्रिज जल्द काम चालू कराने दिया आश्वासन

चंदौली, सैयदराजा। नगर पंचायत के उद्योग व्यापार मण्डल के युवा अध्यक्ष शिवा साव सैयदराजा उद्योग व्यापार के कोषाध्यक्ष अमित वर्मा ने दिल्ली स्थित भारी उद्योग मंत्री और चन्दौली जिले के सांसद महेंद्र नाथ पाण्डेय से मुलाकात कर रेलवे गेट के समीप काम बंद पड़े उसको जल्द शुरू कराने के लिए पत्रक सौंपा अध्यक्ष शिवा साव ने बताया कि सैयदराजा रेलवे गेट के समीप दीवाल खड़ा कर और बिना फुट ओवर ब्रिज बनाए दीवाल को खड़ा कर दिया गया जिससे आए दिन किसी न किसी का घटना होता रहता है और 1 महीने काम किए और 4 महीने बंद कर देते है रुक रुक कर काम चल रहा है लगभग 15 महीनो से काम चल रहा है अभी तक पूरा नहीं हुआ अक्टूबर से नवरात्रि का भी त्योहार है और नवरात्रि में मेला भी लगता है और दीपावली छठ पूजा में 20 से 25 हजार की भीड़ भी रहता है और सांसद जी ने कहा कि ये कार्य जल्द पूरा करवा दूंगा जिसमे वार्ड नंबर 8 सुभाष नगर के सभासद शिवा साव उद्योग व्यापार मण्डल के कोषाध्यक्ष अमित वर्मा समाजसेवी शिवम मौजुद रहे?

एक्शन मे दिखी जिले की पुलिस

पिछले 24 घंटों में 5 गैंग के 11 लीडर और सदस्यों के विरुद्ध कार्यवाही

चंदौली। जिले की पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा संगठित/पेशेवर अपराधियों, चोरों, गौ तस्करों और मादक पदार्थ तस्करों आदि के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। दरसअल, एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा जनपद में घटित हो रहे ऐसे अपराध जिनमें अपराधियों द्वारा नाजायज गैंग बनाकर अपराध किया जा रहा है उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के लिए समस्त अधिकारी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है। निर्देशों के अनुपालन में सारे अधिकारी और थाना प्रभारियों द्वारा लगातार ऐसे अपराधियों और अराजकतत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सहित गैंगस्टर एक्ट में भी कार्यवाही की जा रही है। 5 गैंग के लीडर/सदस्यों के विरुद्ध कार्यवाही इसी क्रम में चंदौली पुलिस ने शनिवार को 05 गैंग के 11 लीडर व सदस्यों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के कुल 05 अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही किया।थाना नौगढ़ द्वारा की गई कार्यवाही इस शातिर गैंग द्वारा गोवंश तथा गांजा तस्करी की जाती है। गैंग लीडर का नाम अमीरुद्दीन है जो कि ग्राम तोडी, थाना भगवानपुर, जनपद भभुआ बिहार का रहने वाला है। अभियुक्त का करीब आधा दर्जन आपराधिक इतिहास है। गैंग सदस्य अनीश उर्फ अनीश शाह, निवासी बहुअरा, थाना राबर्टसगंज, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का कुल तीन आपराधिक इतिहास है। गैंग सदस्य शाबिर, निवासी ग्राम बहुअरा, थाना राबर्टसगंज, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का दो आपराधिक इतिहास है। थाना अलीनगर द्वारा की गई कार्यवाही इस शातिर गैंग द्वारा गोवंश की तस्करी की जाती है गैंग लीडर महताब, निवासी ग्राम कोखराज, थाना कोखराज, जनपद कौशाम्बी के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का दो आपराधिक इतिहास दर्शाया गया है।गैंग सदस्य अमन उर्फ पप्पू, निवासी ग्राम साह उर्फ पीपल गांव, थाना धूमनगंज, जनपद प्रयागराज के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का दो आपराधिक इतिहास बताया गया है।इस गैंग द्वारा गांजा की तस्करी की जाती है। गैंग लीडर शनि साहनी, निवासी ग्राम पियरोपुर, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दो आपराधिक इतिहास बताया गया है। गैंग सदस्य पिन्टू साहनी, निवासी ग्राम पियरोपुर, थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का दो आपराधिक इतिहास बताया गया है।

थाना कन्दवा द्वारा की गई कार्यवाही: इस गैंग द्वारा गोंवंश की तस्करी की जाती है। गैंग लीडर वचन्धर यादव, निवासी ग्राम सुढना थाना कन्दवा, जनपद चन्दौली के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का दो आपराधिक इतिहास बताया गया है। गैंग सदस्य अजय राम, निवासी ग्राम सुढना, थाना कन्दवा, जनपद चन्दौली के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का दो आपराधिक इतिहास बताया गया है। इस गैंग द्वारा गोवंश की तस्करी की जाती है। गैंग लीडर अफसर उर्फ अफसार खाँ, निवासी ग्राम डुमरी, थाना दुर्गावती जनपद भभुआ, बिहार के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का कुल चार आपराधिक इतिहास बताया गया है। गैंग का सदस्य अपरबल यादव, निवासी ग्राम खरहनिया, थाना धानापुर, जनपद चन्दौली के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अभियुक्त का तीन आपराधिक इतिहास बताया गया है।

सप्लाई इंस्पेक्टर ने माल गोदाम का किया निरीक्षण

चहनियां चंदौली। क्षेत्र के सेवड़ी हुदहुदीपुर में गांव समाज मे बन रहे राशन की दुकान का निरीक्षण सप्लाई इंस्पेक्टर ,मुख्यालय सप्लाई इंस्पेक्टर ने किया । वहां वाहन आने जाने की सुविधा मार्ग का भी निरीक्षण किया । गांव में पहुँचे दोनो अधिकारीयो को प्रधान ने अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया सरकार द्वारा हर गांवो में ग्राम समाज की भूमि पर सरकारी राशन की दुकान गोदाम बनवाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है । इस कार्य को सर्वप्रथम हुदहुदीपुर में प्रधान द्वारा शुरू किया गया । 8 सितम्बर को जमीन की मापी कराया गया । उपजिलाधिकारी सकलडीहा के निर्देशन में सप्लाई इंस्पेक्टर अमित द्विवेदी व मुख्यालय सप्लाई इंस्पेक्टर विक्रांत श्रीवास्तव गांव में पहुचकर बन रहे माल गोदाम का निरीक्षण किया । वही राशन ला रहे वाहन आसानी से माल गोदाम तक पहुच जाये उस मार्ग का भी निरीक्षण किया । प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने बताया की गांव में दो जगह सेवढ़ी व हुदहुदीपुर मौजा में राशन गोदाम बनेगा । उपजिलाधिकारी मनोज पाठक के अतुलनीय सहयोग व खण्ड विकास अधिकारी के निर्देशन में गांव यह कार्य हो रहा है इस दौरान बी एड बी इंटरनेशनल स्कूल के चैयरमैन दीपक सिंह"गुड्डू",अंजनी पाण्डेय,गुप्तेश्वर पाण्डेय,सर्वेश पाण्डेय,प्रताप नारायण मिश्र,जसवंत सिंह,लाल बिहारी श्रीवास्तव,गोबिंद मिश्रा,रामराज प्रसाद,रामकृत राय,पूर्व प्रधान सराहूं राम आदि उपस्थित थे ।

पंचायत भवन पर नशेड़ियों का आतंक, कई सामान उठा ले गये

चहनियां चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के खण्डवारी गांव में पंचायत भवन पर नशेड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है । आये दिन यहां कुछ न कुछ नुकसान करके सामान गायब कर दे रहे है । ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत भवन मॉडल पंचायत भवन बनाने में अड़चन आ रही है । चहनियां कस्बा मुख्यालय पर खण्डवारी गांव में प्रधान सावित्री गुप्ता द्वारा पुराने पंचायत भवन को मॉडल पंचायत भवन बनाने का कार्य चल रहा है । किंतु नशेड़ियों के आतंक से कार्य प्रभावित हो रहा है । आये दिन यहां नशेड़ी कुछ न कुछ सामान गायब कर देते है । मुख्य गेट में ताला बंद होने के बाद भी दीवार फांदकर अंदर घुस जाते है । विगत एक सप्ताह के अंदर अब तक एनसीबी बॉक्स,केबिल,दस एलईडी बल्ब,स्ट्रीट लाइट,बैट्री आदि सामान उठा ले गये । प्रधानपति सतीश गुप्ता ने बताया कि यहां कुछ नशेड़ी बाहर बैठकर शराब पीते है । शीशी अंदर पंचायत भवन के बाउंड्री के अंदर फेंक देते है । आये दिन अंदर घुसकर लगा सामान गायब कर देते है ।

आँगनवाड़ी को फ्री स्कूल शिक्षण पद्दित के तहत 2 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

चकिया। शिकारगंज क्षेत्र के रोजा संस्थान के तत्वाधान मे (आई, एल पी)बंगलुरु के सहयोग से फ्री स्कुल शिक्षण पद्दित पर दो दिवसीय प्रशिक्षण मे 40 गांव की 24 आँगन बाड़ी को 3से 6साल तक के बच्चों का शाला पूर्व शिक्षा से मानसिक शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास अच्छे से हो और बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो इस उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया जिसमे बच्चों को खेलने से लेकर उनका सर्वागीण विकास हो इसके लिए आँगन बाड़ी को मॉडल आँगनबाड़ी बनाये और घरेलु टिचिंग लर्निंग मटेरियल से बच्चों को खेल के माध्यम से बच्चों को सीखने की ओर आकर्षित करने का प्रयास करें इस कामना से प्रशिक्षित किया गया रोजा संस्थान की काउंसलर संध्या ने बताया की आंगनबाड़ी केंद्र मे बच्चों की उपस्थित और ठहराव बना रहे इसके लिए बच्चों को रुचिकर गतिविधियों से सिखाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी उम्र मे बच्चों का मानसिक विकास तेजी से होता है इसके लिए प्ले कार्नर, मुक्त खेल गतिविधियां, कहानी, वाल कविता गतिविधि, मौसम गतिविधि, कलेण्डर गतिविधि, उपस्थित गतिविधि, पहचान, आवाज पहचना, शब्द, पहचान, भाषा गतिविधि, शाला पूर्व गणित गतिविधि का टी .एल एम .के माध्यम से बच्चों को लर्निंग देने से जल्दी सीखेंगे रोजा संस्थान के लर्निंग फैसिलेटर ओम प्रकाश, मैनुद्दीन, सलाहुद्दीन ने इन गतिविधियों को कर के बताया जिससे बच्चों को सिखने की रूचि बढ़ सके।

सफल आयोजन हेतु बैठक संपन्न

शुभ भास्कर, चंदौली। अपर जिला न्यायाधीश/प्रभारी सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि दिनांक 30.09.2023 को जिला न्यायालय परिसर में स्थित तहसील सभागार में जनपद के समस्त पैरा विधिक स्वयं सेवकों की मासिक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान सभी पैरा विधिक स्वयं सेवकों को माननीय उच्च न्यायालय,मा. नालसा,मा.सालसा एवं शासन द्वारा निर्देशित स्वच्छता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।अपर जिला न्यायाधीश ने बताया कि जनपद में 02 अक्टूबर(गांधी जयंती)से 08 अक्टूबर तक जिला सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और साथ ही साफ सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य भी संपादित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि समस्त विद्यालयों में स्वच्छता से संबंधित प्रभात फेरी एवं स्वच्छता विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है।उन्होंने बताया कि जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित निर्णायक मंडल द्वारा इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट निबंध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।उक्त सूचना ज्ञान प्रकाश शुक्ल,एडीजे/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली द्वारा दी गई।

हिंदी भाषा ही नहीं बल्कि हर हिंदुस्तानी के आत्म की आवाज है - मनोज कुमार शर्मा

चंदौली। हिंदी भाषा के रूप में नही इसकी पहचान है बल्कि यह मातृ भाषा हर हिन्दुस्तानियों की आत्मा की आवाज है। यह उक्त विचार राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के उप महानिरीक्षक वाराणसी मनोज कुमार शर्मा ने व्यक्त किया। आगे कहा की हिंदी भारत की पहचान है और यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक- संप्रेषक और परिचायक भी है। हमें न केवल आधिकारिक कामकाज में बल्कि हमारी नियमित बोलचाल में भी हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए अपने स्तर पर सभी को सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए। आगे श्री शर्मा ने बताया कि हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी द्वारा सार्थक प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में वाहिनी में बीते 14 सितम्बर से 29 सितम्बर के बीच "हिंदी पखवाड़े" का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में जवानों द्वारा हिंदी निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, श्रुति लेखन एवं हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम शामिल किए गए थे। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय वाराणसी और इसके सभी क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्रों लखनऊ, गोरखपुर और भोपाल में हिंदी भाषा में कार्य करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वही आयोजन के समापन में एनडीआरएफ महानिदेशक द्वारा जारी अपील को पढ़ कर सभी को सुनाया गया।

स्कॉर्पियो वाहन में लाद कर तस्करी हेतु ले जा रही शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर। जनपद में शराब तस्करों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व तस्करी में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवम् जुर्म जरायम के रोकथाम हेतु डा0 अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली द्वारा निर्देशित किया गया था,जिसके अनुपालन में चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन एवम् क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अलीनगर शेषधर पाण्डेय के नेतृत्व में अलीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना मिली कि एक स्कार्पियो वाहन जिसमें शराब लदी है कुछ लोग वाराणसी से चन्दौली होते हुए बिहार तस्करी कर ले जा रहे हैं।उक्त सूचना के आधार पर चन्द्रखां ओवर ब्रीज के पास से चन्दौली जाने वाले लेन पर ही पुलिस टीम द्वारा जाम लगाकर सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही थी जिस दौरान एक स्कार्पियो बीआर 44 ए 6694 को चेक किया गया तो पिछे अवैध शराब लदी बरामद हुई।वाहन में 2 अभियुक्त गण जो चालक व परिचालक के सीट पर बैठे थे जिनको मौके से पकड़ लिया गया।मौके पर ही जांच पड़ताल पर पाया गया कि इन लोगों के द्वारा बिहार प्रांत में लागू शराब बंदी का भरपूर फायदा उठाते हुये वाराणसी , मिर्जापुर,भदोही व चन्दौली जनपद की शराब की दुकानों से शराब खरीदकर तस्करी कर बिहार प्रांत में ले जाकर उंचे दामो पर बेचते है।यह अपराध इनके द्वारा संगठित होकर एक गिरोह के रुप में किया जाता है।गिरफ्तार अभियुक्त गण में दिनेश पासवान पुत्र विशम्भर पासवान निवासी घरबैर थाना दरियांव जिला रोहतास (बिहार)वह बजरंगी मुशहर पुत्र विश्वनाथ मुशहर नि0 घरबैर थाना दरियांव जिला रोहतास बताए जाते है,जिनके कब्जे से एक स्कार्पियो वाहन,11 पेटी ट्रेटा पैक,09 पेटी रायल स्टेज बरामद हुई। (बरामद अवैध शराब की अनुमानित कीमत लगभग 2,80,000/-बताई जाती है। पकड़े गए तस्करों पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

शिविर "स्वेच्छा से किया गया सेवाकार्य ही वास्तव मे मानवता धर्म" - अभय कुमार पांडेय

पीडीडीयू नगर में नागरिक सुरक्षा कोर ने लगाया रक्तदान शिविर

डीडीयू नगर। स्थानीय इस्टर्न बाजार स्थित जिला महिला चिकित्सालय पीपी सेंटर के प्रांगण में शनिवार को चल रहे स्वैच्छिक सेवा पखवाड़ा आयुष्मान भवः के तहत नागरिक सुरक्षा कोर की ओर से उप नियंत्रक वाराणसी नीरज मिश्रा के निर्देश पर सहायक उप नियंत्रक व. योगेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण व चीफ वार्डेन राजीव गुप्ता के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अभय कुमार पांडेय द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी युगल किशोर राय व प्रभारी चिकित्साधिकारी पीपी सेंटर शिव कुमार चतुर्वेदी ने मौके पर उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मौके पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान ईश्वरीय सेवा है किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा कोई सेवा कार्य नहीं है । स्वेच्छा से किया गया सेवा कार्य ही वास्तव मे मानवता का धर्म है । उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार ने अपना संबोधन मे स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है । स्वेच्छा सेवा हमारा धर्म ही नहीं कर्तव्य भी है। समाज के सही लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमे मानवता के मार्ग पर चलना होगा जिसकी कड़ी ऐसे ही कार्यो से प्रशस्त होती है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपने वक्तव्य मे रक्त दान से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए कहा कि नये रक्त के बनने पर व्यक्ति उर्जावान रहता है और रक्तवहिकाएं स्वस्थ रहती हैं जो जीवन मे नई उर्जा का संचार करती हैं । इस दौरान 37 दाता रजिस्टर्ड किए गए जबकि मौके पर सहा. उपनियंत्रक व.वे. योगेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर व कार्यालय अधी. राजीव कुमार सहित 18 लोगों ने अपना रक्तदान किया। मौके पर कार्यालय अधीक्षक राजीव कुमार, विजय दूबे, डिप्टी डिविजनल वार्डेन डा.ए के सिंह, स्टाफ आफीसर अग्नि शमन कमलेश तिवारी, पोस्ट वार्डेन लल्लन प्रसाद,रंजीत भट्टाचार्य, डा. सरफराज, धर्मप्रकाश जायसवाल , प्रमोद कुमार, लोमेश परमार, तेज प्रकाश मलिक सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

मनोनीत होने के बाद मुगलसराय पहुंचने पर शास्त्री पार्क पर कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया

शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर। काँग्रेस के वरिष्ठ नेताद्वय डॉ जी. के. पांडेय को उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव व डॉक्टर अनिल यादव को ओबीसी कांग्रेस का प्रदेश महासचिव मनोनीत होने के उपरांत मुगलसराय पहुंचने पर शास्त्री पार्क पर कांग्रेस जनों ने जोरदार नारों के साथ माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी गण ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की कार्यक्रम में ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश सचिव उषा यादव,सभासद मोहम्मद आफताब दानिश परवेज व अनवर सादात ने अंग वस्त्रम से सम्मानित किया, तत्पश्चात स्वागत कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि डाक्टर जी के पांडेय और अनिल यादव कांग्रेस के निष्ठावान समर्पित सिपाही हैं, उनके निष्ठा व लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ाव को देखते हुए उनको प्रदेश कमेटी में नई जिम्मेदारी दी गई है, नव नियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन से पार्टी संगठन को जबरदस्त मजबूती मिलेगी,वहीँ शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है हमें उम्मीद है,अपने दायित्वों, जिम्मेदारियों का निर्वहन व कांग्रेस की मजबूती के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा पार्टी को नये आयाम मिलेगा जो 2024 के लोकसभा चुनाव में मजबूती प्रदान करेगा, कार्यक्रम में धर्मेंद्र तिवारी, रामजी गुप्ता, आनंद शुक्ला, मधु राय, नारायण मूर्ति ओझा,शमीम मिल्की, शाहिद तौसीफ, राहुल सिंह भवानी, डॉ लक्ष्मी शंकर यादव आद्यानंद तिवारी सुन सुन, अरुण द्विवेदी, नवीन पांडेय, दशरथ चौहान, मुजाहिद अख्तर,नेहाल अख्तर, मोहम्मद आफताब, उषा यादव, तारीक अब्बास, मोहम्मद आसिफ, प्रदीप पांडेय साजु, श्रीकांत पाठक,बृजेश गुप्ता, सुभाष पाल, उदय चौहान, विजय गुप्ता अनवर सादात, दानिश परवेज, मोहम्मद नईम प्रमोद मौर्य अमरदेव राम,ट्रीजा एलिएट, मृत्युंजय शर्मा मोहम्मद शाहिद, डॉक्टर गुलाब यादव, अजीत गिरी, बाबूलाल,रमेश पांडेय, रविन्द्र बिंद,अरशान अजीज आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।